18 दिसंबर, 2025
पौष, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

www.epaper.azadsipahi.in


कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 11, अंक 60


धान खरीद ने पकड़ी रफ्तार, दो दिन में 55,766 की हुई खरीद








## प्रधानमंत्री ने इथियोपिया संसद को किया संबोधित

# यह भी शेरों की धरती है: मोदी

- प्रधानमंत्री को दिया गया इथियोपिया का सर्वोच्च सम्मान

एजेंसी

**अदीस अबाबा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को इथियोपिया की संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। यह दुनिया की 18वीं संसद है, जहां प्रधानमंत्री मोदी ने भाषण दिया। मोदी ने कहा कि मुझे इथियोपिया आकर बहुत अच्छा लग रहा है। यह शेरों की धरती है। यहां मुझे अपने घर जैसा महसूस हो रहा है, क्योंकि मेरा गृहराज्य गुजरात भी शेरों की धरती है। प्रधानमंत्री ने 1.4 अरब भारतीयों की ओर से इथियोपिया को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इथियोपिया की संसद, वहां के लोगों और उनकी लोकतांत्रिक यात्रा के लिए सम्मान जताया। इथियोपिया की संसद के संयुक्त सत्र में संबोधन खत्म करते ही सांसदों ने मोदी के लिए खड़े होकर तालियां बजायी। इससे पहले इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद अली ने नरेंद्र मोदी को देश का सर्वोच्च सम्मान दिया था। वे 'द ग्रेट ऑनर निशां ऑफ इथियोपिया' पाने वाले पहले ग्लोबल लीडर बने। इस मौके पर मोदी ने कहा कि ये सम्मान मेरे लिए गौरव की बात है। बताते चलें कि मोदी मंगलवार को इथियोपिया पहुंचे थे। यह उनका पहला दौरा है। अबी अहमद अली ने नेशलन पैलेस में उनका औपचारिक स्वागत किया। इस दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय बैठक भी की।



### इथियोपिया-भारत के 2000 साल पुराने संबंध

भारत और इथियोपिया जलवायु और भावना दोनों में एक दूसरे के साथ विचार साझा करते हैं। लगभग 2000 साल पहले, हमारे पूर्वजों ने संबंध स्थापित किये थे। हिंद महासागर के पार व्यापारी मसालों और सोने का व्यापार करते थे, लेकिन वे केवल वस्तुओं का ही व्यापार नहीं करते थे, वे विचारों और जीवन शैली का भी आदान-प्रदान करते थे। अदीस और धोलेरा जैसे बंदरगाह न केवल व्यापार केंद्र थे, बल्कि सभ्यताओं के बीच सेतु भी थे। आधुनिक समय में, हमारा संबंध एक नए युग में प्रवेश कर रहा है। 1941 में इथियोपिया की मुक्ति के लिए भारतीय सैनिकों ने इथियोपियाई लोगों के साथ मिलकर लड़ाई लड़ी थी।

### द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत किया जायेगा

मोदी ने कहा कि भारतीय कंपनियां इथियोपिया में सबसे बड़े निवेशकों में से एक हैं। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में 5 अरब डॉलर (45 हजार करोड़ रुपये) से अधिक का निवेश किया है। 75,000 से अधिक रोजगार पैदा किये हैं। हमने भारत-इथियोपिया द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने का निर्णय लिया है।

**भारत ने कोविड में 40 लाख टीके दिये:** मोदी ने कहा कि कोविड-19 के दौरान भारत ने 150 से अधिक देशों को दवाएं और टीके भेजे। इथियोपिया को 40 लाख से अधिक टीके की खुराक की आपूर्ति करना भारत के लिए गर्व की बात थी।

**भारत डिजिटल सुविधाओं में आगे:** प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में हमने अपना पब्लिक डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर बनाया है। यह लोगों तक सरकारी सेवाओं की पहुंचने के तरीके में बदलाव लेकर आया है। आज भारत में लगभग हर आदमी पेमेंट, पहचान, सरकारी सुविधा के लिए डिजिटल तरीकों का इस्तेमाल कर रहा है। दुनिया के आधे से ज्यादा डिजिटल पेमेंट भारत में हो रहे हैं।

### भारत-इथियोपिया के बीच हुए आठ समझौते

अदीस अबाबा (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद अली की वार्ता के बाद भारत और इथियोपिया ने अपने ऐतिहासिक संबंधों को रणनीतिक साझेदारी में बदला। इस मौके पर दोनों देशों के बीच आठ अहम समझौते और करार हुए। इनमें रिश्तों को रणनीतिक साझेदारी में अपग्रेड करना, सीमा शुल्क सहयोग, इथियोपिया के विदेश मंत्रालय में डेटा सेंटर की स्थापना, संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन प्रशिक्षण, जी20 के तहत कर्ज पुनर्गठन, आइसीसीआर छात्रवृत्तियों की संख्या बढ़ाना, इथियोपियाई छात्रों के लिए एआइ शॉर्ट कोर्स और मातृ व नवजात स्वास्थ्य सेवाओं में सहयोग शामिल है।

# रामगढ़: हाथी ने चार लोगों को कुचला, मौत

## सात लोग घायल, ग्रामीणों ने छह घंटे किया सड़क जाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में गजराज का तांडव लगातार जारी है। पिछले 24 घंटे में हाथियों के झुंड ने चार लोगों को मौत के घाट उतार दिया है। हाथियों के तांडव से पूरे इलाके में सनसनी फैल गयी है। डर का ऐसा माहौल बना है कि लोग अपने घरों में भी खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं। जिले के वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र में हाथियों के सीसीएल सुरक्षा गार्ड अमित कुमार, आरा कांटा 4 नंबर निवासी पार्वती देवी, सावित्री देवी एवं एक बाइक सवार को रौंद डाला। बुधवार को गुस्साए ग्रामीणों ने वन विभाग पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए सड़क जाम कर दिया। इन हादसों की पुष्टि करते हुए डीएफओ नीतीश कुमार ने बताया कि मृतकों के अंतिम संस्कार के लिए फिलहाल 25-25 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गयी है। शीघ्र ही आपदा प्रबंधन से चार लाख रुपये का मुआवजा मृतकों के आश्रितों को दी जायेगी। इसके लिए जरूरी प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है।



### कच्चे मकानों को तोड़ा

मंगलवार की रात हाथियों का झुंड आरा कांटा कोलियरी के रिहायशी इलाके में घुस गया। इसके बाद मोहल्ले में अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। लोग घर से निकाल कर भागने लगे। इस दौरान आर कांटा चार नंबर मोहल्ले में एक बुजुर्ग महिला पार्वती देवी को हाथियों ने रौंद दिया। साथ ही सड़क के किनारे छुप कर बैठी सावित्री देवी को कुचल कर मार डाला। इसके बाद बाइक से जा रहे एक युवक को भी कुचल डाला। इस दौरान कई कच्चे मकानों को हाथियों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। इस हमले में आरती देवी, पप्पू साहू समेत कुल 7 ग्रामीण घायल हुए हैं।

**अनाज और महुआ की खुशबू से घुस रहे हाथी:** डीएफओ नीतीश कुमार ने बताया कि जंगल में फिलहाल 50 से अधिक हाथी मौजूद हैं। झुंड से अलग होकर हाथी तितर-बितर हो चुके हैं। उन लोगों को घरों से नया आनज और महुआ दारू की खुशबू मिल रही है। जिसे खाने के लिए वे रिहायशी इलाके में आ रहे हैं।

**डीएफओ ने बताया हाथी से बचाव का उपाय:** डीएफओ ने हाथी से बचने का उपाय बताया है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि वह घरों में देसी शराब स्टोर कर नहीं रखें। घरों से जब भी निकले झुंड में ही निकलें। घर में भी अंदर के कमरों में सोयें। रात के समय हमेशा अलर्ट रहें। हाथियों को रिहायशी इलाकों से दूर रहने के लिए वन विभाग की 5 टीम क्षेत्र में मौजूद हैं। इसके बावजूद सतर्कता ही एकमात्र उपाय है।

## चतरा : कारोबारी प्रेम सिंह को गैंगस्टर प्रिंस खान की धमकी

# दो करोड़ दो, नहीं तो खोल देंगे खोपड़ी

गेंगस्टर ने कहा, एसपी, डीआइजी, आइजी और डीजी भी नहीं बचा पायेंगा


आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के कद्दावर नेता, क्रशर व्यवसाई, समाजसेवी व पूर्व मुखिया प्रेमचंद उर्फ प्रेम सिंह को गैंगस्टर प्रिंस खान ने जान से मारने की धमकी दी है। व्यवसाई प्रेम सिंह को उनके व्हाट्सएप नंबर पर अज्ञात नंबर से एक मिनट दो सेकंड का एक ऑडियो क्लिप भेज कर दो करोड़ रुपये बतौर रंगदारी मांगी है। रंगदारी के तौर पर पैसे नहीं देने पर खोपड़ी खोलने और हत्या कराने की धमकी दी गयी है। प्रेम सिंह के अनुसार धमकी देने वाले शख्स नें खुद को गैंगस्टर प्रिंस खान बताया है। ऑडियो क्लिप में दुबई से धमकी देने की बात कही है। गैंगस्टर द्वारा व्हाट्सएप पर ऑडियो क्लिप भेजनें के अलावा प्रेम सिंह के व्हाट्सएप्प पर कॉल के माध्यम से भी धमकी दी गयी है। धमकी मिलने के बाद प्रेम सिंह ने हंटरगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए पुलिस से मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

हालांकि पुलिस द्वारा अब तक ठोस कदम नहीं उआॅाये जाने पर प्रेम सिंह ने मामले से चतरा एसडीपीओ संदीप सुमन, एसपी सुमित कुमार अग्रवाल, आइजी बोकारो सुनील भास्कर के अलावा डीजीपी के साथ-साथ एटीएस एसपी व अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारियों समेत संबंधित विभागों के अधिकारियों को भी अवगत कराते हुए कार्रवाई की मांग की है।

### एफआइआर दर्ज

धमकी मिलने के बाद हंटरगंज थाना में व्यवसाई प्रेम सिंह ने आवेदन देकर प्रिंस खान के विरुद्ध एफआइआर दर्ज कराया है। एफआइआर में प्रेम सिंह ने कहा है कि 11 दिसंबर को करीब दोपहर डेढ़ बजे मेरे मोबाइल न. 7004249087 पर अज्ञात व्हाट्सएप नं +971545920432 से धमकी भरा कॉल और बाद में विडियो का लिंक भेजा गया है। मुझसे दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गयी है। रंगदारी के रूप में पैसे नहीं देने पर जान से मार देने की धमकी दी गयी है। धमकी देने वाले नें अपना नाम प्रिंस खान बताया हैं और दुबई से बोलने की बात कही हैं। उन्होंने पूरे विस्तार से धमकी के बारे में जानकारी दी है।


प्रेम सिंह

### घटना के हर पहलू की चल रही जांच: थाना प्रभारी

हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने कहा है कि व्यवसायी प्रेम सिंह को मिली धमकी के मामले में पुलिस पूरी तरह गंभीर है। टेक्निकल सेल का सहारा लेकर फोन करने वाले व्यक्ति तक पहुंचने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही कुछ सार्थक परिणाम सामने आयेगा।







# राहुल गांधी ने म्यूनिख में बीएमडब्ल्यू प्लांट देखा

कहा, भारत में मैन्युफैक्चरिंग में गिरावट आ रही

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को जर्मनी में कहा कि मैन्युफैक्चरिंग मजबूत अर्थव्यवस्थाओं की रीढ़ होती है। दुर्भाग्य से भारत में मैन्युफैक्चरिंग में गिरावट आ रही है। विकास को तेज करने के लिए हमें ज्यादा से ज्यादा उत्पादन करना होगा। मैन्युफैक्चरिंग का इकोसिस्टम बनाना होगा। राहुल गांधी प्रोग्रेसिव अलायंस के आमंत्रण पर तीन दिन के दौरे पर बुधवार को जर्मनी पहुंचे। ये अलायंस दुनियाभर की 117 प्रगतिशील राजनीतिक पार्टियों का एक प्रमुख समूह है। राहुल ने पहले दिन म्यूनिख स्थित ऑटोमोबाइल कंपनी बीएमडब्ल्यू के मुख्यालय का दौरा किया। यहां उन्होंने विभिन्न कारों और मोटरसाइकिलों के बारे में जानकारी ली। राहुल ने रोल्स-रॉयस फैंटम को भी देखा। यह दुनिया की सबसे लग्जरी कारों में से एक मानी जाती है, जो 2003 से बिक रही है। बताते चलें कि राहुल 19 दिसंबर तक जर्मनी में ही रहेंगे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 18 दिसंबर, 2025
www.azadsipahi.in



## पोटकाः महिला चौकीदार हत्याकांड मामला

# थानेदार मनोज मुर्मू को सीनियर एसपी ने हटाया

**लोग उठा रहे सवाल, सिर्फ ट्रांसफर हुआ या गहनता से जांच भी होगी**

**सन्नी टोप्पो बने नये थाना प्रभारी**




आजाद सिपाही संवाददाता

**पोटका।** जमशेदपुर के सीनियर एसपी पीयूष पांडेय ने सब-इंस्पेक्टर मनोज कुमार मुर्मू के स्थान पर सन्नी टोप्पो को पोटका का नया थानेदार बनाया है। संभवतः यह कार्रवाई मंगलवार को पोटका थाना में पदास्थापित चौकीदार ज्योति हेंब्रम की नृशंस हत्या और हत्यारा प्रेमी द्वारा थानेदार मनोज मुर्मू पर लगाये गये आरोप के कारण की गयी है। जिसकी जानकारी होने के बाद उसने अपनी प्रेमिका की हत्या करने का मन बनाया था। स्थानीय लोग अब सवाल यह उठा रहे कि क्या आरोपी पुलिस अधिकारी मनोज मुर्मू के साथ भी वरीय पुलिस अधिकारी वही सलूक करेंगे, जो किसी आम आरोपी के साथ पुलिस करती है या फिर सिर्फ ट्रांसफर करके मामले कि लीपापोती कर दी जायेगी? बता दें कि पोटका थाना की महिला पुलिस चौकीदार ज्योति हेंब्रम (21) की हत्या उसके प्रेमी जयसन किस्कू उर्फ गणेश मांझी ने मंगलवार को दिन-दहाड़े चाकू से गला रेतकर कर दी थी। प्रेमिका की हत्या के बाद जयसन ने सोशल मीडिया ' इंस्टाग्राम ' में वीडियो वायरल किया। जिसमें उसने पोटका थाना प्रभारी मनोज मुर्मू पर कई गंभीर आरोप लगाये थे।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हिजाब खींचने का मामला

# महिला डॉक्टर ने बिहार छोड़ा

**कहा, अब नौकरी जॉइन नहीं करूंगी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जिस महिला डॉक्टर का हिजाब हटाया था, उन्होंने बिहार छोड़ दिया है। घटना के अगले दिन ही वो कोलकाता में अपने परिवार के पास चली गयी। वो पढ़ाई में बहुत तेज हैं। डॉक्टर बनना उनका सपना था। फिलहाल वो बिहार सरकार की नौकरी जॉइन नहीं करेंगी। परिवार नुसरत परवीन को समझाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन वो वापस बिहार आकर नौकरी जॉइन करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही हैं। प्राप्त जनाकारी के अनुसार घटना के बाद महिला डॉक्टर सदमे में है। वह वापस बिहार लौट कर नौकरी करने को तैयार नहीं है। उनका कहना है कि मैं ये नहीं कह रही कि मुख्यमंत्री ने जो किया वो इंटेंशनली किया, लेकिन जो हुआ वो मुझे अच्छा नहीं लगा। वहां बहुत सारे लोग थे। कुछ तो हंस रहे थे। एक लड़की होने के नाते वो मेरे लिए अपमान जैसा था। मैं आगे क्या करूंगी, ये अभी कुछ पता नहीं है। पटना में मेरे साथियों ने भी मुझे काफी समझाया था। वो मुझे रुकने के लिए बोल रहे थे, लेकिन मुझे अब वहां अच्छा नहीं लग रहा है। अब भी कई साथियों के फोन आ रहे हैं वो मुझे बुला रहे हैं, लेकिन मेरे अंदर हिम्मत नहीं है।

दरअसल सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आयुष डॉक्टरों को नियुक्ति पत्र बांट रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने एक महिला डॉक्टर को पहले तो नियुक्ति पत्र दे दिया। इसके बाद उसे देखने लगे। महिला भी मुख्यमंत्री को देखकर मुस्कुराई। नीतीश ने हिजाब की ओर इशारा करते हुए पूछा कि ये क्या है जी। महिला ने जवाब दिया, हिजाब है सर। उन्होंने कहा कि हटाइये इसे। इसके बाद मुख्यमंत्री ने खुद अपने हाथ से महिला का हिजाब हटा दिया। हिजाब हटाने से महिला थोड़ी देर के लिए असहज हो गयी। आसपास मौजूद लोग हंसने लगे।

# जमीन विवाद में बुजुर्ग की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता



**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोतरोगढ़ा गांव में बुधवार को एक 65 वर्षीय बुजुर्ग की हत्या करने का मामला सामने आया है। अपराधियों ने मृतक का सिर धड़ से अलग कर धड़ को बोरे में भरकर सुनसान इलाके में फेंक दिया, जिससे पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

मृतक की पहचान गोइलकेरा के सारुड़ा गांव निवासी हरिनाथ लुगुन उर्फ मंगरा के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में इस हत्याकांड के पीछे जमीन विवाद को मुख्य वजह माना जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हत्या पूरी तरह योजनाबद्ध तरीके से की गयी, ताकि पहचान छुपायी जा सके या इलाके में भय फैलाया जा सके।

बुधवार सुबह ग्रामीणों की नजर कोतरोगढ़ा गांव के पास पड़े एक लावारिस बोरे पर पड़ी, जिससे खून रिस रहा था। जब बोरा खोला गया तो उसमें एक व्यक्ति का धड़ मिला। सूचना मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया और तत्काल पुलिस को इसकी जानकारी दी गयी।

घटनास्थल से मृतक का सिर बरामद नहीं हो सका है। काफी खोजबीन करने पर धड़ से कुछ दूरी पर सिर भी बरामद कर लिया गया। आशंका जतायी जा रही है कि साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से सिर को किसी अन्य स्थान पर फेंका गया था। सूचना मिलने पर गोइलकेरा थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी विक्रांत सिंह मुंडा ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गयी है और प्रथम दृष्टया यह मामला जमीन विवाद से जुड़ा प्रतीत होता है। आरोपितों की गिरफ्तारी के संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

# हत्या के चार आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा

## 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया, जुर्माना की राशि नहीं देने पर दो साल अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** जमीन विवाद में हत्या किये जाने के मामले की बुधवार को सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम गुलाम हैदर की कोर्ट ने आरोपी मनोज मेहता, पप्पू मेहता, पंकज मेहता और पूरणदेव मेहता, नवलशाही फुलवरिया निवासी को 302 आइपीसी एक्ट के तहत दोषी पाते हुए आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनायी। साथ ही सभी पर 25-25 हजार रुपये जुर्माना लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर दो साल अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। जबकि कोर्ट ने 506 आइपीसी एक्ट के तहत दोषी पाते हुए एक साल कारावास और दो हजार रुपये का जुर्माना लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर दो माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। 323 आइपीसी के तहत छह माह कारावास और हजार रुपये जुर्माना लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर एक माह का अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। जुर्माना की राशि पीड़ित को दी जायेगी। साथ ही कोर्ट ने पीड़ित मुआवजा स्कीम के तहत पीड़ित को मुआवजा दिलाने का भी निर्देश दिया। ( स्पेशल चिल्ड्रन केस 11/ 2023, नवलसाही थाना कांड संख्या 33/2023 के अभियुक्त पूर्ण देव मेहता (जो घटना के समय नाबालिक था) को स्पेशल होम भेजे जाने का निर्देश भी दिया गया। अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक प्रवीण कुमार सिंह ने किया। इस दौरान सभी गवाहों का परीक्षण कराया गया। कार्रवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए लोक अभियोजक ने कोर्ट से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। बचाव पक्ष से अधिवक्ता जयप्रकाश नारायण ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। कोर्ट ने सभी गवाहों और साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्तों को दोषी पाते हुए आजीवन सश्रम कारावास की सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया।

### क्या है पूरा मामला?

**मामला वर्ष 2023 का है। इसे लेकर नवलशाही थाना में नवलशाही थाना कांड संख्या 33 / 2023, यमुना मेहता ने मामला दर्ज कराया था। थाना को दिये आवेदन में कहा गया था कि पूजा रूम बनाने को लेकर उपरोक्त अभियुक्तों से विवाद चल रहा था। इसी दौरान 7 मई 2023 की सुबह करीब 8.30 बजे सभी अभियुक्त लोग मजमा बनाकर, हाथ में हरवे- हथियार लेकर घर में घुस आये और गाली - गलौज करते हुए मेरी पत्नी दर्शनी देवी के सिर पर हथौड़ा से मार दिया। इससे वह बेहोश होकर गिर गयीं और उसके सिर से काफी खून बहने लगा। हल्ला होने पर जब आस-पास के लोग दौड़कर आये तो यह लोग भाग गये। दर्शनी देवी की गंभीर स्थिति को देखते हुए इलाज के लिए रिम्स रांची ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गयी।**

# 50 लाख की रंगदारी मांगने वाला अपराधी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**पाकुड़।** पाकुड़ जिले के अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र में बीजीआर कोल कंपनी के कर्मचारी से 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में पाकुड़ पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित विशेष अनुसंधान दल (एसआइटी) ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार कर पूरे मामले का सफल उद्भेदन कर लिया है। जानकारी के अनुसार, 21 नवंबर 2025 को शाम 7:42 बजे बीजीआर कोल कंपनी के कर्मचारी मधुसूदन यू के मोबाइल पर अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर 50 लाख रुपये की रंगदारी की मांग की थी। धमकी भरे इस कॉल के बाद अमड़ापाड़ा थाना में कांड संख्या 74/2025 दर्ज किया गया। मामले में बीएनएस की धारा 308(3) और 308(4) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। इसके बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने विशेष जांच टीम का गठन किया। एसआइटी ने तकनीकी साक्ष्यों और सूचना तंत्र के आधार पर छापेमारी कर अजय मुर्मू नामक युवक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने पूछताछ के दौरान रंगदारी मांगने की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली।

गिरफ्तार अपराधी की पहचान 23 वर्षीय अजय मुर्मू के रूप में हुई है। वह ग्राम जिरली, थाना बोआरीजोर, जिला गोड्डा का निवासी है। हालांकि वर्तमान में वह गोड्डा जिले के ललमटिया थाना के रानीडीह रहता है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक लावा कंपनी का की-पैड मोबाइल फोन और एक एयरटेल सिम कार्ड बरामद किया है। पुलिस की जांच में यह भी सामने आया है कि अजय मुर्मू का पहले से ही आपराधिक इतिहास रहा है। वह पहले भी बोआरीजोर थाना कांड संख्या 13/2022 (धारा 341/385/387/34 भादवि) में नामजद आरोपी रह चुका है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, पुलिस का कहना है कि जिले में अपराध और रंगदारी के मामलों पर सख्ती से कार्रवाई जारी रहेगी।

# हाथियों की आवाजाही से टाटानगर रेलखंड प्रभावित, कई मेमू और पैसेंजर ट्रेनें रद्द

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पश्चिमी सिंहभूम जिला स्थित चक्रधरपुर रेल मंडल के अंतर्गत टाटानगर से जुड़ी रेल सेवाएं एक बार फिर प्रभावित हुई हैं। बुधवार को रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 18 और 19 दिसंबर 2025 को टाटानगर, चक्रधरपुर, राउरकेला और झारसुगुड़ा रेलखंड में चलने वाली कई मेमू और पैसेंजर ट्रेनों को रद्द करने का फैसला लिया है। रद्द की गयी ट्रेनों में राउरकेला-टाटानगर मेमू, चक्रधरपुर-राउरकेला-चक्रधरपुर मेमू, रांची-झारसुगुड़ा-रांची मेमू, राउरकेला-झारसुगुड़ा-राउरकेला मेमू तथा बरामपुड़ा-बिसरा-बरामपुड़ा पैसेंजर ट्रेन शामिल हैं। ये सभी ट्रेनें 18 और 19 दिसंबर को नहीं चलेंगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार नक्सन-राउरकेला, चक्रधरपुर-राउरकेला और राउरकेला-झारसुगुड़ा रेलखंड में हाथियों की लगातार आवाजाही देखी जा रही है। इस कारण ट्रेनों के परिचालन में जोखिम बढ़ गया है। किसी भी तरह की दुर्घटना से बचाव और यात्रियों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह एहतियाती कदम उठाया गया है।

रेल प्रशासन ने टाटानगर से यात्रा करने वाले यात्रियों को सलाह दी है कि वे स्टेशन आने से पहले अपनी ट्रेन की स्थिति की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें तथा यात्रा के लिए वैकल्पिक व्यवस्था पर विचार करें।

# लोहरदगा में 52 करोड़ रुपये खर्च होने के बाद भी नया सदर अस्पताल अधर में

**कार्य में लापरवाही के कारण इस वर्ष पूरा नहीं हो सका निर्माण कार्य**

सत्यकाम



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** स्थानीय जन सामान्य के लिए वर्ष 2025 की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सुविधा संबंधी उम्मीद पर पानी फिरा है। दरअसल, नये सदर अस्पताल भवन को मार्च-अप्रैल 2025 तक पूरी तरह तैयार होकर जनता को समर्पित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था वह ठेकेदार की सुस्ती और कार्य में लापरवाही के कारण इस वर्ष पूरा नहीं हो सका। अब, दावा किया जा रहा है कि वर्ष 2026 के अप्रैल तक इसे पूरा किया जायेगा। इस मामले पर स्थानीय जन सामान्य के मन में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि, आखिर कब तक सिर्फ तारीखों का खेल चलता रहेगा। लगभग 52 करोड़ सरकारी खजाने के ब्यय से भवन निर्माण निगम विभाग द्वारा जुरिया क्षेत्र में बनाये जा रहे 100 शैय्या वाले इस अत्याधुनिक सदर अस्पताल को लोहरदगा के स्वास्थ्य ढांचे की रीढ़ माना जा रहा था। यहां एक ही परिसर में आउटडोर, इंडोर, जांच घर, शल्य चिकित्सा कक्ष, स्टोर रूम, तीन लिफ्ट, ऑक्सीजन प्लांट, विभिन्न विभागों के कार्यालय, सिविल सर्जन आवास, चिकित्सक और चिकित्साकर्मियों के आवास सहित तमाम आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजना है। इस अस्पताल को क्रिटिकल केयर के रूप में विकसित किया जाना है। जिससे स्थानीय गंभीर मरीजों को बाहर रेफर करने की मजबूरी को नियंत्रित किया जा सके। लोहरदगा की आबादी लगातार बढ़ रही है। बावजूद, स्वास्थ्य सुविधाएं उसी गति से आगे नहीं बढ़ रही हैं। भूमि की कमी और संसाधनों के अभाव में वर्तमान सदर अस्पताल वर्षों से केवल रेफरल अस्पताल की पहचान बनाकर रह गया है। गंभीर मरीजों को इलाज के लिए रांची भेजना स्थानीय स्वास्थ्य व्यवस्था की मजबूरी है। ऐसी स्थिति में नये सदर अस्पताल से लोगों को बड़ी राहत की उम्मीद थी। लेकिन, निर्माण कार्य की धीमी रफ्तार ने इन उम्मीदों पर भी पानी फेर दिया। इस संदर्भ में सिविल सर्जन डॉ. राजू कच्छप ने कहा कि, वर्तमान अस्पताल की जमीन कम होने के कारण बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। स्वास्थ्य सुविधा के क्षेत्र में जिले की आवश्यकता और भविष्य को देखते हुए निवर्तमान उपायुक्त दिलीप कुमार टोप्पो ने नये सदर अस्पताल भवन के निर्माण की पहल किया था। वर्तमान में भवन लगभग बनकर तैयार बताया जा रहा है। लेकिन, विभागीय लेटलतीफी और ठेकेदार की उदासीनता के कारण इसका संचालन अब 2026 तक टाल दिया गया है। इस मामले में गंभीर सवाल यह है कि, जब भवन लगभग तैयार है, तो फिर लोहरदगा की जनता को इलाज के लिए क्यों इंतजार कराया जा रहा है। लगभग 52 करोड़ की भारी-भरकम राशि खर्च होने के बावजूद इसकी जवाबदेही क्या तय नहीं है। ठेकेदार की लापरवाही पर कोई कार्रवाई होगी या फिर हर साल नयी समय-सीमा तय कर स्थानीय जन सामान्य को सिर्फ आश्वासन दिया जयेगा। स्वास्थ्य जैसी संवेदनशील व्यवस्था में इस तरह की ढिलाई प्रशासनिक विफलता उजागर करती है। इसे जन सामान्य के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ भी माना जा रहा है।

# डीसी ने लंबित काम जल्द निपटाने का निर्देश दिया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जिला प्रशासन ने आम लोगों से जुड़े राजस्व और जमीन के मामलों को लेकर बुधवार को समीक्षा बैठक की। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने की। उपायुक्त ने कहा कि दाखिल-खारिज, सीमांकन और जमीन से जुड़े अन्य काम समय पर पूरे होने चाहिए। उन्होंने राजस्व कर्मचारियों, अमीन और अंचल स्तर के अधिकारियों को कामकाज में सुधार लाने का निर्देश दिया। कहा गया कि अगर लापरवाही या शिकायत मिली तो कड़ी कार्रवाई होगी। उपायुक्त ने यह भी कहा कि लोगों की समस्याओं का समाधान जल्दी किया जाये, ताकि उन्हें बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। बैठक में लंबे समय से लंबित दाखिल-खारिज मामलों, सीमांकन, रिकॉर्ड सुधार और जन शिकायतों की समीक्षा की गयी। डीसी ने दोहरी जमाबंदी के मामलों पर भी ध्यान देने को कहा। साथ ही सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे तय समय में काम पूरा करें और काम में पारदर्शिता रखें।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 22.6 °c | 9.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.06 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.24 बजे |



# धान खरीद ने पकड़ी रफ्तार, दो दिन में 55,766 क्विंटल की हुई खरीद

## 2.51 लाख किसानों ने कराया पंजीकरण



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार ने 15 दिसंबर से यानी बीते सोमवार से धान की सरकारी खरीद शुरू कर दी है। वहीं, धान खरीद के दूसरे दिन भी किसानों में खासा उत्साह देखने को मिला। बता दें, मंगलवार शाम पांच बजे तक राज्यभर में कुल 55,766.11 क्विंटल धान की खरीद की जा चुकी है। इस साल सरकार ने 60 लाख क्विंटल धान खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए सरकार ने राज्य भर से 2,51,935 किसानों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। शुरूआती दो दिनों में 10,914 किसानों को एसएमएस के माध्यम से खरीद की सूचना भेजी गयी।

### जिलेवार धान खरीद (क्विंटल में)

- रांची: 3,849.47
- लोहरदगा: 3,031.30
- साहेबगंज: 503.03
- पाकुड़: 1,220.45
- सरायकेला: 874.00
- पलामू: 845.00
- सिमडेगा: 2,256.22
- रामगढ़: 3,422.51
- पश्चिमी सिंहभूम: 357.17
- हजारीबाग: 9,558.93
- चतरा: 1,286.21
- जामताड़ा: 2,841.72
- देवघर: 1,286.00
- खूंटी: 2,463.93
- कोडरमा: 7,439.02
- गढ़वा: 1,580.00
- गिरिडीह: 5,350.66
- लातेहार: 3,491.47
- गुमला: 1,628.75

# शराब घोटाला: रामगढ़ उपायुक्त का बयान दर्ज

## निलंबित आइएएस विनय चौबे के बारे में दी अहम जानकारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड शराब घोटाले में बुधवार को उत्पाद विभाग के तत्कालीन आयुक्त और फिलहाल रामगढ़ उपायुक्त के पद पर कार्यरत आइएएस फैज अक अहमद का 164 (183 बीएनएसएस एक्ट) के तहत बयान दर्ज किया गया। बुधवार को एसीबी कोर्ट की अनुमति के बाद उनका बयान दर्ज हुआ। कोर्ट ने उनका बयान दर्ज करवाने के लिए मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की और मजिस्ट्रेट के समक्ष फैज अक अहमद का बयान दर्ज किया गया। बयान दर्ज होने के बाद उसे सीलबंद कर दिया गया है।

सूत्रों के मुताबिक फैज अक अहमद ने निलंबित आइएएस विनय चौबे के खिलाफ कई अहम जानकारियां दी हैं। उन्होंने अपने बयान में शराब घोटाला से जुड़े कई चौंकाने वाले खुलासे किये हैं।

### विनय चौबे की पत्नी ने एक करोड़ की संपत्ति 26 लाख में खरीदी





रांची (आजाद सिपाही)। निलंबित आइएएस विनय चौबे की पत्नी ने एक करोड़ रुपये की संपत्ति सिर्फ 26 लाख रुपये में खरीदी। यह संपत्ति जतिन सहाय नाम के व्यक्ति से खरीदी गयी है। जतिन सहाय बैंक घोटाले में सीबीआइ द्वारा आरोपित है। जतिन सहाय और नेक्सजेन के मालिक विनय कुमार सिंह दोनों एक कंपनी के निदेशक हैं। जांच में पाया गया है कि विनय चौबे की पत्नी ने फिरायालाल कंपाउंड में एक व्यवसायिक भवन खरीदा है। इसे 2019 में खरीदा गया है। इस व्यवसायिक भवन की खरीद के लिए कुल 26 लाख रुपये का भुगतान किया गया है। जबकि इस संपत्ति की रजिस्ट्री के लिए 95 हजार रुपये का भुगतान स्टांप ड्यूटी के रूप में किया गया है। रजिस्ट्री में संपत्ति का मूल्य सर्कल रेट से कम दिखाये जाने के संदेह की नजर से देखा जा रहा है।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।
- **वृष** समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।
- **मिथुन** आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी।
- **कर्क** काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।
- **सिंह** आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।
- **कन्या** कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।
- **तुला** कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।
- **वृश्चिक** चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।
- **धनु** आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।
- **मकर** नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **कुंभ** रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।
- **मीन** किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

# नेशनल हेराल्ड केस में राहुल और सोनिया गांधी को राहत मिलने से कांग्रेस उत्साहित

**कांग्रेस नेताओं ने भाजपा कार्यालय का किया घेराव**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** नेशनल हेराल्ड मामले में अदालत से राहुल गांधी-सोनिया गांधी को बड़ी राहत दिये जाने के बाद इडी की पूरी कार्रवाई को पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह के इशारे पर रची साजिश बताते हुए झारखंड कांग्रेस के नेताओं ने झारखंड प्रदेश बीजेपी कार्यालय का घेराव किया। बहुचर्चित नेशनल हेराल्ड केस में मंगलवार को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की चार्जशीट पर संज्ञान लेने से इंकार करने के बाद बुधवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने झारखंड भाजपा कार्यालय कार्यालय का घेराव किया। गौरतलब है कि कोर्ट ने कहा कि यह चार्जशीट एक निजी शिकायत और उस पर मजिस्ट्रेट के द्वारा संज्ञान लेने पर आधारित है। जबकि मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में अपराध तभी बनता है जब सक्षम जांच एजेंसी ने अपराध से जुड़ी जांच दर्ज करायी हो।





### हमेशा सत्य की जीत होती है: कांग्रेस

अदालत के इस निर्देश को कांग्रेस के बड़े नेताओं ने सत्य की जीत बताते हुए यह आरोप लगाया कि भाजपा राजनीतिक प्रतिद्वंदिता और गलत मंशे से उनके नेता राहुल गांधी-सोनिया गांधी को परेशान करने के लिए इडी के माध्यम से कार्रवाई करा रही थी लेकिन अदालत के फैसले से साफ हो गया कि सत्यमेव जयते यानी हमेशा सत्य की जीत होती है। नेशनल हेराल्ड प्रकरण में इडी द्वारा बिना एफआइआर के पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं नेता विपक्ष राहुल गांधी को परेशान किये जाने के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा हरमू स्थित भाजपा के प्रदेश कार्यालय का घेराव किया गया। इस घेराव का नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने किया। जबकि पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित सभी अग्रणी विभाग के चेयरमैन और छात्र विंग के नेता कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान जिला प्रशासन के द्वारा बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मियों की भाजपा कार्यालय के बाहर तैनाती की गयी थी।

# नेशनल हेराल्ड मामले में अनर्गल प्रलाप कर रही कांग्रेस पार्टी : बाबूलाल मरांडी

**राउज एवेन्यू कोर्ट ने नहीं दी है क्लीन चिट, मामले को माना विचाराधीन, ट्रायल रहेगा जारी**

**भाजपा कार्यालय पर प्रदर्शन के दौरान मूकदर्शक रही पुलिस**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने नेशनल हेराल्ड मामले में प्रदेश कांग्रेस के प्रदर्शन को कांग्रेस पार्टी का मानसिक दिवालियापन करार दिया। कहा कि कांग्रेस पार्टी इस मामले में अनर्गल प्रलाप कर भ्रष्टाचार को छुपाना चाहती है। जबकि कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार की जननी, पोषक और संरक्षक है। नेशनल हेराल्ड मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट का फैसला कहीं से भी सोनिया गांधी और राहुल गांधी को क्लीन चिट नहीं है। इस फैसले ने सिर्फ एफआइआर दर्ज नहीं होने की बात कही है और मामले को विचाराधीन करार देते हुए ट्रायल को जारी रखने की बात भी कही है।

**नेशनल हेराल्ड मामला शुद्ध रूप से धोखाधड़ी का मामला :** नेशनल हेराल्ड मामला शुद्ध रूप से धोखाधड़ी का मामला है जिसमें धारा 420 के तहत सात साल की सजा है। इसके पहले भी कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी हाइकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा चुके हैं जहां इन्हें कोई राहत नहीं मिली।

दोनों अदालतों ने मामले को प्रथम दृष्ट्या गंभीर मानते हुए खारिज करने से इनकार कर दिया है और कहा कि इसे निरस्त करने का कोई औचित्य भी नहीं बनता।

**कांग्रेस पार्टी भीतर से हो चुकी है खोखली :** कांग्रेस पार्टी भीतर से खोखली हो चुकी है। संवैधानिक मर्यादाओं के तहत काम करने की राजनीतिक क्षमता कांग्रेस के पास नहीं बची है। नेशनल हेराल्ड की इमारत निर्विवाद रूप से दिल्ली की एक प्रमुख संपत्ति है जिसे व्यावसायिक के लिए लीज पर दिया गया है। यह 2000 करोड़ की संपत्ति को हड़पने का मामला है जो खत्म नहीं हुआ है। कानून की नजर में दोषी बख्शे नहीं जायेंगे। यही कांग्रेस पार्टी हाइकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर न्यायालय का विरोध करती है और आज राउज एवेन्यू कोर्ट के फैसले पर जनता को दिग्भ्रमित कर रही है।

**पुलिस प्रशासन राज्य सरकार का बन गया है टूल किट :** लोकतंत्र में किसी भी राजनीतिक सामाजिक संगठन को धरना प्रदर्शन का अधिकर है लेकिन जिस प्रकार से बुधवार को पुलिस प्रशासन के संरक्षण में कांग्रेस के नेताओं ने जिसमें कई संवैधानिक दायित्वों से भी जुड़े हैं ने भाजपा प्रदेश कार्यालय के गेट तक पहुंच कर प्रदर्शन किया इससे स्पष्ट है कि पुलिस प्रशासन राज्य सरकार का टूल किट बन गया है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने संयम बरता नहीं तो प्रतिक्रिया में कोई भी बड़ी घटना घट सकती थी। आखिर प्रशासन द्वारा बैरिकेटिंग किये जाने के बाद भी कांग्रेस के लोगों को भाजपा प्रदेश कार्यालय के गेट तक किसके इशारे पर पहुंचने दिया गया। मरांडी ने इसकी उच्चस्तरीय जांच की मांग की। कहा कि राज्य सरकार ऐसे पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई करे।

# डाक्टरों को आज मिलेगा नियुक्ति पत्र

## स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी देंगे नियुक्ति पत्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड की ओर से गुरुवार को 'खुशियों का उपहार' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत नव चयनित चिकित्सा पदाधिकारियों एवं विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारियों के नियुक्ति पत्र दिया जायेगा। कार्यक्रम दोपहर 12:30 बजे से नामकुम स्थित आइपीएच प्रेक्षागृह में होगा। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षा मंत्री इरफान अंसारी शामिल होंगे। बताते चलें कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य के स्वास्थ्य तंत्र को सुदृढ़ करने की दिशा में लगातार ठोस कदम उठा रहे हैं। इसी कड़ी में डॉक्टरों की नियुक्ति की जा रही है। जिससे डॉक्टरों की कमी को पाटा जा सके। नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले चिकित्सक राज्य के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में अपनी सेवाएं देंगे, जिससे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच में सुधार होगा।





# पथ निर्माण विभाग के अभियंता पक्षपातपूर्ण रवैया न अपनायें : सरयू राय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** विधायक सरयू राय ने पथ निर्माण विभाग के अभियंताओं पर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि किसी विकास परियोजना को राजनीतिक रंग देने में विभागीय अभियंताओं और संवेदकों की भूमिका निहायत ही गलत और आपत्तिजनक है। सरयू राय ने बताया कि विधानसभा समिति के राज्य के भीतर भ्रमण कार्यक्रम के तहत वह बुधवार को गोड्डा जिले में थे। इसी दौरान सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी मिली कि लिट्टी चौक से एनएच-33 भिलाई पहाड़ी को जोड़ने वाले स्वर्णरेखा नदी पर प्रस्तावित पुल और पहुंच पथ निर्माण कार्य की शुरूआत जमशेदपुर पूर्व की विधायक की उपस्थिति में कराया गया। प्रसारित समाचारों से ऐसा आभास दिया गया, मानो मुख्यमंत्री द्वारा ऑनलाइन शिलान्यास के बाद यह कार्य रुका हुआ था और अब पुनः शुरू कराया गया हो।





उन्होंने स्पष्ट किया कि इस परियोजना का कार्य शिलान्यास के बाद ही प्रारंभ हो चुका था। कार्य के दौरान पुल के डिजाइन में त्रुटि सामने आयी थी, जिसके कारण नदी के मानगो छोर की ओर अंतिम पाया सही स्थान पर नहीं पाया गया। इसी वजह से पुल निर्माण कार्य को अस्थायी रूप से रोक कर डिजाइन में सुधार कराया गया था।

हालांकि पहुंच पथ का निर्माण कार्य लगातार चलता रहा। डिजाइन में सुधार के बाद पुल निर्माण कार्य उसी स्थान से पुनः शुरू किया जाना था, जहां से वह रुका था।

सरयू राय ने कहा कि परियोजना नयी नहीं है, संवेदक वही है, अभियंता वही हैं और कार्य पहले से चल रहा है, ऐसे में काम दोबारा शुरू कराने के नाम पर किसी तरह के जश्न या समारोह का कोई औचित्य नहीं है। यदि कोई विधायक अपने क्षेत्र के विकास कार्य को लेकर आयोजन करती हैं तो यह उनका अधिकार है, लेकिन उसमें पथ निर्माण विभाग के अभियंताओं और संवेदक की सहभागिता विभागीय निष्पक्षता पर सवाल खड़े करती है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि पुल के एक छोर पर इस तरह का आयोजन किया गया है तो दूसरे छोर पर पहुंच पथ के कार्य को लेकर भी ऐसा ही आयोजन किया जाना चाहिए। क्या आगे चलकर पहुंच पथ के लिए भी अलग से समारोह होगा, यह सवाल भी स्वाभाविक है।

सरयू राय ने कहा कि वह पथ निर्माण विभाग के अभियंताओं और संवेदक के इस आचरण को लेकर सरकार के समक्ष औपचारिक रूप से विरोध दर्ज करायेंगे। साथ ही 21 दिसंबर को विधानसभा समिति का भ्रमण कार्यक्रम पूरा होने के बाद इस परियोजना की स्वीकृति प्रक्रिया और मानगो फ्लाइओवर से इसकी प्रासंगिकता को लेकर विस्तृत जानकारी सार्वजनिक करेंगे।

# तुरी पहाड़ी जंगल से 12 साइबर अपराधी गिरफ्तार

**फर्जी कस्टमर केयर बनकर करते थे ऑनलाइन ठगी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**देवघर।** पुलिस अधीक्षक देवघर सौरम के आदेशानुसार साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे लगातार अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की गयी है। पुलिस उपाधीक्षक राजा कुमार मित्रा के निर्देश में पालाजोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत तुरी पहाड़ी स्थित जंगल से 12 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि तुरी पहाड़ी जंगल में कुछ संदिग्ध लोग फर्जी फ्लिपकार्ट कस्टमर केयर, अमेजन कस्टमर केयर, फोनपे/पेटीएम कस्टमर केयर एवं एयरटेल पेमेंट बैंक के पदाधिकारी बनकर आम लोगों से ऑनलाइन ठगी कर रहे हैं। सूचना के सत्यापन के बाद वरीय अधिकारियों के निर्देश पर छापामारी कर सभी 12 साइबर अपराधियों को मौके से गिरफ्तार किया गया। प्रारंभिक जांच में बरामद मोबाइल फोन एवं सिम कार्ड से यह स्पष्ट हुआ कि आरोपी गूगल पर फर्जी मोबाइल नंबर कस्टमर केयर के नाम से अपलोड कर लोगों को झांसे में लेते थे। ये लोग पीएम किसान योजना, एसबीआइ क्रेडिट कार्ड, फोनेपे कस्टमर केयर, कैशबैक, गिफ्ट कार्ड रिडीम कराने और एयरटेल थैंक्स एप के माध्यम से एयरटेल पमेंट बैंक कार्ड बंद होने का डर दिखाकर पुनः चालू कराने के नाम पर ऑनलाइन ठगी करते थे।



गिरफ्तार अभियुक्तों में शामिल हैं : निरंजन कुमार पासवान, मिथुन कुमार दास, शौकत अंसारी, असरत अंसारी, अमर कुमार दास, महेश दास, राहुल कुमार दास, पंकज कुमार, जैकी कुमार मंडल, सन्नी कुमार मंडल, गफ्फार अंसारी एवं नुरूल अंसारी – सभी जिला देवघर के विभिन्न थाना क्षेत्रों के निवासी हैं।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों में से सन्नी कुमार मंडल एवं राहुल कुमार दास पूर्व में भी साइबर ठगी के मामलों में देवघर साइबर थाना में नामजद आरोपी रह चुके हैं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार सभी अभियुक्तों से आगे की पूछताछ की जा रही है। जिला पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी अनजान कॉल, लिंक या कस्टमर केयर नंबर पर भरोसा न करें और साइबर ठगी की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# साइकिल पर देशभक्ति का संदेश : वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथॉन का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** एनसीसी निदेशालय बिहार और झारखंड की ओर से वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथॉन का आयोजन किया जा रहा है। इस साइक्लोथॉन का उद्देश्य महान आदिवासी नेता धरती आबा वीर बिरसा मुंडा के योगदान को याद करना और युवाओं में देशभक्ति, एकता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना है। यह कार्यक्रम केवल एक साइकिल यात्रा नहीं, बल्कि एक जागरूकता अभियान के रूप में देखा जा रहा है। इस साइक्लोथॉन को दो चरणों में पूरा किया जायेगा। पहले चरण का आयोजन 18 से 20 दिसंबर के बीच झारखंड में किया जायेगा। इस दौरान साइकिल यात्रा झारखंड के उन स्थानों से होकर गुजरेगी, जो वीर बिरसा मुंडा के जीवन और संघर्ष से जुड़े रहे हैं। इस चरण में एनसीसी के अधिकारी, प्रशिक्षक और बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट भाग लेंगे, जिनमें छात्राओं की भी सक्रिय भागीदारी रहेगी। पहले चरण का समापन रांची के मोरहाबादी मैदान में होगा, जहां प्रतिभागियों का भव्य स्वागत किया जायेगा। दूसरा चरण रांची से नयी दिल्ली तक आयोजित किया जायेगा, जो करीब 1300 किलोमीटर लंबा होगा। यह यात्रा 28 दिसंबर 2025 से शुरू होकर जनवरी 2026 तक चलेगी। साइक्लोथॉन झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, हरियाणा होते हुए दिल्ली पहुंचेगा। इस चरण में एनसीसी के अधिकारी, स्थायी स्टाफ और चयनित कैडेट शामिल होंगे। सभी प्रतिभागी अनुशासन, साहस और सेवा भावना के साथ इस लंबी यात्रा को पूरा करेंगे।



वहीं नयी दिल्ली पहुंचने पर इस साइक्लोथॉन का समापन एक राष्ट्रीय कार्यक्रम के दौरान किया जायेगा, जहां धरती आबा वीर बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि दी जायेगी। आयोजकों का कहना है कि यह यात्रा युवाओं को अपने इतिहास से जोड़ने, शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देने और देश की एकता का संदेश फैलाने का माध्यम बनेगी।






# जेवियर उत्सव 2025 का हुआ भव्य समापन

## अंतिम दिन पूरे उत्साह और जोश से झूमे

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज रांची के तीन दिवसीय जेवियर उत्सव अनास्तासिस का भव्य समापन मनमोहक और रंगारंग कार्यक्रमों के साथ बुधवार को हुआ। 15 दिसंबर से चल रहे कार्यक्रम के आखिरी दिन बुधवार को ग्लैमर गाला थीम पर फैशन शो प्रतियोगिता की रंगा-रंग झलकों के साथ शुरू हुआ। जिसमें कॉलेज के दस ग्रुपों द्वारा रैंप में चलकर खूब सारी तालियां बटोरीं मिस्टर जेवियर और मिस जेवियर का चुनाव करने के लिए जज के तौर पर मिस सुपरा नेशनल 2024 शांभवी शिवा और मेकअप आर्टिस्ट गुरदीप कौर उपस्थित थीं। प्रतियोगिता के बाद डाइलन रॉडरिक बाखला को मिस्टर जेवियर और मिस जेवियर का खिताब पूर्णिमा हेंब्रोम को मिला। कॉलेज परिसर में माक आइपीएल ऑक्शन का आयोजन, जेवियर का भीम जिसमें छात्रों ने अपने बॉडी बिल्डिंग का शानदार प्रदर्शन किया तो वहीं फूड विदाउट फ्यूल से विभिन्न तरह के व्यंजन बनाये। इस दौरान बैड सिंगिंग कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। दोपहर बाद कैंपस बैंड के साथ विद्यार्थियों ने जमकर मस्ती की और अंतिम में मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे सादरी बैंड के गायक नितेश कच्छप और बरखा बड़ाइक ने विभिन्न तरह के नागपुरी गाने गा श्रोताओं का मन को रीझ लिया। गाने के बोल में मेरे कॉलेज की लड़की, कौन कलर का साड़ी पहनी हो, सिल्की सिल्की साड़ी, तुझे देख मेरा दिल धड़का, ए रानी मेरा गाना हिट होने दो जैसे गानों पर छात्रों पूरे उत्साह और जोश से साथ झूमे। इस दौरान कॉलेज के फेस्ट कोऑर्डिनेटर डॉ. जॉय चौधरी ने भी गाना गा कर छात्रों को झुमाया। प्राचार्य डॉ. फादर रोबर्ट प्रदीप कुजूर, एसजे ने सभी का धन्यवाद करते हुए कहा कि 2025 का यह उत्सव ने सभी के लिए एक यादगार छाप छोड़ा। कॉलेज पढ़ाई के अलावा हर क्षेत्र अपने कला और जौहर का शानदार प्रदर्शन करता है। इस

मौके पर उप-प्राचार्य डॉ. फादर अजय अरुण मिंज, एसजे, डॉ. फादर प्रभात केनेडी सोरेंग, एसजे, डॉ संजय सिन्हा, डॉ. शिव कुमार, फादर रवि हेमंत कुजूर, एसजे, प्रो. बीके सिन्हा, डॉ. वेंकट अप्पा राव, डॉ. विजय शर्मा, डॉ. वीके पांडेय, डॉ. मेल्टिना टोप्पो, डॉ. संदीप चंद्र, डॉ. अचल सिन्हा, डॉ सचिन मिश्र सहित अन्य प्राध्यापकगण और छात्र-छात्राएं इस उत्सव का आनंद लिये।

# बैंक ऑफ इंडिया ने बांटी ट्राइसाइकिल और सिलाई मशीन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** बैंक ऑफ इंडिया, रांची अंचल की ओर से बुधवार को कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत जरूरतमंद लाभार्थियों को ट्राइसाइकिल और सिलाई मशीन का वितरण किया। यह कार्यक्रम समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को आत्मनिर्भर बनाने और रोजगार के अवसर सृजित करने की दिशा में बैंक की एक महत्वपूर्ण पहल है। मौके पर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीओआइ के महाप्रबंधक (एफजीएमओ) गुरु प्रसाद गोंड ने की। कार्यक्रम के दौरान रांची जिले के विभिन्न प्रखंडों में चयनित लाभार्थियों को सहायता उपकरण प्रदान किए गये। बेड़ो स्थित सामुदायिक भवन, महदानी मैदान के पास आयोजित कार्यक्रम में 23 ट्राइसाइकिल और 12 सिलाई मशीनों का वितरण किया गया। मांडर प्रखंड कार्यालय के सभागार में हुई दूसरे चरण के कार्यक्रम में 2 ट्राइसाइकिल और 13 सिलाई मशीनें लाभार्थियों को सौंपी गयी। संबोधन में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि इस तरह की पहल दिव्यांगजनों और स्वरोजगार से जुड़े लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक होती है। उन्होंने बैंक ऑफ इंडिया द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की। कहा कि सरकारी योजनाओं के साथ बैंकों की भागीदारी समाज को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाती है। महाप्रबंधक गुरु प्रसाद गोंड ने कहा कि बैंक ऑफ इंडिया केवल बैंकिंग सेवाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को भी पूरी प्रतिबद्धता के साथ निभा रहा है। कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों से संवाद भी किया गया और उन्हें बैंक की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

# एनसीसी का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर आयोजित

### धुर्वा डैम में नाविक कौशल प्रशिक्षण सत्र रहा खास

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** वाइबीएन पब्लिक स्कूल, धुर्वा में इन दिनों झारखंड नेवल यूनिट एनसीसी का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर चल रहा है। 20 दिसंबर तक चलने वाले इस शिविर में विभिन्न जिलों के लगभग 350 एनसीसी कैडेट्स भाग ले रहे हैं। इसका उद्देश्य कैडेट्स के सर्वांगीण विकास के साथ उनमें अनुशासन, नेतृत्व, साहस, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं राष्ट्रसेवा की भावना को सुदृढ़ करना है। शिविर के दौरान कैडेट्स को ड्रिल प्रशिक्षण, फायर फाइटिंग (अग्निशमन) का व्यावहारिक ज्ञान, आपदा प्रबंधन और प्राथमिक उपचार से संबंधित कक्षाएं प्रदान की जा रही हैं। विशेष रूप से एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा मोचन बल) द्वारा दी गई आपदा प्रबंधन और फर्स्ट-एड की ट्रेनिंग ने कैडेट्स को आपात स्थितियों में त्वरित व प्रभावी प्रतिक्रिया देने के लिए सक्षम बनाया है। प्रशिक्षण न केवल कैडेट्स के लिए बल्कि समाज के लिए भी अत्यंत उपयोगी है, क्योंकि प्रशिक्षित कैडेट्स प्राकृतिक आपदाओं, दुर्घटनाओं और अन्य संकटों के समय समाज के लिए सहायक सिद्ध हो सकते हैं।

शिविर की प्रमुख गतिविधि के रूप में धुर्वा बांध पर नाविक कौशल के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्र का खास आयोजन किया गया। कैडेट्स ने बोटिंग, ईपी सेलिंग और कायकिंग जैसी जल क्रीड़ाओं में भाग लिया, जिससे उनमें आत्मविश्वास, टीम भावना, साहस और नेतृत्व क्षमता का विकास हुआ। जल आधारित यह प्रशिक्षण कैडेट्स को अनुशासन, समन्वय और जोखिम प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण गुण सिखाने में सहायक रहा। यह कार्यक्रम झारखंड नौसेना इकाई एनसीसी रांची के कमांडिंग ऑफिसर, कमांडर आनंद महतो के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। वार्षिक प्रशिक्षण शिविर युवाओं में राष्ट्रभक्ति, सेवा भाव और सामाजिक जिम्मेदारी को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल ने शूटिंग चैंपियनशिप में रचा कीर्तिमान

### विद्यार्थियों ने जीते 78 पदक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल ने आरके आनंद शूटिंग प्रशिक्षण केंद्र, रांची में हुए फर्स्ट ओपन शूटिंग चैंपियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए कीर्तिमान रच दिया। प्रतियोगिता में 16 विद्यालयों के लगभग 350 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। पिस्टल और राइफल स्पधाएं में अंडर-12, अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग विद्यार्थी शामिल थे। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सरला बिरला पब्लिक स्कूल ने दबदबा कायम रखते हुए कुल 78 पदक अर्जित किये। इनमें 54 स्वर्ण, 14 रजत पदक और 10 कांस्य पदक शामिल हैं। यह असाधारण उपलब्धि विद्यालय की सुदृढ़ खेल संस्कृति, सुव्यवस्थित और सुनियोजित प्रशिक्षण प्रणाली आदि को दर्शाती है।

विद्यालय की प्राचार्या मनीषा शर्मा ने उपलब्धि पर प्रसन्नता जाहीर करते हुए कहा कि इस तरह की खेल उपलब्धियां विद्यार्थियों में अनुशासन, एकाग्रता, आत्मविश्वास और खेल भावना का विकास करती हैं, जो उनके सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत जरुरी है। उन्होंने सभी विजेताओं और प्रशिक्षकों को बधाई देते दी। कहा कि उनकी उपलब्धियों ने विद्यालय को गौरवान्वित किया है।

# सरकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाना उद्देश्य : निशांत यादव



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** वार्ड 29 स्थित मोती स्ट्रीट (धोबी मोहल्ला) में जन सेवा मंच के द्वारा समाजसेवी जगदीश सिंह जग्गू अंकल के सहयोग से एवं समाजसेवी निशांत यादव के नेतृत्व में निशुल्क कैंप का आयोजन किया। इस कैंप में लगभग 100 से अधिक लोगों ने वोटर कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, लेबर कार्ड जैसे योजनाओं का निशुल्क अप्लाई एवं सुधार करवाया। आयोजक निशांत यादव ने बताया कि जन सेवा मंच के द्वारा विगत कई वर्षों से इस तरह के कैंप का आयोजन कर लोगों तक निशुल्क सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। यह अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा। इस कैंप को सफल बनाने में मुख्य रूप से सुजीत सिंह, सन्नी सोनी, अमित अग्रवाल, सुनील वर्णवाल, अभिषेक मिश्रा, ऋषभ सिंह, वेद सिंह, नितिन, कपिल गोप सहित अन्य लोगों का योगदान रहा।

# संतोष जैन ने सद्गुरु कृपा अपना घर में ऊनी जैकेट का किया वितरण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** संत शिरोमणि स्वामी डॉ. सदानंद महाराज जी के पावन सानिध्य में संचालित श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा निरंतर सेवा, समर्पण और मानवता की मिसाल प्रस्तुत की जा रही है। इसी क्रम में ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित सद्गुरु कृपा अपना घर (सत्य-प्रेम सभागार), श्रीकृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम, पुंदाग, रांची में 17 दिसंबर को एक सराहनीय सेवा कार्य संपन्न हुआ।कड़ाके की ठंड को देखते हुए ब्लेयर अपार्टमेंट रांची निवासी समाजसेवी संतोष जैन द्वारा आश्रम में निवासरत निराश्रित, मंदबुद्धि, बेसहारा एवं दिनबंधु प्रभु जी की सेवा हेतु 51 पीस ऊनी जैकेट प्रदान किये गये। इस सेवा कार्य से आश्रम में रह रहे जरूरतमंदों को ठंड से राहत मिली तथा उनके चेहरों पर मुस्कान दिखाई दी। इस अवसर पर संतोष जैन ने कहा कि मानव सेवा ही सच्ची ईश्वर सेवा है और ऐसे सेवा कार्यों से आत्मिक शांति की अनुभूति होती है। उन्होंने आगे भी सेवा कार्यों में सहयोग देने की भावना व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ उपस्थित रहे। उन्होंने श्री संतोष जैन के इस पुनीत योगदान के लिए हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के सक्षम वर्ग को आगे आकर ऐसे सेवा कार्यों में सहभागिता करनी चाहिए, ताकि जरूरतमंदों को समय पर सहायता मिल सके। ट्रस्ट व अपना घर आश्रम के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि सद्गुरु कृपा अपना घर में निरंतर निराश्रित, असहाय एवं विशेष जरूरत वाले लोगों की सेवा की जाती है और समाज के सहयोग से यह सेवा अभियान और अधिक सशक्त बन रहा है।

# अमित किशोर बने सिविक अमेनिटी उप समिति के चेयरमैन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए सिविक अमेनिटी उप समिति के चेयरमैन के रूप में अमित किशोर को मनोनीत किया गया है। उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया और राम बांगड़ ने बुधवार को चैंबर भवन में किशोर को नियुक्ति पत्र सौंपा। अमित किशोर ने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि सिविक अमेनिटी से जुड़े मुद्दे व्यापार और आमजन दोनों के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। वे शहर में स्वच्छता, सड़क, निगम से जुडी समस्या और अन्य नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर प्रभावी पहल करेंगे। व्यापारिक समुदाय की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठायेंगे।

## देशभर के 6,117 स्टेशनों पर निःशुल्क वाइ-फाइ सुविधा उपलब्ध

# सुरक्षित और संरक्षित यात्रा के लिए 1,731 स्टेशनों और 11,953 कोचों में सीसीटीवी निगरानी स्थापित

### नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा सुदृढ़ करने के लिए 250 सीसीटीवी कैमरे लगाये गये

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** भारतीय रेल के 6,117 रेलवे स्टेशनों पर निःशुल्क वाई-फाई सेवाएं उपलब्ध करायी गयी हैं। रेलवे स्टेशनों पर वाइ-फाइ सेवाओं के लिए रेल मंत्रालय द्वारा कोई पृथक निधि स्वीकृत नहीं की गयी है। रेलवे स्टेशनों पर उपलब्ध वाइ-फाइ सेवा का उपयोग करने के लिए ओटीपी हेतु प्रयुक्त मोबाइल नंबर के अलावा कोई भी व्यक्तिगत जानकारी नहीं मांगी जाती। वाइ-फाइ सुविधा के संचालन से संबंधित किसी भी समस्या की स्थिति में रेलवे प्रशासन द्वारा त्वरित रूप से उचित कार्रवाई की जाती है। स्टेशनों और कोचों में सीसीटीवी कैमरों की स्थापना एक सतत प्रक्रिया है। अब तक यात्रियों की सुरक्षित और संरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए 1,731 स्टेशनों और 11,953 कोचों में सीसीटीवी निगरानी प्रणाली उपलब्ध करायी जा चुकी है। सीसीटीवी निगरानी प्रणालियां पूंजीगत व्यय के अंतर्गत प्रदान की जाती हैं और उसी मद से शुल्कित की जाती हैं। नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पहले से ही प्रवेश/निकास बिंदुओं, फुट ओवर ब्रिज, प्लेटफार्मों जैसे बाहरी क्षेत्रों तथा प्रतीक्षालय, टिकट काउंटर जैसे आंतरिक क्षेत्रों को कवर करने हेतु सीसीटीवी कैमरे लगाये गये थे। हालांकि, 15 फरवरी 2025 के बाद नयी दिल्ली स्टेशन परिसर में कुछ नये क्षेत्र विकसित किये गये, जिनको कवर करने के लिए अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं। वर्तमान में नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कुल 250 सीसीटीवी कैमरे उपलब्ध हैं। यह जानकारी रेल मंत्री, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज लोकसभा में लिखित उत्तर में दी।

# कांग्रेस का प्रदर्शन भ्रष्टाचार से ध्यान भटकाने का प्रयास : अजय राय



**रांची (आजाद सिपाही)।** नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर राजधानी रांची स्थित झारखंड प्रदेश भाजपा कार्यालय के बाहर कांग्रेस पार्टी द्वारा किया गया प्रदर्शन पूरी तरह से भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने और कानून से बचने का असफल राजनीतिक नाटक है। उक्त बातें भाजपा झारखंड प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य एवं मीडिया संपर्क विभाग के संयोजक अजय राय ने कांग्रेस के प्रदर्शन पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कही। श्री राय ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामला कोई राजनीतिक प्रतिशोध नहीं, बल्कि करोड़ों रुपये के घोटाले से जुड़ा गंभीर आर्थिक अपराध है, जिसकी जांच देश की स्वतंत्र और संवैधानिक संस्थाएं कर रही हैं। कांग्रेस नेतृत्व को यह स्पष्ट कर लेना चाहिए कि देश का कानून सबके लिए समान है, चाहे वह कितना ही बड़ा राजनीतिक परिवार क्यों न हो। उन्होंने कहा कि जिस कांग्रेस ने दशकों तक सत्ता में रहते हुए जांच एजेंसियों का दुरुपयोग किया, आज वही पार्टी कानून के दायरे में आने पर लोकतंत्र और संविधान की दुहाई दे रही है। कांग्रेस का यह प्रदर्शन यह साबित करता है कि उसके पास कानूनी जवाब नहीं, केवल सड़क पर हंगामा करने की रणनीति बची है। अजय राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनायी गयी है। आज कोई भी व्यक्ति या पार्टी कानून से ऊपर नहीं है। कांग्रेस को यह समझना होगा कि जांच एजेंसियों को धमकाने या दबाव बनाने से सच्चाई नहीं बदलेगी।

# एनआइबीएम में आर्थिक पिछड़े वर्ग को विशेष छूट

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** एनआइबीएम, श्रीसाईं टावर चौथी मंजिल सर्कुलर रोड लालपुर में सरकारी नौकरी की तैयारी में जुटे अनुसूचित जाति, जनजाति और आर्थिक पिछड़े वर्ग को विशेष छूट दी जा रही है। एनआइबीएम 27 वर्ष पुरानी संस्था है, जहां बैंकिंग, एसएससी ,रेलवे ,झारखंड एसएससी के साथ पीटी और मेंस की भी तैयारी हिंदी और अंग्रेजी माध्यम में करवाई जायेगी। वर्षों से ऑनलाइन, लाइब्रेरी और घर में रहकर पढ़ने के बाद भी जिनका चयन नहीं हो पा रहा है, उनके लिए भी विशेष बैच 19 और 22 दिसम्बर से प्रारंभ की जा रही है। आइबीपीएस पीओ साक्षात्कार की विशेष बैच बैंक के अधिकारी के देखरेख में करवायी जा रही है। यहां लाइब्रेरी रीडिंग रूम है, जहां प्रतिदिन बच्चे ग्रुप बनाकर शिक्षक से डाउट क्लियर कर सकते हैं।

यहां पढ़ाई गयी स्टडी मैटेरियल ओर पुस्तक नये पैटर्न पर आधारित रहते हैं, जिनकी प्रश्न परीक्षाओं में लगभग हुबहू पूछे जाते हैं। निदेशक एमके गुप्ता ने सरकारी नौकरी में चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया। विशेष जानकारी के लिए इच्छुक मोबाइल नं. 93347 26278 और 8825 250625 पर संपर्क कर सकते हैं।

# विद्यार्थियों ने सुधा डेयरी प्लांट का दौरा किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** एमकेआइ और टीसीएन नर्सिंग स्कूल के छात्रों ने अपने औद्योगिक प्रशिक्षण और शैक्षिक दौरे के हिस्से के रूप में सुधा डेयरी प्लांट का दो दिवसीय औद्योगिक दौरा किया। उदाहरण के लिए, डेयरी संचालन, गुणवत्ता नियंत्रण और दूध उत्पादों की आपूर्ति श्रृंखला में व्यावहारिक जानकारी प्राप्त करने के लिए उन्होंने प्लांट का दौरा किया और दूध प्रसंस्करण, पैकेजिंग और वितरण सहित प्लांट की उत्पादन प्रक्रियाओं का अवलोकन किया। इन दौरों का उद्देश्य छात्रों को डेयरी उद्योग का व्यावहारिक अनुभव और जानकारी प्रदान करना है, जिससे उन्हें छात्र कल्याण डीन डॉ आरती गुप्ता, प्रशिक्षण और प्लेसमेंट अधिकारी डॉ सोनिया रानी, इसीइ विभाग की प्रमुख सह प्रशिक्षण और प्लेसमेंट समन्वयक इंजीनियर कुमारी विनीता के मार्गदर्शन में वास्तविक दुनिया में सैद्धांतिक और व्यावहारिक अवधारणाओं के अनुप्रयोग को समझने में मदद मिल सके। वाइबीएन विश्वविद्यालय के अध्यक्ष रामजी यादव, सीएमडी डॉ. अंकिता यादव, कुलपति डॉ. सत्यदेव पोद्दार और वाइबीएन विश्वविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्य प्रशिक्षण और प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित दो दिवसीय छात्र औद्योगिक दौरे के लिए बधाई देते हैं।




# झारखंड में 40 और 60 प्रतिशत आनुपातिक खर्च पर बनेगा हेल्थ कॉटेज : इरफान अंसारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने बुधवार को नयी दिल्ली में केंद्रीय आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रताप राव जाधव के साथ बैठक की। मंत्री इरफान अंसारी ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि बैठक में केंद्रीय मंत्री के साथ इस बात पर सहमति जतायी गयी कि केंद्र और राज्य के समन्वय से झारखंड के स्वास्थ्य क्षेत्र में ऐतिहासिक बदलाव लाये जा सकते हैं।



बैठक में दोनों केंद्रीय मंत्रियों के बीच झारखंड में स्वास्थ्य सेवाओं, मेडिकल शिक्षा, आयुष प्रणाली और अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं को लेकर लंबी चर्चा हुई। बैठक में मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि झारखंड में स्वास्थ्य के क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं, लेकिन दुर्भाग्यवश कई महत्वपूर्ण योजनाएं वर्षों से अधर में लटकी हुई हैं। उन्होंने कहा कि यदि अन्य राज्यों की तरह झारखंड पर भी राजनीति से ऊपर उठकर ध्यान दिया जाये, तो राज्य में स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाये जा सकते हैं। अंसारी ने कहा कि झारखंड जैसे आदिवासी बहुल और पिछड़े क्षेत्रों वाले राज्य में मजबूत स्वास्थ्य ढांचा सामाजिक न्याय की बुनियाद है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि केंद्रीय मंत्री के समक्ष झारखंड में हेल्थ कॉटेज, आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय की स्थापना, राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों के सशक्तिकरण, रांची स्थित रिम्स एवं सदर अस्पताल, झारखंड में सात एआइ (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) तकनीक आधारित अत्याधुनिक (हाइटेक) मेडिकल लैब स्थापित करने की मांग रखी गयी।

इरफान ने बताया कि केंद्रीय राज्य मंत्री प्रताप राव जाधव ने उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी ओर से रखी गयी मांगों पर केंद्र सरकार ठोस कदम उठायेगी। यदि राज्य सरकार गंभीरता से आगे बढ़ती है, तो केंद्र सरकार पूरा सहयोग देने को तैयार है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को पहले हेल्थ कॉटेज के लिए आवश्यक भूमि उपलब्ध करानी होगी और यह सुनिश्चित करना होगा कि कुल परियोजना लागत का 40 प्रतिशत हिस्सा राज्य सरकार वहन करेगी। इसके बाद केंद्र सरकार की ओर से 60 प्रतिशत वित्तीय सहायता दी जायेगी। केंद्रीय मंत्री ने मंत्री इरफान अंसारी को अपनी पूरी तकनीकी और प्रशासनिक टीम के साथ दिल्ली आने का आमंत्रण देते हुए भरोसा दिलाया कि झारखंड के स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत करने में केंद्र सरकार किसी भी स्तर पर पीछे नहीं हटेगी। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने केंद्रीय मंत्री को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे बहुत जल्द अपनी पूरी टीम के साथ दिल्ली आकर विस्तृत बैठक करेंगे और सभी आवश्यक प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे।

## पुलिस मुख्यालय ने हाइकोर्ट में प्रतिनियुक्त नोडल अधिकारियों की मांगी जानकारी

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड पुलिस मुख्यालय ने राज्य के उच्च न्यायालय में प्रतिनियुक्त नोडल अधिकारियों की विस्तृत जानकारी तलब की है। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय ने राज्य के सभी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी), पुलिस अधीक्षक (एसपी) और विभिन्न पुलिस इकाइयों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किये हैं। पुलिस मुख्यालय की ओर से महानिरीक्षक (आइजी, प्रोविजन) की ओर से जारी पत्र में 24 घंटे के भीतर निर्धारित प्रारूप में जानकारी उपलब्ध कराने को कहा गया है। पत्र के अनुसार, सभी जिलों और इकाइयों से झारखंड उच्च न्यायालय में तैनात नोडल अधिकारियों का पूरा विवरण मांगा गया है। मांगी गयी जानकारी में नोडल अधिकारी का नाम और पद, मोबाइल नंबर, उच्च न्यायालय में प्रतिनियुक्ति की तिथि व उन्हें सौंपे गये कार्यों का विवरण शामिल है। पुलिस मुख्यालय ने सभी संबंधित अधिकारियों को समयसीमा के भीतर सटीक और पूर्ण जानकारी भेजने का निर्देश दिया है।

# इडी की कार्रवाई राजनीतिक बदले की भावना से प्रेरित : आलोक कुमार दुबे




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन में भाग ले रहे प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव आलोक कुमार दुबे ने नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर भाजपा और प्रवर्तन निदेशालय (इडी) पर कड़ा प्रहार किया।

कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में न तो मनी लॉन्ड्रिंग का कोई मामला था, न ही किसी अपराध से अर्जित आय का प्रमाण। न ही किसी संपत्ति के अवैध हस्तांतरण का कोई साक्ष्य। बावजूद इसके 10 वर्षों से अधिक समय तक इडी ने कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को भाजपा के इशारे पर परेशान और बदनाम किया। उन्होंने आरोप लगाया कि इडी की कार्रवाई पूरी तरह से क्षेत्राधिकार से बाहर, अवैध और राजनीतिक बदले की भावना से प्रेरित थी, जो संविधान की भावना के भी विरुद्ध है। यह लोकतंत्र पर सीधा हमला है और संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग का गंभीर उदाहरण है। आलोक कुमार दुबे ने कहा कि अब भारतीय जनता पार्टी की साज़िश जनता के सामने पूरी तरह बेनकाब हो चुकी है। देश की जनता सब समझ रही है। समय आने पर लोकतंत्र को कमजोर करने वालों से हिसाब जरूर करेगी।

कांग्रेस पार्टी न झुकेगी, न डरेगी और न ही अन्याय के सामने चुप बैठेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस लोकतंत्र, संविधान और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए सड़कों से लेकर संसद तक संघर्ष करती रहेगी। राजनीतिक प्रतिशोध की हर कोशिश का डटकर मुकाबला करेगी।

## महत्वपूर्ण खबरें

### स्नूकर और पूल चैंपियनशिप का शुभारंभ



रांची (आजाद सिपाही)। गेमर्स गेराज क्लब, बरियातू में बुधवार को 18 वीं स्नूकर और पूल चैंपियनशिप का उद्घाटन झारखंड स्टेट चैंपियन यश किंगर ने किया। यह टूर्नामेंट विगत 18 वर्षों से डॉक्टर मोहम्मद जाकिर के जन्मदिन पर आयोजित किया जा रहा है। इसमें बिलियर्ड्स, मास्टर स्नूकर 15 रेड्स, मास्टर स्नूकर 6 रेड्स, मिनी स्नूकर 15 रेड्स, मिनी स्नूकर, 6 रेड्स और 9 बॉल्स के इवेंट्स हो रहे हैं। जिसमें झारखंड के विभिन्न जिलों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। विजेताओं और उपविजेताओं को ट्राफी, नकद राशि के साथ क्लब की मेंबरशिप दी जायेगी।

### रेलवे स्टेशन से पटेल चौक तक चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान

रांची (आजाद सिपाही)।शहर को जाम मुक्त और व्यवस्थित बनाने के लिए नगर निगम ने रेलवे स्टेशन से पटेल चौक तक विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाय गयाा। यह कार्रवाई प्रशासक के निर्देश पर की गयी। 17 दिसंबर 2025 को रांची नगर निगम की इंफोर्समेंट टीम ने जिला प्रशासन और ट्रैफिक ठेला, खोमचा और अस्थायी दुकानों को हटाया गया। सड़क किनारे बनाये गये अस्थायी ढांचे, बांस-बल्ली और अन्य सामग्री भी जब्त की गयी। अभियान के बाद अतिक्रमण करने वालों को दोबारा अतिक्रमण नहीं करने की सख्त चेतावनी दी गयी। अधिकारियों ने कहा कि आगे अतिक्रमण पाये जाने पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

### झारखंड के सुशांत और अमित का आइपीएल में जलवा

रांची (आजाद सिपाही)। आइपीएल में इस बार राज्य के दो युवा क्रिकेटरों का जलवा देखने को मिलेगा। रांची के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सुशांत मिश्रा के लिए आइपीएल ऑक्शन 2026 में राजस्थान रायल्स ने 90 लाख रुपये की बोली लगाकर टीम में शामलि किया है। इसके साथ ही रांची के साईं धुर्वा क्रिकेट एकेडमी के खिलाड़ी गेंदबाज अमित कुमार को सनराईजर्स हैदराबाद ने 30 लाख की बोली लगाकर अपने साथ जोड़ा है। पिछले सत्र में गुजरात टाइटंस ने सुशांत को 2.20 करोड़ में अपनी टीम में शामिल किया था। इस बार गुजरात ने उन्हें रिलीज कर दिया था। सैयद मुश्ताक अली ट्राफी में सुशांत का प्रदर्शन संतोषजनक रहा है।

### जेपीएसएस ने सहायक आचार्य पदस्थापन रद्द कर पुन: नयी प्रक्रिया की मांग की

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड के पलामू, पश्चिमी सिंहभूम और कई अन्य जिलों में हाल ही में सहायक आचार्य पदस्थापन में अनियमितता व मनमानी का आरोप लगाते हुए झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ (जेपीएसएस) ने राज्य सरकार से तत्काल कार्यवाही की मांग की है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष आनंद किशोर साहू और महासचिव बलजीत कुमार सिंह ने निदेशक, प्राथमिक शिक्षा, झारखंड सरकार को लिखित पत्र में कहा है कि नियुक्तियों में राज्य द्वारा जारी एसओपी का पालन नहीं किया गया। शिक्षकों को उनके गृह प्रखंड या निकटवर्ती प्रखंड में नियुक्त न कर 100-150? किमी. दूर भेजा गया, जिससे महिला, विधवा, एकल अभिभावक, विकलांग और गंभीर रोग से ग्रस्त शिक्षकों को असुविधा हो रही है। विशेषकर महिला शिक्षिकाओं को दूरस्थ व जंगल-से घिरे क्षेत्रों में नियुक्त करने से उनकी सुरक्षा व अस्मिता पर गंभीर खतरा उत्पन्न हुआ है। वहीं संघ ने मांग की है कि वर्तमान पदस्थापन को तुरंत रद्द कर नये सिरे से प्रक्रिया शुरू की जाये और प्रत्येक शिक्षक से पांच वैकल्पिक स्थानों की सूची लेकर, उनकी पसंद के अनुसार पुन: नियुक्ति की जाये इसके साथ ही यदि इन मांगों को शीघ्र पूरा नहीं किया गया तो संघ आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

### आजसू ने झारखंड आंदोलनकारी कमल किशोर भगत को श्रद्धांजलि दी

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड आंदोलनकारी एवं पूर्व विधायक स्व कमल किशोर भगत की चौथी पुण्यतिथि पर बुधवार को आजसू पार्टी की ओर से रांची में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत एवं केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर उपस्थित थे। हरमू स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में भी स्व कमल किशोर भगत को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी, जिसमें केंद्रीय सचिव बंटी यादव, सिद्धार्थ राय, सूरज अग्रवाल, दिलीप साहू, महानगर अध्यक्ष ज्ञान सिंहा, वीरेंद्र प्रसाद, बबलू सोनी, डॉ पार्थ तिवारी, राकेश सिंह, कुमुद वर्मा, कांके प्रखंड अध्यक्ष अमन शाहदेव, मनोज महतो आदि उपस्थित थे।

# दिल्ली में राजनाथ सिंह से मिले सुदेश महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नयी दिल्ली में वीर रंग प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह में आजसू पार्टी प्रमुख एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो की केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात हुई। दोनों नेताओं ने एक दूसरे का कुशल क्षेम पूछा। सुदेश महतो ने अंगवस्त्र देकर राजनाथ सिंह का अभिनंदन किया और बिहार चुनाव में जीत की बधाई दी। इस मौके पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी उपस्थित थे। श्री महतो ने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।



# गुरु मेरी पूजा गुरु गोबिंद गुरु मेरा पारब्रह्म, गुरु भगवंत...

**श्रीगुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर निकली प्रभातफेरी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्रीगुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा श्रीगुरुनानक सत्संग सभा की ओर से बुधवार को तीसरे दिन भी प्रभातफेरी निकाली गयी। इसमें बड़ी संख्या में सिख धर्मावलंबियों ने हिस्सा लिया। सुबह छह बजे गुरुद्वारा साहब के पार्किंग गेट से संगत ढोल-झाल और करताल की थाप पर शबद गायन करते हुए निकले। कृष्णानगर कॉलोनी का भ्रमण कर सुबह आठ बजे वापस गुरुद्वारा साहिब के दिऊड़ी गेट पहुंचे। यहां अरदास से फेरी की समाप्ति हुई।



मौके पर संगत के लिए चाय नाश्ते का लंगर चलाया गया। इस बीच स्त्री सत्संग सभा की बबली दुआ, गीता कटारिया, मनजीत कौर, शीतल मुंजाल, रेशमा गिरधर, इंदु पपनेजा, नीता मिढ़ा, ममता थरेजा, नीतू किंगर, बबिता पपनेजा और सत्संग सभा कीर्तन मंडली के इंदर मिढ्ढा, रमेश पपनेजा, सुरजीत मुंजाल आदि ने गुरु मेरी पूजा गुरु गोबिंद गुरु मेरा पारब्रह्म, गुरु भगवंत ... जैसे कई शबद गायन कर संगत को गुरवाणी से जोड़ा। सरदार भूपेंद्र सिंह पींदे सरदार ने निशान साहब उठाकर प्रभातफेरी की अगुवाई और मनीष मिढ़ा ने श्रद्धालुओं के घरों के सामने कुशल क्षेम की अरदास की।

# ग्लोबल आर्किटेक्ट बिल्डर्स अवार्ड-2025 से मलेशिया में डॉ आकाश सिन्हा सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** क्वालालंपुर (मलेशिया) में आयोजित ग्लोबल आर्किटेक्ट बिल्डर्स अवार्ड 2025 में राजधानी रांची निवासी और माट्टी थेरैप्यूटिक फाउंडेशन के डॉ. आकाश सिन्हा को वर्ष 2025 के लिए हेरिटेज रेस्टोरेशन क्षेत्र में अनुकूल (कंपैटिबल) सामग्री एवं प्राचीन तकनीक के प्रभावी उपयोग पर आधारित श्रेष्ठ सांस्कृतिक परियोजना के लिए सम्मानित किया गया है। यह परियोजना पारंपरिक ज्ञान, स्थानीय सामग्रियों और प्राचीन निर्माण तकनीकों के वैज्ञानिक पुनरुपयोग के माध्यम से विरासत संरचनाओं के संरक्षण और दीर्घकालिक स्थायित्व को बढ़ावा देती है। निर्णायक मंडल ने इस कार्य को सांस्कृतिक धरोहर संरक्षण में नवाचार और प्रामाणिकता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। सम्मान प्राप्ति पर डॉ आकाश सिन्हा ने कहा कि यह उपलब्धि पारंपरिक शिल्प, सतत विकास और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के प्रति उनकी टीम की प्रतिबद्धता का परिणाम है जिसमें चंदन सिंह, सात्विक आनंद और सत्यार्थ शिवांग मुख्य रूप से शामिल हैं। इस उपलब्धि और झारखंड राज्य के साथ-साथ भारत का नाम रोशन होने पर झारखंड के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, भाजपा नेता डॉ. प्रणव कुमार बब्बू, शाहबाज, रतींन बत्रा, ठाकुर लाल अरविंद नाथ शाहदेव, बीरेंद्र बबलू, योगेंद्र तिवारी, सुनील टोप्पो और बिनोद यादव ने बधाई और शुभकामनायें दी है।



## कंबाइंड रिक्रूटमेंट टेस्ट की तैयारियों को लेकर की बैठक

रांची (आजाद सिपाही)। प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र की अध्यक्षता में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित कंबाइंड रिक्रूटमेंट टेस्ट 2025 की तैयारियों को लेकर संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक की गयी। बैठक में निर्धारित तिथि पर होने वाले परीक्षाओं को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। प्रतिनियुक्ति पदाधिकारियों को परीक्षा से संबंधित गाइडलाइन से अवगत कराया गया। कंबाइंड रिक्रूटमेंट टेस्ट 2025 के लिए केवल 01 उप केंद्र पर दो पाली में परीक्षा किया जाना है। उप-केंद्र का नाम- राजकीय बालिका +2 उच्च विद्यालय बरियातू रोड, रांची। प्रथम पाली पूर्वाह्न 9:30 बजे से 11:30 बजे तक, द्वितीय पाली अपराह्न 02:00 बजे से 4:00 बजे तक। बैठक में आयुक्त ने कहा कि सहायक समन्वयी पर्यवेक्षक प्रश्न पत्रों के पैकेट पहुंचाने और समाप्ति के पश्चात उत्तर पुस्तिका व अन्य आवश्यक कागजातों को जीपीओ, रांची में जमा करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देश दिया कि सभी पदाधिकारियों के साथ पुलिस दल की प्रतिनियुक्ति की जाये और प्रतिनियुक्त पुलिस दल परीक्षा की तिथि को सुबह 7:30 बजे तक कंसर्न ऑफिसर को रिपोर्टिंग करना सुनिश्चित करें। बैठक में आयुक्त के सचिव आलोक कुमार, अवर सचिव विजय कुमार, निदेशक डाक सेवा(एचक्यू) दिवाकर कुमार, अपर जिला दंडाधिकारी राजेश्वर नाथ आलोक, जिला शिक्षा पदाधिकारी रांची विनय कुमार प्रतिनियुक्ति पदाधिकारी और अन्य उपस्थित थे।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

समक्ष, कार्यपालक दण्डाधिकारी, रांची

**शपथ-पत्र**

मैं, रेखा शर्मा, पति-श्री धन्नजय कुमार, उम्र- 34 वर्ष, धर्म- हिन्दु, पेशा-गृहणी, निवास स्थान- सी० टी० ओ० रोड, धुर्वा, न्यू मार्केट धुर्वा, पो०-धुर्वा, थाना-धुर्वा, जिला-रांची झारखण्ड शपथपूर्वक ब्यान करती हूँ कि नीचे लिखे सारी बातें मेरी जानकारी में सही एवं सत्य है :-

1. यह कि ध्रुव शर्मा मेरा पुत्र है, जिसकी जन्म तिथि 13.05.2013 है जो कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र एवं विद्यालय नामांकन में तथा अन्य दस्तावेजों में उपरोक्त नाम ध्रुव शर्मा अंकित है।
2. यह कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड में मेरे पुत्र का नाम घरेलू नाम आर्यन कुमार अंकित है।
3. यह कि मेरे पुत्र का सही एवं वास्तविक नाम "ध्रुव शर्मा" है।
4. यह कि यह शपथ-पत्र मैं अपने पुत्र के आधार कार्ड में अंकित नाम आर्यन कुमार को संसोधन कर ध्रुव शर्मा अंकित करने हेतु सम्पन्न कर रही हूँ।
5. यह कि उपरोक्त लिखित बातें मेरी जानकारी में सही एवं सत्य है गलत पाये जाने पर इसकी सारी जवाबदेही मेरी होगी।

Sl. No-2897, Date- 15.12.2025

# 19 से 21 दिसंबर तक रोटरी डिस्ट्रिक्ट सम्मेलन

**1500 से अधिक प्रतिनिधि होंगे शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची रोटरी क्लब के तत्वावधान में 19 से 21 दिसंबर तक तीन दिवसीय रोटरी डिस्ट्रिक्ट सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। यह सम्मेलन रांची क्लब परिसर में आयोजित होगा, जिसमें रोटरी झारखंड-बिहार के 125 क्लबों से 1500 से अधिक प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे।



असिस्टेंट गवर्नर (रोटरी इमेज) प्रवीण राजगढ़िया ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि इस सम्मेलन की तैयारी पिछले एक वर्ष से की जा रही है और रांची के सभी रोटेरियन इसे सफल बनाने में जुटे हैं। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पास्ट रोटरी इंटरनेशनल प्रेसिडेंट शेखर मेहता उपस्थित रहेंगे।

सम्मेलन में विशिष्ट अतिथियों के तौर पर राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ और महाराष्ट्र सरकार के कैबिनेट मंत्री जय कुमार रावल के अलावा निलेंदु कुमार सिंह, अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल), रोटरी इंटरनेशनल प्रेसिडेंट रिप्रजेंटेटिव रवि रमन शामिल होंगे। इसके अलावा सम्मेलन को पास्ट रोटरी इंटरनेशनल डायरेक्टर कमल सांघवी, फाउंडेशन चेयरमैन महेश कोडबागी, वरिष्ठ आइएएस अधिकारी रोहित सिंह (मध्यप्रदेश), प्रसिद्ध अभिनेत्री सुधा चंद्रन, साइबर एक्सपर्ट महिमा भालोटिया सहित पूर्व गवर्नरों का समूह संबोधित करेगा।

रोटरी रांची के अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने बताया कि सम्मेलन में रोटरी क्लब की सामाजिक गतिविधियों, नयी परियोजनाओं, क्लब की मजबूती, भविष्य की योजनाओं और नये प्रस्तावों पर चर्चा की जायेगी। साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और सेवा से जुड़े विषयों पर विशेष सत्र आयोजित किये जायेंगे। यह सम्मेलन सदस्यों को एक-दूसरे से सीखने, अनुभव साझा करने और नये संपर्क स्थापित करने का अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि ज्ञान, सेवा, शिक्षा और मनोरंजन के इस संगम के दौरान मुंबई का प्रसिद्ध रोज मैरी ग्रुप म्यूजिकल बैंड, आदिशक्ति म्यूजिकल ग्रुप, आइएफआरएम ग्रुप और छऊ नृत्य कलाकार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। सम्मेलन से समाज सेवा से जुड़े कार्यों को और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद है।

**खोया-पाया**

मैं सुरेन्द्र नाथ दुबे, पिता अर्जून दुबे, निवासी- झोन पिस्का मोड़, रातु रोड रांची। यह कि मैं कहना चाहता हूँ कि मेरा जमीन संबंधित डीड नं. 3511 दिनांक 02/03/1972 जिसका क्रेता महेश्वर ना. सिंह है जो मेरे डीड सं.- 25921, दिनांक- 4.12.2010 जो मौजा हेहल थाना सुखदेवनगर, थाना नं. 203, खाता नं. 177 प्लॉट नं. 54, सब प्लाट नं. 54/6 रकबा 5 कट्ठा 3 वर्गफीट, वार्ड न. 3 न्यू वार्ड नं. 36 खेवट नं. 06 का डीड है फोटो स्टेट करने जा रहा था जो उपहार सिनेमा गैलेक्सीया मॉल से आगे कहीं गिर गया बहुत खोज बीन किया परन्तु नहीं मिला। मिलने पर संपर्क करें - 7979733237 सुरेन्द्र नाथ दुबे, 7991101725 राकेश कुमार सिंह (ADV.) शपथ पत्र संख्या-82, दिनांक-17.12.2025.

# ट्रंप के विवादित फैसलों का विरोध शुरू

दूसरी बार अमरीका के राष्ट्रपति बने 'डोनाल्ड ट्रंप' ने पद संभालने के पहले ही दिन से धड़ाधड़ फैसले लेने शुरू कर दिये और 'अमरीका फर्स्ट' की नीति अपनाने और 'अमरीका को विकास के नए स्वर्ण युग' में ले जाने के दावे के साथ पूर्व राष्ट्रपति 'जो बाइडेन' की सरकार द्वारा लिए गये कम से कम 78 फैसले रद्द करके कई नये फैसलों की झड़ी लगा दी है। इनमें यूक्रेन-रूस युद्ध समाप्त करने की कसम खाकर रूस के राष्ट्रपति पुतिन से नजदीकी बनाना, अमरीका में रह रहे भारत सहित चंद देशों के अवैध प्रवासियों को देश से निकालना, अमरीकी विश्वविद्यालयों को यहूदी विरोधी तथा हमास समर्थकों का अड्डा बता कर उन्हें दी जाने वाली सहायता रोकना, एच-1 बी वीजा फीस की नयी नीति के अंतर्गत 1,00,000 डालर शुल्क लगाना आदि शामिल हैं। इन सब के अलावा 'डोनाल्ड ट्रंप' विभिन्न देशों पर 'टैरिफ बम' फोड़ कर विवादों में घिरे हुए हैं। भारत के प्रधानमंत्री 'नरेंद्र मोदी' को अपना 'परम मित्र' बताने वाले डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर ही सर्वाधिक 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। हालांकि डोनाल्ड ट्रंप के इस कदम का भारत पर कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ा, परंतु डोनाल्ड ट्रंप के इसी प्रकार के विवादास्पद कदमों से उनके अपने ही देश में उनका विरोध शुरू हो गया है। अमरीका के 'हाऊस ऑफ रिप्रैजेंटेटिव्स' के 3 सदस्यों डेबोरा रॉस, मार्क वेसी तथा राजा कृष्णमूर्ति ने 13 दिसंबर को एक प्रस्ताव पेश करके 27 अगस्त को भारत पर लगाये 25 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफ रद्द करने की मांग की है जो कई भारतीय वस्तुओं पर बढ़ा कर 50 प्रतिशत कर दिया गया है। उक्त सांसदों ने इसे अमरीका की अर्थव्यवस्था के लिए खतरनाक बताते हुए कहा है कि ट्रंप के इस फैसले से अमरीकी हितों को बढ़ावा देने की बजाय विभिन्न वस्तुओं की सप्लाई चेन बाधित हो रही है। उन्होंने कहा कि इससे अमरीकी कर्मचारियों को नुकसान हो रहा है, अमरीकी व्यवसाय चौपट हो रहा है तथा उपभोक्ता महंगे दाम पर चीजें खरीदने के लिए मजबूर हो रहे हैं। एक अन्य सांसद 'एमी बेरा' ने इस मुद्दे को अमरीकी कांग्रेस में उठाते हुए ट्रम्प प्रशासन की कई नीतियों की आलोचना की है। इसी प्रकार अमरीका के 19 राज्यों ने नये एच-1बी वीजा आवेदनों पर 1,00,000 अमरीकी डालर शुल्क लगाने के देश के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फैसले को अवैध बताते हुए इसके विरुद्ध मुकद्दमा दायर कर दिया है। उनका कहना है कि इससे स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा और प्रौद्योगिकी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों

**भारत के प्रधानमंत्री 'नरेंद्र मोदी' को अपना 'परम मित्र' बताने वाले डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर ही सर्वाधिक 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। हालांकि डोनाल्ड ट्रंप के इस कदम का भारत पर कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ा।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**बिनोद बाबू का मानना था कि किसान और मजदूर, यानी हरे और लाल झंडे की एकता के बिना झारखंड राज्य का सपना अधूरा रहेगा। 'लाल-हरे की मैत्री ज़िंदाबाद' का नारा उन्हीं की वैचारिक देन था। हालांकि इस वैचारिक प्रश्न पर शिबू सोरेन से उनके मतभेद भी हुए और झामुमो का विभाजन तक हुआ, लेकिन बिनोद बाबू कभी अपने सिद्धांतों से विचलित नहीं हुए। वे जीवनपर्यंत वामपंथी रहे और सामाजिक न्याय के पक्ष में डटे रहे।**

# अलग झारखंड राज्य आंदोलन के वैचारिक शिल्पकार बिनोद बिहारी महतो

**काशीनाथ केवट**

झारखंड अलग राज्य आंदोलन के इतिहास में बिनोद बिहारी महतो का नाम केवल एक नेता के रूप में नहीं, बल्कि एक वैचारिक युगद्रष्टा, समाज सुधारक और संघर्षशील जननायक के रूप में अंकित है। वे उन चुनिंदा नेताओं में थे जिन्होंने झारखंड आंदोलन को सिर्फ. भावनात्मक नहीं, बल्कि राजनीतिक, सामाजिक और वैचारिक आधार प्रदान किया।

बिनोद बिहारी महतो एक प्रखर राजनीतिज्ञ, विद्वान अधिवक्ता और संस्कृत प्रेमी थे। उन्होंने लगभग पच्चीस वर्षों तक मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के झंडे तले काम किया, परंतु जब उन्हें यह महसूस हुआ कि राष्ट्रीय दल और पारंपरिक वाम दल झारखंडी समाज की विशिष्ट समस्याओं–शोषण, विस्थापन, भूमि-अधिकार और सांस्कृतिक अस्मिता–को समुचित स्थान नहीं दे पा रहे हैं, तब उन्होंने स्वतंत्र वैचारिक रास्ता चुना। कांग्रेस और जनसंघ (भाजपा) जैसी पार्टियों को वे सामंती और पूंजीवादी हितों का प्रतिनिधि मानते थे और मानते थे कि इनके माध्यम से दलित-पिछड़े और शोषित समाज की मुक्ति संभव नहीं है।

**पढ़ो और लड़ो : आंदोलन का वैचारिक नारा**

बिनोद बाबू का सबसे बड़ा योगदान था–शिक्षा और संघर्ष का मेल। उनका ऐतिहासिक नारा 'पढ़ो और लड़ो' आज भी झारखंड के जनआंदोलनों की चेतना में जीवित है। उन्होंने अनेक शिक्षण संस्थानों की स्थापना कर समाज को जागरूक करने का कार्य किया और यह सिद्ध किया कि बिना शिक्षा के कोई भी आंदोलन दीर्घकालिक नहीं हो सकता।

**बिनोद बिहारी महतो एक प्रखर राजनीतिज्ञ, विद्वान अधिवक्ता और संस्कृत प्रेमी थे**



**बिनोद बिहारी महतो एक प्रखर राजनीतिज्ञ, विद्वान अधिवक्ता और संस्कृत प्रेमी थे। उन्होंने लगभग पच्चीस वर्षों तक मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के झंडे तले काम किया, परंतु जब उन्हें यह महसूस हुआ कि राष्ट्रीय दल और पारंपरिक वाम दल झारखंडी समाज की विशिष्ट समस्याओं–शोषण, विस्थापन, भूमि-अधिकार और सांस्कृतिक अस्मिता–को समुचित स्थान नहीं दे पा रहे हैं, तब उन्होंने स्वतंत्र वैचारिक रास्ता चुना।**

**झारखंड मुक्ति मोर्चा और लाल-हरे की मैत्री**

1973 में बिनोद बिहारी महतो ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन और मार्क्सवादी चिंतक कॉमरेड एके रॉय के साथ मिलकर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की स्थापना की। 4 फरवरी 1973 को धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में आयोजित ऐतिहासिक जनसभा ने झारखंड आंदोलन को नयी धार दी।

बिनोद बाबू का मानना था कि किसान और मजदूर, यानी हरे और लाल झंडे की एकता के बिना झारखंड राज्य का सपना अधूरा रहेगा। 'लाल-हरे की मैत्री ज़िंदाबाद' का नारा उन्हीं की वैचारिक देन था।

हालांकि इस वैचारिक प्रश्न पर शिबू सोरेन से उनके मतभेद भी हुए और झामुमो का विभाजन तक हुआ, लेकिन बिनोद बाबू कभी अपने सिद्धांतों से विचलित नहीं हुए। वे जीवनपर्यंत वामपंथी रहे और सामाजिक न्याय के पक्ष में डटे रहे।

**समाज सुधार से जनांदोलन तक**

अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत उन्होंने शिवाजी समाज से की। इसके माध्यम से उन्होंने हंडिया-दारू की लत, सामाजिक कुरीतियों और महाजनी शोषण के विरुद्ध व्यापक जनआंदोलन चलाया। इसी दौर में शिबू सोरेन ने आदिवासी समाज में सोनोत संथाल समाज के जरिए जागरूकता अभियान चलाया। बाद में इन धाराओं का संगम झारखंड मुक्ति मोर्चा के रूप में हुआ।

**विस्थापितों के सशक्त पक्षधर**

बिनोद बिहारी महतो विस्थापितों की पीड़ा के सबसे मुखर नेता थे। धनबाद, बोकारो, बेरमो जैसे औद्योगिक क्षेत्रों में उन्होंने विस्थापितों के लिए नौकरी, मुआवजा और पुनर्वास के सवाल पर बड़े आंदोलनों का नेतृत्व किया। एक अधिवक्ता के रूप में उन्होंने बोकारो स्टील प्लांट, बीसीसीएल, सीसीएल, पंचेत और मैथन डैम जैसी परियोजनाओं से विस्थापित सैकड़ों परिवारों को कानूनी लड़ाई के माध्यम से सम्मानजनक और पुनर्मूल्यांकित मुआवजा दिलवाया।

**सांस्कृतिक चेतना और जनप्रिय व्यक्तित्व**

बिनोद बाबू केवल राजनीतिक नेता नहीं थे, वे झारखंडी संस्कृति के सच्चे संवाहक थे। सोहराय, टुसू, जितिया, करम परब, मनसा पूजा जैसे लोक पर्वों में उनकी सक्रिय भागीदारी रहती थी। लोकनृत्य और खेलों को बढ़ावा देना उनके व्यक्तित्व का अहम हिस्सा था। फुटबॉल उनका प्रिय खेल था और खिलाड़ियों को वे विशेष रूप से प्रोत्साहित करते थे।

**संसदीय जीवन और राजनीतिक विरासत**

उनका चुनावी सफर 1952 में झरिया से शुरू हुआ। 1971 में उन्होंने धनबाद से लोकसभा चुनाव लड़ा। वे सिंदरी और टुंडी से विधायक रहे तथा 1991 में गिरिडीह से लोकसभा सांसद चुने गये। दुर्भाग्यवश झारखंड राज्य के गठन (2000) से पहले ही 18 दिसंबर 1991 में उनका निधन हो गया, लेकिन राज्य निर्माण की वैचारिक नींव में उनकी भूमिका ऐतिहासिक रही।

**आज भी कुर्मी समाज के आदर्श**

बिनोद बिहारी महतो कुर्मी समाज के सबसे बड़े राजनीतिक प्रतीक माने जाते हैं। आज सत्ता और विपक्ष में जो भी प्रमुख कुर्मी नेता हैं–चाहे वे किसी भी दल में हों–उनकी राजनीतिक दीक्षा कहीं न कहीं बिनोद बाबू की विचारधारा से जुड़ी रही है। उनके प्रति श्रद्धा आज भी सभी के मन में समान रूप से विद्यमान है।

**स्मृति और संकल्प**

आज उनकी 24वीं पुण्यतिथि पर, धनबाद की बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, अनेक स्कूल-कॉलेज, स्टेडियम और हाल ही में बेरमो का बिनोद बिहारी महतो फुटबॉल ग्राउंड उनकी स्मृति को जीवित रखे हुए हैं। वहाँ स्थापित उनकी आदमकद प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों को संघर्ष, शिक्षा और सामाजिक न्याय का संदेश देती है।

बिनोद बिहारी महतो का जीवन इस सत्य का प्रमाण है कि विचार अगर सशक्त हों, तो व्यक्ति के जाने के बाद भी आंदोलन जीवित रहते हैं। उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें स्मरण करना केवल श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि उनके दिखाए रास्ते पर चलने का संकल्प है।

**(लेखक - झारखंड आंदोलनकारी हैं)**


## कोल्हान की खबरें

## घाटशिला विधायक ने मुसाबनी में धान अधिप्राप्ति केंद्र का किया उद्घाटन



**मुसाबनी (आजाद सिपाही)।** मुसाबनी प्रखंड के उत्तरी बादिया लैंपस परिसर में धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन विधायक सोमेश चंद्र सोरेन ने की। बुधवार को उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, राजनीतिक कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। मौके पर विधायक श्री सोरेन ने कहा धान अधिप्राप्ति केंद्र के खुलने से क्षेत्र के किसानों को अपनी उपज बेचने में सुविधा होगी। साथ ही उन्हें सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य का लाभ मिलेगा। उन्होंने किसानों से इस केंद्र का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। इस अवसर पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष प्रधान सोरेन, झामुमो नेता कालीपद गोराई, जगदीश भकत, आजजा उत्थान मंच के जिला अध्यक्ष लोबीन सबर, झामुमो नेता गौरांग माहली, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शत्रुघ्न प्रसाद, झामुमो सोशल मीडिया प्रभारी सोमाय सोरेन, युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष प्रिया नाथ बास्के सहित कई झामुमो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## साईं अमन प्ले स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



**चाईबासा (आजाद सिपाही)।** सदर बाजार माहुरी भवन स्थित साईं अमन प्ले स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हुआ। बुधवार को अंतिम दिन नन्हे–मुन्ने बच्चों के बीच म्यूजिकल चेयर रेस एवं बास्केट इन बॉल जैसी प्रतियोगिताएं करायी गयी, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभिन्न ग्रुपों में आयोजित प्रतियोगिताओं में बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका बोनोलता घोष ने बताया सभी विजेता एवं प्रतिभागी बच्चों को शनिवार को पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहीं।

## जरूरतमंद के बीच कान की मशीन का वितरण



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय के जनसुविधा प्रतिनिधि मुकुल मिश्रा ने बुधवार को बिष्टुपुर स्थित विधायक निवास कार्यालय में सोनारी निवासी केएम तिवारी को कान की मशीन प्रदान की। श्री तिवारी लंबे समय से सुनने की समस्या से पीड़ित थे।कान की मशीन मिलने पर श्री तिवारी ने राहत महसूस की और विधायक सरयू राय के प्रति आभार प्रकट की। इस अवसर पर जनसेवा के तहत जरूरतमंदों की सहायता जारी रखने की बात कही गयी।

# जरूरतमंदों की सेवा ही हमारा धर्म और ध्येय : अमरप्रीत सिंह काले

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने और मानवता के प्रति अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए हर हर महादेव सेवा संघ द्वारा संचालित कंबल वितरण अभियान निरंतर जारी है। यह सेवा अब शहर की सीमाओं से आगे बढ़ते हुए सुदूर ग्रामीण अंचलों तक पहुंच चुकी है। इसी क्रम में आज घाटशिला, बांकी, चाकदोहा, काशिदा, नरसिंहगढ़, धालभूमगढ़, मुसाबनी, जादूगोड़ा सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंद एवं असहाय बुजुर्गों के बीच कंबल वितरण किया गया। इस सेवा अभियान का नेतृत्व संघ के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने किया। कंबल पाकर कई बुजुर्ग भावुक हो उठे और उन्होंने संघ परिवार को हृदय से आशीर्वाद दिया। ग्रामीणों ने कहा कि कड़ाके की ठंड में यह सहायता उनके लिए जीवनदायिनी साबित हो रही है। इस अवसर पर अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि ठंड के मौसम में जीवन की कठिनाइयां और पीड़ा और अधिक बढ़ जाती हैं। ऐसे समय में बुजुर्गों के चेहरों पर मुस्कान और आंखों में संतोष देखना ही हमारी सेवा की सबसे बड़ी सफलता है। संघ का संकल्प है कि बिना किसी भेदभाव के यह सेवा यात्रा निरंतर चलती रहे, ताकि समाज का कोई भी असहाय व्यक्ति स्वयं को अकेला न महसूस करे। इस अवसर पर संघ परिवार से संरक्षक बृजभूषण सिंह, पूर्व अध्यक्ष राजू मारवाह, जितेंद्र चावला, कुसुम पूर्ति, जूगुन पांडे, बिभाष मजुमदार, प्रिंस सिंह, दीपक सिंह, शेखर मुखी, सरबजीत सिंह टोबी, रितिका श्रीवास्तव, कंचन देवी, सौरव चटर्जी, सूरज बाग सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

## सरायकेला-खरसावां में अंडर-19 नेशनल चेस चैंपियनशिप का शुभारंभ

**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिले में जूनियर अंडर-19 ओपन एवं बालिका नेशनल चेस चैंपियनशिप का भव्य उद्घाटन किया गया। बुधवार को प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला शतरंज संघ के सदस्य आरएन प्रसाद ने की। प्रतियोगिता के चीफ आर्बिटर अम्बरीश जोशी ने खिलाड़ियों को तकनीकी जानकारियां दीं।इस अवसर पर टाटा स्टील के वीपी डीबी सुंदरराम ने कॉमनवेल्थ गेम्स स्वर्ण पदक विजेता अधिराज मित्रा के संघर्ष को युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया। मौके पर आयोजकों ने बताया यह प्रतियोगिता पहली बार झारखंड में हो रही है। जिसमें देशभर के अंतरराष्ट्रीय व रेटेड खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# एसआर रूंगटा ए-डिवीजन लीग में लारसन क्लब ने सेरसा चक्रधरपुर को 107 रनों से हराया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में चल रहे 32वें एस आर रूंगटा ए-डिवीजन लीग, 2025-26 के आज के मैच में गत वर्ष की चैंपियन टीम लारसन क्लब चाईबासा ने सेरसा चक्रधरपुर को एकतरफा मुकाबले में 107 रनों से मात दी। इस जीत के साथ लारसन क्लब ने पूरे चार अंक हासिल किए और चार मैचों में यह टीम की दूसरी जीत रही।बुधवार को जीत के साथ लारसन क्लब अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गयी। जबकि सेरसा चक्रधरपुर एक पायदान खिसककर तीसरे नंबर पर आ गयी। वहीं यंग झारखंड चाईबासा की टीम तीनों लीग मैच जीतकर 12 अंकों के साथ शीर्ष पर बरकरार है और फाइनल में जगह बनाने की प्रबल संभावना बनाए हुए है। बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए लारसन क्लब ने 35 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 257 रन बनाये। टीम की ओर से देवांश शुक्ला ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 9 चौके और 2 छक्कों की मदद से सर्वाधिक 76 रन बनाये। अक्षत पटेल ने 45, जन्मजय सिंह यादव ने 38, आदित्य आर्या ने 33 और सचिन भाटी ने नाबाद 25 रन बनाये। सेरसा चक्रधरपुर की ओर से कमल गोप ने 23 रन देकर 3 और दीपक सरला ने 46 रन देकर 2 विकेट लिए। जवाब में 258 रनों का पीछा करने उतरी सेरसा की पूरी टीम 28 ओवर में 150 रन पर आल आउट हो गई। अमरेंद्र सामंता ने 38 और वीरेन उरांव एक्का ने 15 रन बनाए, जबकि बाकी कोई भी बल्लेबाज दोहरे अंक तक नहीं पहुंच पाया। लारसन क्लब की ओर से वामहस्त स्पिनर फैजानुल रहमान ने 22 रन देकर 3 विकेट और विनय यादव ने 44 रन देकर 3 विकेट चटकाए। जन्मजय सिंह यादव और सत्यम सिंह को दो-दो सफलता मिली। आज चक्रधरपुर क्रिकेट अकादमी का मुकाबला स्टूडेंट क्लब चाईबासा से होगा।

## मझगांव में भाजपा के नव नियुक्त मंडल अध्यक्षों का अभिनंदन




**मझगांव (आजाद सिपाही)।** विधानसभा क्षेत्र के कुमारडूंगी डाक बंगला में बुधवार को भाजपा झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री बड़कुंवर गागराई की अध्यक्षता में नव नियुक्त मंडल अध्यक्षों एवं प्रतिनिधियों का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में गाजे–बाजे, ढोल–नगाड़ों व पुष्पमालाओं के साथ नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया गया।इस अवसर पर बड़कुंवर गागराई ने नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों से संगठन को मजबूत करने और जनसेवा में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। कार्यक्रम में कुमारडूंगी, मझगांव, मंझारी व तांतनगर मंडल के अध्यक्ष व प्रतिनिधि सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समारोह के माध्यम से संगठन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ।

## जिला परिषद की बैठक में शिबू सोरेन और राम दास सोरेन को दी गयी श्रद्धांजलि

**चाईबासा (आजाद सिपाही)।** पश्चिमी सिंहभूम की सामान्य बैठक अध्यक्ष लक्ष्मी सुरेन की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में आयोजित की गयी। बैठक की शुरूआत स्वर्गीय शिबू सोरेन एवं स्वर्गीय राम दास सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गयी। बैठक में पेयजल, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और भवन निर्माण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। जर्जर विपणि भवन को खाली कर नया भवन निर्माण, विभिन्न प्रखंडों में मार्केट कॉम्प्लेक्स व बस पड़ाव निर्माण के लिए प्राक्कलन भेजने, अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त मकानों के लिए राहत सामग्री उपलब्ध कराने तथा शिक्षा विभाग से बकाया किराया वसूली जैसे निर्णय लिए गये। इसके अलावा कस्तूरबा विद्यालयों की समस्याएं, नशापान, साप्ताहिक बाजारों में जाम और कार्य न करने वाले संवेदकों को ब्लैकलिस्ट करने पर भी सहमति बनी। बैठक में जिले के विकास और जनहित से जुड़े कई प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी।

## भुईयांडीह से भिलाई पहाड़ी के लिए बनने वाली सड़क और पुल निर्माण कार्य शुरू



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** भुईयांडीह लिट्टी चौक से भिलाई पहाड़ी (एनएच–33) तक फोर लेन सड़क एवं स्वर्णरेखा नदी पर फोर लेन पुल निर्माण कार्य का बुधवार को विधायक पूर्णिमा साहू की मौजूदगी में विधिवत शुभारंभ किया गया। विधायक ने पूजन–अर्चना कर कार्य की शुरूआत की। 39.91 करोड़ की लागत से स्वीकृत इस परियोजना के तहत 242 मीटर लंबे फोर लेन पुल और 3.453 किमी सड़क का निर्माण किया जायेगा, जिसे 18 माह में पूरा करने का लक्ष्य है। विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा यह पुल जमशेदपुर के भविष्य की मजबूत नींव है और इसके निर्माण से भारी वाहनों का दबाव कम होगा, यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होगी तथा आम जनता को बड़ी राहत मिलेगी। विधायक ने लोगों को आश्वस्त किया निर्माण कार्य में किसी के घर को नुकसान नहीं होगा। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ता, स्थानीय नागरिक, पथ निर्माण विभाग के अभियंता एवं संवेदक के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# कांडी में धान खरीद शुरू, बीडीओ ने किया पैक्स केंद्रों का निरीक्षण




**कांडी (आजाद सिपाही)।** बीडीओ राकेश सहाय ने बुधवार को डूमरसोता एवं पतीला धान अधिप्राप्ति केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि कांडी प्रखंड में पैक्स के माध्यम से धान खरीद की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। किसानों से 24.50 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से धान की खरीद हो रही है। दोनों अधिप्राप्ति केंद्रों पर धान खरीदी का कार्य तेजी से चल रहा है। अब तक कुल तीन किसानों ने अपना धान पैक्स केंद्रों पर बेचा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस वर्ष लगभग 200 किसान पैक्स के माध्यम से अपना धान बेचेंगे। यह भी जानकारी दी कि धान अधिप्राप्ति केंद्र की ओर से किसानों को संदेश भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। संदेश मिलने के तीन दिनों के भीतर किसान अपना धान पैक्स केंद्र पर उपलब्ध कराएंगे। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने स्पष्ट कहा कि जो किसान धान बिक्री के लिए निबंधित हैं, यदि उन्हें खरीद-बिक्री की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की परेशानी होती है तो वे तुरंत प्रखंड कार्यालय को सूचना दें। किसानों को धान बेचने में किसी प्रकार की असुविधा न हो और उन्हें समय पर भुगतान हो यह देखना प्रखंड प्रशासन की जिम्मेदारी है।

# जीएन कॉन्वेंट स्कूल में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पर कार्यशाला का आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जीएन कॉन्वेंट स्कूल परिसर में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर बुधवार को कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें छात्र-छात्राओं की भागीदारी सराहनीय रही। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी एवं उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने किया। इस दौरान अपने संबोधन में निदेशक मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण का उद्देश्य लोगों को इसके प्रति जागरूक करना है। उन्हें यह समझाना है कि ऊर्जा का संयमित उपयोग करना और दुरुपयोग रोकना क्यों जरूरी है। ऊर्जा हमारे भविष्य का घटक है। आज का बचाव कल के लिए विकास का मार्ग खोलेगा। विश्व ऊर्जा संरक्षण दिवस पर हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि हम ऊर्जा का विवेकपूर्ण उपयोग करें एवं छोटे-छोटे प्रयासों से ऊर्जा बचाने में योगदन देंगे। कहा की वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, जल प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों की कमी ऊर्जा की बर्बादी के कारण उत्पन्न होने वाली प्रमुख समस्याएं हैं। इस दौरान भाषण एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। वहीं,कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक कृष्ण कुमार, विज्ञान शिक्षक विरेंद्र शाह, जूनियर इंचार्ज खुरशीद आलम, मुकेश भारती, दिनेश कुमार, नीरा शर्मा, नीलम कुमारी, सरिता दुबे, सुनीता कुमारी, चंदा कुमारी, शालिनी कुमारी, पूजा प्रकाश, संतोष प्रसाद आदि की भूमिका सराहनीय रही।

# 250 दिव्यांग जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** झारखंड पेंशनर्स कल्याण समाज की ओर से आवासी. कार्यालय में पेंशन दिवस पर बुधवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों डुमरो, महुलिया, करमडीह, सहिजना, खजूरी, बघौता, किता सोती एवं दीपवां आदि क्षेत्र से आए निर्धन दिव्यांगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष केके यादव की अगुवाई में दिव्यांगों में कंबल बांटा गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में एसबीआइ के मुख्य शाखा प्रबंधक भी उपस्थित थे। अशर्फी राम ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस दौरान करीब 250 कंबल बांटे गयें। मौके पर सीताराम चौबे, गोपाल राम, संतोष कुमार, श्रवण राम, अमरनाथ गुप्ता, श्याम बिहारी राम, कबूतरी देवी, रमाआधार यादव, निर्मल कुमार साहू, शिवनारायण प्रसाद, बिहारी राम, गणेश प्रसाद यादव, प्रेमचंद राम, कृष्ण कुमार तिवारी, कमलेश चौबे, बलदेव यादव, कृष्ण कुमार प्रसाद, गोपाल राम, सुदामा राम, इंदु भूषण मिश्रा और संतोष कुमार आदि उपस्थित थे।

# एनडीआरएफ ने आपदा को लेकर किया जागरूक



**भवनाथपुर/केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार को एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा मोचन बल) पटना की टीम ओर से आपात स्थितियों से निपटने को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। इसका उद्देश्य आम नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं सरकारी कर्मियों को विभिन्न आपदाओं के समय सतर्कता, त्वरित प्रतिक्रिया और प्राथमिक बचाव उपायों की जानकारी देना था। इस दौरान एनडीआरएफ की टीम ने वज्रपात, बाढ़, सड़क दुर्घटना, सर्पदंश (स्नेक बाइट), आगजनी और हार्ट अटैक जैसी आपात स्थितियों पर विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षकों ने बताया कि प्राकृतिक और मानव जनित आपदाओं में घबराहट से स्थिति और बिगड़ जाती है। इसलिए सही जानकारी और समय पर लिया गया निर्णय कई जिंदगियों को बचा सकता है। वज्रपात के विषय में बताया कि आकाशीय बिजली गिरने के दौरान खुले मैदान, पेड़ के नीचे, बिजली के खंभों और मोबाइल फोन के अधिक उपयोग से बचना चाहिए। बाढ़ के समय ऊंचे सुरक्षित स्थानों पर जाना चाहिए। आगजनी की स्थिति में आग बुझाने के प्राथमिक उपाय, गैस सिलेंडर से होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव और सुरक्षित निकासी के तरीकों का प्रदर्शन किया गया। वहीं हार्ट अटैक के मामलों में सीपीआर देने की प्रक्रिया को व्यवहारिक रूप से समझाया गया। इस मौके पर सीओ शंभु राम, बीडीओ नंदजी राम, सिंदुरिया मुखिया नंदलाल पाठक, उप मुखिया वैस खान, एनडीआरएफ के एसआई कवि रंजन शर्मा, एएसआई उमेश कुमार, हेड कांस्टेबल गुलशन कुमार, सुनील भारती, राजेश कुमार, त्रिलोकी नाथ, संजय यादव, सत्येंद्र कुमार, रमेश कुमार, हिमांशु, पवन कुमार और शैलेन्द्र कुमार उपस्थित थे। दूसरी ओर, **केतार प्रखंड** कार्यालय परिसर में 9वीं बटालियन एनडीआरएफ की टीम ने लोगों को जागरूक किया। आपदा एवं आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के उपाय बताये। इस दौरान बीडीओ प्रशांत कुमार सहित प्रखंड कार्यालय के सभी कर्मी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। एनडीआरएफ के अधिकारियों ने बताया कि प्राकृतिक आपदाओं के दौरान घबराने के बजाय सतर्कता,सही जानकारी और त्वरित निर्णय से जान-माल की क्षति को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

# डंडई के कई विद्यालयों में वर्षों से एक ही जगह जमे हैं शिक्षक, नहीं हुआ स्थानांतरण

## कई जगहों के शिक्षकों पर स्कूल में शुरुआती उपस्थिति दर्ज कराकर वापस लौटने का आरोप

- शिक्षकों के लिए आराम का साधन बनी प्रतिनियुक्ति

जितेंद्र कुमार यादव




**डंडई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के कई विद्यालयों में वर्षों से एक ही स्थान पर शिक्षक जमे हुए हैं, जिनका अब तक कहीं स्थानांतरण नहीं हुआ है। इनमें पारा शिक्षक से लेकर सरकारी शिक्षक तक शामिल हैं। शिक्षकों का लंबे समय तक एक ही विद्यालय में बने रहना सीधे तौर पर विद्यालयों की शैक्षणिक व्यवस्था को प्रभावित कर रहा है, जिसका खामियाजा छात्र-छात्राओं को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जो सरकारी शिक्षक अन्य प्रखंडों से आकर विद्यालयों में पदस्थापित हैं, वे विद्यालय अवधि तक उपस्थित रहकर किसी तरह समय व्यतीत कर लेते हैं। वहीं, स्थानीय या प्रखंड के पारा शिक्षक एवं सरकारी शिक्षक विद्यालय में केवल शुरूआती उपस्थिति दर्ज कराकर गायब हो जाते हैं। इसके बाद स्कूल की छुट्टी होने से कुछ देर पहले दोबारा आकर उपस्थिति बनाकर वापस घर लौट जाते हैं। इससे पठन-पाठन की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। ग्रामीणों ने बताया कि जब तक शिक्षकों का प्रखंड स्तर पर स्थानांतरण नहीं किया जाएगा, तब तक विद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियों में सुधार संभव नहीं है। स्थिति यह है कि कई विद्यालयों में शिक्षकों द्वारा पढ़ाए जाने वाले विषय भगवान भरोसे चल रहे हैं। बच्चों के भविष्य के साथ खुला खिलवाड़ हो रहा है। इतना ही नहीं, प्रखंड के कई पारा और सरकारी शिक्षक वर्षों से प्रतिनियुक्ति पर दूसरे विद्यालयों या स्थानों पर जमे हुए हैं। कुछ शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति को एक-दो वर्ष नहीं, बल्कि आठ-10 साल बीत चुके हैं, फिर भी उन्हें उनके मूल विद्यालय में वापस नहीं भेजा गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई शिक्षक बेवजह दूसरे विद्यालयों या स्थानों पर प्रतिनियुक्ति कराकर वहां आराम करने में लगे हैं। ऐसे शिक्षकों के लिए प्रतिनियुक्ति एक बड़ा सहारा बन गई है, जबकि विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था लगातार बदहाल होती जा रही है।

# कांडी के तीन पंचायत हुए 'टीबी मुक्त' घोषित

## तीनों पंचायत के मुखियाओं को किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



मुखिया सोनी देवी को सम्मानित करते प्रभारी चिकित्सका प्रभारी गोविंद सेठ।

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र के शिवपुर, बलियारी और कांडी को टीवी मुक्त पंचायत घोषित किया गया है। इस उपलब्धि पर बुधवार को आयोजित सम्मान समारोह में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी गोविंद सेठ ने तीनों पंचायतों के मुखियाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कांडी के मुखिया विजय राम, शिवपुर की मुखिया सोनी देवी और बलियारी के मुखिया पुरुषोत्तम कुमार रवि को सम्मान स्वरूप राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा भेंट की गई। इसमें सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर शिवपुर की मुखिया सोनी देवी ने कहा कि कांडी प्रखंड ने टीवी मुक्त अभियान के तहत एक मिसाल कायम की है। यदि इसी तरह प्रशासनिक सहयोग और जनभागीदारी बनी रही, तो आने वाले समय में कांडी की सभी पंचायतों को टीवी मुक्त घोषित किया जा सकता है। वहीं, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी गोविंद सेठ ने कहा कि टीवी उन्मूलन अभियान को सफल बनाने में पंचायत प्रतिनिधियों, स्वास्थ्य कर्मियों और ग्रामीणों की भूमिका सराहनीय रही है। उन्होंने अभियान को निरंतर जारी रखने की अपील की। अंत में उपस्थित सभी लोगों ने टीवी उन्मूलन अभियान को आगे बढ़ाने एवं स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए सामूहिक संकल्प लिया।

# स्वामी विवेकानंद की जयंती पर होगा 'राष्ट्रीय युवा महोत्सव' का आयोजनः डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** केंद्र सरकार की युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देश के आलोक में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2026 के तहत जिला, प्रमंडल एवं राज्य स्तर पर आयोजित होने वाले युवा उत्सव 2026 की तैयारियों को लेकर बुधवार को समाहरणालय सभागार में प्रेस वार्ता आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता डीसी दिनेश यादव ने की। इसमें डीसी ने झारखंड रांची के खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय के निदेशक की अध्यक्षता में विगत आठ दिसंबर 2025 को हुई बैठक में युवा उत्सव 2026 के आयोजन को लेकर हुई चर्चा को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया। इस दौरान निर्णय लिया गया कि युवा उत्सव का आयोजन जिला, प्रमंडल एवं राज्य स्तर पर किया जाएगा। बैठक में युवा उत्सव के सुचारू एवं सफल आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया गया। बताया गया कि जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 19 दिसंबर 2025 को सद्गुरु जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय, गढ़वा में किया जाएगा। वहीं प्रमंडल स्तरीय आयोजन 22 दिसंबर एवं राज्य स्तरीय युवा उत्सव 26 एवं 27 दिसंबर को प्रस्तावित है। जिला, प्रमंडल एवं राज्य स्तर पर आयोजन को लेकर पृथक-पृथक आयोजन समितियों का गठन किया जाएगा, जिनकी देखरेख में कार्यक्रमों का सफल संचालन किया जाएगा। युवा उत्सव के अंतर्गत जिला, प्रमंडल एवं राज्य स्तर पर सामूहिक लोकनृत्य, सामूहिक लोकगीत, कविता लेखन, चित्रकला एवं भाषण जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी प्रमंडल स्तर पर, प्रमंडल स्तर के विजेता राज्य स्तर पर एवं राज्य स्तर के प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए चयनित होंगे। डीसी ने कहा कि युवा उत्सव 2026 युवाओं की रचनात्मकता, सांस्कृतिक प्रतिभा एवं नेतृत्व क्षमता को प्रोत्साहित करने का सशक्त मंच है। जिला प्रशासन इसके सफल आयोजन की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेगी।

# अधेड़ की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, अर्धनग्न शव बरामद



**भंडारिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के जनेवा गांव के बंगली डेरा प्राथमिक विद्यालय से करीब 400 फीट दूर तालाब के पिछे बुधवार को गांव के ही 56 वर्षीय एक अधेड़ व्यक्ति का अर्धनग्न शव बरामद हुआ। जिसकी पहचान राजनाथ सिंह के रूप में हुई है। शव पाये जाने के बाद गांव में हडकंप मच गया। तुरंत इसकी सूचना भंडरिया थाने को दी गयी। खबर पाते ही पुलिस दल बल के साथ मौके पर पहुंच गयी और शव का पंचनामा कर उसे अपने कब्जे में लेकर थाना पहुंची। हालांकि मौत के असल कारणों का पता नहीं चल सका है। जानकारी के अनुसार राजनाथ सिंह मंगलवार की रात से ही अपने घर से गायब था। बुधवार की सुबह स्वजन उसकी खोजबीन कर रहे थे। वाट्सएप ग्रुप में मृतक की तस्वीर लगाकर रात से ही लापता होने की बात लिखकर तलाश कर रहे थे। इधर, थाना प्रभारी से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टि में मौत ठंड लगने से भी मौत हो सकती है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों का पता चल सकेगा।

# बिना लंबर प्लेट के आधा दर्जन से अधिक दोपहिया वाहन जब्त



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने नगर उंटारी बाजार एवं उसके आसपास के क्षेत्र में वाहन जांच अभियान चलाकर आधा दर्जन से अधिक दो पहिया वाहनों को बिना नंबर प्लेट के चलाने के आरोप में जब्त कर लिया है। इस दौरान थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने लोगों से अपील की कि बिना नंबर प्लेट एवं अन्य कागजात के बिना वाहन ना चलाएं। ट्रैफिक नियमों का अवश्य पालन करें।

# विजय दिवस पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में कार्यक्रम आयोजित

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। विजय दिवस पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मंगलवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस दौरान वक्ता भैया-बहन सुहानी (कक्षा 8), रूपांजलि (कक्षा 7), श्वेता (कक्षा 7) एवं आयुषी (कक्षा 9) किंजल (कक्षा 8) ने विजय दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए। बताया कि 16 दिसंबर 1971 का दिन भारतीय इतिहास का अत्यंत गौरवपूर्ण दिन है, जब भारतीय सेना ने पराक्रम का परिचय देते हुए पाकिस्तान को हराकर बांग्लादेश को आजादी दिलायी थी। इस अवसर पर देशभक्ति गीत की प्रस्तुति सपना एवं दिव्या (कक्षा 8) ने की। वहीं, आचार्य अभिषेक ने कहा कि विजय दिवस हमें भारतीय सेना के अदम्य साहस, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति समर्पण की स्मृति कराता है।

# सिंचाई मोटर पंप की चोरी, थाने में शिकायत

रंका (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के दूधवल पंचायत के ग्राम बेलवादामर टोला जोगियामठ निवासी अनिल कुमार मेहता ने नदी किनारे सिंचाई के लिए विद्युत सिंचाई मोटर पंप लगाया था, जो चोरी होग या। इस बाबत रंका थाना में आवेदन देकर जांच कर चोरी में संलिप्त लोगों को गिरफ्तार करने की अपील की है। रंका थाने में दिए आवेदन में अनिल ने बताया कि 16 दिसंबर को रात में दो विद्युत सिंचाई मोटर पंप की चोरी हो गई, जिसमें एक रामलखन मेहता और दूसरा हृदय नारायण मेहता का है। दोनों मोटर पंप सिंचाई के लिए नदी के किनारे लगा हुआ था। पीड़ित ने कहा कि विगत कई वर्षों से यहां पंपों की चोरी होती रही है। पर पंप चोर पकड़े नहीं जा पा रहे हैं, जिससे उनका मनोबल बढ़ा हुआ है। इसलिए उसकी गिरफ्तारी बेहद जरूरी है।

# बलिगढ़ में मक्का बीज का हुआ वितरण

केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत बलिगढ़ पंचायत में किसानों के बीच मक्का बीज का वितरण किया गया। इस दौरान प्रमुख चंद्रावती देवी, मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता एवं बीपीएम राकेश कुमार रजक ने संयुक्त रूप से किसानों के बीच मक्का बीज का वितरण किया। बीपीएम राकेश रजक ने बताया कि कृषि विभाग की योजना के तहत कुल 400 किसानों के बीच बीज का वितरण किया गया। उन्होंने किसानों से उन्नत तकनीक अपनाने और विभागीय योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। वहीं, किसानों ने इस पहल के लिए विभाग एवं जनप्रतिनिधियों का आभार जताया।

## एसडीएम के कॉफी टेबल पर मेहमान बनकर पहुंचे सफाई कर्मी

# सफाई कर्मी ही स्वच्छ और सुंदर शहर के असली नायक : संजय

आजाद सिपाही संवाददाता



### सफाई कर्मी सभ्य समाज की रीढ़, उनका श्रम सम्मान का प्रतीक

**एसडीएम संजय कुमार ने सफाई कर्मियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके योगदान को समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। कहा कि सफाई कर्मी समाज का वह मजबूत स्तंभ हैं, जिनके परिश्रम से शहर स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित बनता है। उनका कार्य केवल नौकरी नहीं, बल्कि समाज की सतत सेवा का अच्छा उदाहरण है। एसडीएम ने सभी सफाई कर्मियों के पारिवारिक हालात की भी जानकारी ली एवं उनसे नशाखोरी एवं अन्य सामाजिक बुराइयों से दूर रहने की अपील की।**

**गढ़वा।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' के तहत बुधवार को सदर एसडीएम संजय कुमार ने शहर के सफाई कर्मियों के साथ भावनात्मक एवं आत्मीय संवाद किया, जिसमें 70 से अधिक महिला एवं पुरुष सफाई कर्मी शामिल रहे। इसकी विशेषता यह रही कि यह केवल औपचारिक बैठक न होकर एक अभिभावक और परिवार के सदस्यों के बीच संवाद जैसा प्रतीत हुआ। इस अवसर पर स्वच्छता कर्मियों ने कहा कि एसडीएम से उनका रिश्ता सदैव अभिभावक जैसा रहा है। पूर्व में नगर परिषद में कार्यपालक पदाधिकारी के रूप में कार्यरत रहने के दौरान भी संजय कुमार हमेशा सभी कर्मियों की समस्याओं और आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशील रहे हैं एसडीएम ने कहा कि सभी सफाई कर्मी भाई-बहन शहर की प्रत्येक गली और मोहल्ले तक प्रतिदिन पहुंचते हैं। ऐसे में यदि कहीं भी किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या असामाजिक तत्वों की जानकारी मिले तो वे निडर होकर प्रशासन को सूचित करें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सूचना देने वाले का नाम और पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। अंत में 'आइए खुशियां बांटें' मुहिम के तहत सभी सफाई कर्मियों को सम्मानस्वरूप गर्म कपड़े भेंट किए गए। साथ ही एसडीएम ने सभी को अग्रिम रूप से अंग्रेजी नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए आग्रह किया कि वे पूर्व की भांति शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते रहें। इस दौरान नगर परिषद के स्वच्छता सुपरवाइजर, सभी सफाई कर्मी, आइये खुशियां बांटें टीम के सदस्य साबिर अंसारी, कंचन प्रसाद, रविंद्र पासवान, अनिल कुमार और अखिलेश राम आदि मौजूद थे।


Government of Jharkhand
Department of School Education and Literacy
(Jharkhand Education Project Council, Ranchi)
J.S.C.A. Stadium Road, Sector.-III, Dhurwa, Ranchi-834004
Phone: 0651-2444501, E-Mail: jepcranchi1@gmail.com

**e-Procurement Notice**

JEPC invites Separate Technical & Financial Bids through from eligible and interested contractors for Construction Of 02 A.C.R & Boundary wall in Govt. School in Gandey, Bengabad block of district Giridih. Interested and eligible bidders are requested to submit their proposal latest by 30.12.2025 at 2.00 PM.

The details of tender document can be seen and applied through website http://jharkhandtenders.gov.in only.

Sd/-
State Project Director
Jharkhand Education Project Council

Ref. No.: **JEPC/CIV/03/2060/2025/6415** Ranchi, Date: -16.12.2025
PR 368769 Jharkhand Education Project Council(25-26)D



कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, राँची
कमरा नं0 302, तृतीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची– 834001
ई–मेल – eemidran-cemr-jhr@nic.in, midranchi2018@gmail.com
फोन नं0 – 0651–3512781

पत्रांक................../ राँची, दिनांक ........./........./2025

**शुद्धि–पत्र**

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, राँची का पत्रांक– 837 दिनांक–01.12.2025 द्वारा e-Tender Reference No. WRD/MID/03/BD/(SLI) 2025-26, PR No.367548 Minor Irrigation (25-26).D दिनांक 03.12.2025 को प्रकाशित निविदा में निम्न प्रकार संशोधन किया जाता है:–

| क्रमांक | विवरण | पूर्व में अंकित निविदा का तिथि एवं समय | संशोधित निविदा का तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | Date of Publication of Tender on website | Date: 17.12.2025 Time: 2:00 PM | 24.12.2025 up to 2.00 pm |
| 2 | Last Date/Time for downloading of bidding documents and Submission of Tender on Website | Date: 23.12.2025 Time: 2:00PM | 30.12.2025 up to 2:00 pm |
| 3 | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date:-17.12.2025 Time:- 2:00 PM Last Date:- 23.12.2025 Time:- 2:00 PM | Start Date:- 24.12.2025 up to 2:00 pm Last Date:- 30.12.2025 Time:- 2:00 PM |
| 4 | Technical Bid Opening Date | Date: 24.12.2025 Time: 5:00 PM | 31.12.2025 at 5:00 pm |

निविदा की शेष सभी शर्तें पूर्वतः बनी रहेगी।

विश्वासभाजन
कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, राँची

PR 368840 Minor Irrigation(25-26)#D

## जिप सदस्य ने किया जल मीनार निर्माण कार्य का शिलान्यास



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के काड़का टोला बांधडीह में ईचागढ़ दक्षिण 2 के जिला परिषद सदस्य ज्योति लाल मांझी ने नारियल फोड़कर व शिलापट्ट अनावरण कर जल मीनार निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। 15वीं वित्त आयोग की जिला परिषद मद से करीब 6 लाख रुपए की लागत से सौर ऊर्जा संचालित जल मीनार का निर्माण किया जायेगा। मेसर्स मां दुर्गा कंस्ट्रक्शन के द्वारा जल मीनार का निर्माण कराया जायेगा। वहीं जिप सदस्य ज्योति लाल मांझी ने बताया कि जल मीनार का निर्माण होने से ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल का समस्या से निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि संवेदक को समय पर एवं गुणवत्तापूर्ण जल मीनार निर्माण का निर्देश भी दिया गया। मौके पर चांडिल के जिप सदस्य सविता मार्डी, तिलक उरांव, डोमन चंद्र पाल और ग्रामीण उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। ईचागढ़ थाना क्षेत्र के मिलन चौक के अनिल गोप 20 वर्ष की सड़क दुर्घटना से घायल होने के बाद इलाज के दौरान बुधवार को रिम्स में मौत हो गयी। पोस्टमार्टम के बाद शव मिलन चौक पहुंचते ही व्यवसायिक वर्ग में मातम छा गया। व्यवसायिक समिति ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया है। वह मिलन चौक में होटल चलाता था। मृतक अनिल गोप मुल रूप से तिरूलडीह थाना क्षेत्र के पांडरा गांव का रहने वाला था और वह मिलन चौक में दुकान चलाता था।

## मां केयर चेरिटेबल ट्रस्ट ने किया कंबल वितरण



खूंटी (आजाद सिपाही)। लगातार गिरते तापमान और बढ़ती ठंड को देखते हुए रांची की सामाजिक संस्था मां केयर चेरिटेबल ट्रस्ट ने जरूरतमंदों की सहायता के लिए बुधवार को कर्रा थाना क्षेत्र के जरिया गढ़ में कंबल वितरण किया।इस अवसर पर जरिया गढ़ के कसगढ़िया टोली, बनिया टोली, पाहन टोली, हरिजन बस्ती, सेमरटोली, पांडे टोली, बांस टोली, नायक टोली आदि गांव के 35 लोगों को कंबल दिया गया। संस्था की सचिव वंदना उपाध्याय ने बताया कि मां केयर चेरिटेबल ट्रस्ट गरीब और असहाय लोगों की सेवा के लिए निरंतर कार्य करती रही है। कंबल वितरण में ट्रस्ट के अभिषेक कुमार, सचिव सह समाजसेवी वंदनासीउपाध्याय, प्रियंका शर्मा, लाल विजय नाथ शाहदेव, जगरनाथ साहू, राम लखन, बिंदेश्वर, बीरेंद्र सिंह, नंदकुमार सिंह आदि ने योगदान दिया।

## कोल फील्ड मजदूर यूनियन पुरानडीह परियोजना शाखा कमेटी का गठन, सुशांत बिश्नोई बने अध्यक्ष



नयी कमिटी के पदाधिकारियों और सदस्यों का स्वागत करते यूनियन के लोग।

खलारी (आजाद सिपाही)। कोल फील्ड मजदूर यूनियन की बैठक बुधवार को पुरानडीह परियोजना में हुई। बैठक की अध्यक्षता सुशांत बिश्नोई ने की जबकि संचालन अनूप कुमार रजक ने किया। बैठक में मुख्य रूप से यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष सह सीसीएल उपाध्यक्ष मिथलेश सिंह, सीसीएल संगठन मंत्री ध्वजाराम धोबी एवं केंद्रीय सदस्य रामा उरांव उपस्थित थे। बैठक के दौरान यूनियन पदाधिकारियों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से नयी पुरनाडीह परियोजना शाखा कमिटी का गठन किया गया। नवगठित कमिटी में सुशांत बिश्नोई को अध्यक्ष, बालेश्वर उरांव को कार्यकारी अध्यक्ष, जबकि धनराज भोगता एवं सुरेश मुंडा को उपाध्यक्ष बनाया गया। अनूप कुमार रजक को सचिव तथा विजय उरांव, बिनोद कुमार एवं सरस्वती तिग्गा को सह सचिव नियुक्त किया गया। इसके अलावा सुशील चैधरी को कोषाध्यक्ष, सोनू ठाकुर एवं सुधीर कुमार को संगठन सचिव मनोनीत किया गया। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में जगदीश राम, रॉबिन टोपनो, रातों उरांव, विनोद उरांव, सुशील कच्छप, जैनुल अंसारी, दिलीप कुमार, जितेंद्र नोनिया, बिपिन किशोर तिग्गा, विश्व संतोष टुटी एवं रामू भूत कुमार को शामिल किया गया। बैठक में यूनियन पदाधिकारी, सदस्य एवं कामगार उपस्थित थे।

## झारखंडी संस्कृति पर आधारित शॉर्ट फिल्म में धमधमिया की मोनिका महतो मुख्य नायिका



मोनिका महतो।

खलारी (आजाद सिपाही)। धमधमिया निवासी मोनिका महतो झारखंड की समृद्ध संस्कृति और लोकजीवन पर आधारित बन रही एक शॉर्ट फिल्म में मुख्य नायिका की भूमिका निभा रही हैं। मोनिका को बचपन से ही कला के प्रति गहरी रुचि रही है और यही रुचि उन्हें अभिनय के क्षेत्र तक लेकर आई है। मोनिका ने बताया कि यह शॉर्ट फिल्म झारखंडी समाज की आत्मा, उसकी परंपराओं और जमीनी संस्कारों को दर्शाने का प्रयास है। फिल्म की शूटिंग पश्चिम बंगाल में की जा रही है, जबकि इसके संवाद और गीत ठेठ नागपुरी और सदरी भाषा के मिश्रण में हैं, ताकि झारखंड की माटी की खुशबू पर्दे पर जीवंत हो सके। फिल्म में सिमडेगा निवासी सत्य महतो सिंगर, अभिनेता, निर्देशक और गीतकार के रूप में अपना बहुआयामी योगदान दे रहे हैं। वहीं, अभिनेता के रूप में सुबास महतो नजर आयेंगे और सिनेमैटोग्राफी की जिम्मेदारी आतिफ अकब संभाल रहे हैं।

## विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




बुंडू (आजाद सिपाही)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची द्वारा बुंडू स्थित पीपीके कॉलेज, में बाल विवाह के खिलाफ एक दिवसीय कार्रवाई के तहत, नालसा द्वारा संचालित आशा अभियान के तीसरे दिन बाल विवाह के रोकथाम के लिए विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर कविता कुमारी खाती ने कहा कि 18 साल से कम उम्र की लड़की और 21 साल से कम उम्र के लड़कों का विवाह बाल विवाह कहलाता है। इससे शिक्षा बाधित होती है, जिससे भविष्य अंधकारमय होता है। घरेलू हिंसा और दुर्व्यवहार का खतरा बढ़ जाता है। इस अवसर पर डिप्टी एलएडीसी कविता कुमारी खाती, पीएलवी डॉ अनिल कुमार वर्मा, सोनामनी देवी, रूकमनी देवी, प्रदुमन प्रमाणिक, सोहेब अंसारी, बिमला कुमारी, संध्या कुमारी, दिलखुश महतो एवं राजा वर्मा समेत अन्य लोग उपस्थित हुए।

## जेएलकेएम मोर्चा के बैनर तले तीसरे दिन भी जारी रहा धरना

खलारी (आजाद सिपाही)। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के बैनर तले पार्टी के जिला संगठन मंत्री रतिया गंझू का धरना प्रखण्ड कार्यालय परिसर में तीसरे दिन भी जारी रहा। धरना स्थल पर कार्यकताओं और आम लोगों की भागीदारी लगातार बनी हुई है, जिससे आंदोलन को मजबूती मिल रही है। धरना को संबोधित करते हुए जेएलकेएम खलारी प्रखंड अध्यक्ष पश्चिमी तौहीद अंसारी ने कहा कि खलारी में निमार्णाधीन सीएचसी अस्पताल में गंभीर अनियमितताएं सामने आ रही हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द सुधार नहीं किया गया तो यह आंदोलन और भी लंबा तथा व्यापक रूप ले सकता है।

# प्रेम, शांति, त्याग और सेवा भावना का प्रतीक है क्रिसमस : सुदीप गुड़िया

**बीएमसी ग्राउंड, मिशन चौक गोविंदपुर में गैदरिंग समारोह का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** बीएमसी ग्राउंड, मिशन चौक गोविंदपुर में गुरुवार को ऑल चर्चेज कमेटी के तत्वावधान में सामूहिक गैदरिंग समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

अपने संबोधन में विधायक गुड़िया ने कहा कि क्रिसमस पर्व प्रेम, शांति, त्याग और सेवा की भावना का प्रतीक है। यह पर्व समाज के कमजोर, वंचित एवं जरूरतमंद लोगों की सहायता करने तथा मानवता के प्रति अपने दायित्वों को निभाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन सामाजिक समरसता को सशक्त बनाते हैं और सभी वर्गों के लोगों को एक-दूसरे के और करीब लाने का कार्य करते हैं।

विधायक ने प्रभु यीशु मसीह से तोरपा विधानसभा वासियों सहित समस्त जनता की खुशहाली, शांति एवं निरंतर विकास की कामना की। इस अवसर पर ऑल चर्चेज कमेटी के सदस्य बिपुल लकड़ा, मार्शल बारला, जगत निस्तार, आशीष करकेट्टा, असित लकड़ा, विकसल सुरीन, सुशील कंडुलना, शिशिर तोपनो, विनोद भेगरा, प्यारा टूटी, दिलबर होरो, प्रवीण तोपनो, अनूप गुड़िया, झामुमो पदाधिकारी राहुल केशरी, पूनम बारला, समुयल धान, जोहान होरो, विजय आईंड सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# सिल्ली में रांची प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को किया गया सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिल्ली ।** मुरी हिंडाल्को क्लब परिसर में बुधवार को सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण पत्रकारों तत्वावधान में हिंडाल्को के सहयोग से रांची प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों को किया गया सम्मानित। कार्यक्रम में नव निर्वाचित अध्यक्ष शंभूनाथ चौधरी, सचिव अभिषेक सिन्हा, कोषाध्यक्ष कुबेर सिंह, कार्यकारिणी सदस्य राजा बॉबी, संतोष सिन्हा, पूर्व अधक्ष सुरेंद्र सोरेन, पूर्व सचिव अमरकांत, पूर्व संयुक्त सचिव रतनलाल, पूर्व कोषाध्यक्ष जयशंकर, पूर्व सदस्य विजय मिश्रा, क्लब के चुनाव संचालन समिति के प्रभात सिंह, प्रमोद और सूजीत शामिल हुए। ग्रामीण पत्रकारों ने सभी को पुष्प गुच्छ और ओढ़ाकर तथा उपहार भेंट कर सम्मानित किया। शंभू नाथ चौधरी ने कहा ने कि रांची प्रेस क्लब निरंतर अपने पत्रकार साथियों के हितों के लिए लड़ता रहेगा और साथ ही हमारा उद्देश्य पत्रकार के हित में कार्य करते हुए प्रेस क्लब को नयी शिखर तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की जो ज़िम्मेदारियां और चुनौतियां हैं उसको देखते हुए काम करता रहूंगा। बल्कि पत्रकार समाज के प्रति एक बड़ी ज़िम्मेदारी का है। इस मौके पर क्षेत्र के पत्रकार उपस्थित थे।

# प्रकाश टूटी बने एबीवीपी के प्रदेश मंत्री, बिरसा कॉलेज में सम्मान समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता




**खूंटी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) में प्रदेश मंत्री बनाये जाने पर छात्र नेता प्रकाश टूटी के सम्मान में बुधवार को स्थानीय बिरसा कॉलेज, खूंटी के बहुउद्देशीय भवन में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज प्रशासन एवं एबीवीपी खूंटी इकाई के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।

समारोह को संबोधित करते हुए बिरसा कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ चंद्र किशोर भगत ने कहा कि सुदूर आदिवासी क्षेत्र से निकलकर प्रदेश स्तर पर नेतृत्व की जिम्मेदारी मिलना पूरे कॉलेज और खूंटी जिले के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि परिश्रम, अनुशासन और निरंतर प्रयास से कोई भी छात्र उच्च मुकाम हासिल कर सकता है। साथ ही उन्होंने उम्मीद जतायी कि प्रकाश टूटी भविष्य में भी विद्यार्थियों के हित में सकारात्मक भूमिका निभाते रहेंगे।

एबीवीपी द्वारा संगठनात्मक विस्तार एवं सशक्तिकरण के तहत प्रकाश टूटी को प्रदेश मंत्री का दायित्व सौंपा गया है। उनके मनोनयन से संगठन के कार्यकर्ताओं एवं विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल देखा गया। जिला संयोजक पवन कुमार ने कहा कि प्रकाश टूटी लंबे समय से छात्रहित से जुड़े मुद्दों, विशेषकर आदिवासी विद्यार्थियों की शिक्षा, छात्रवृत्ति एवं छात्रावास संबंधी समस्याओं को मजबूती से उठाते रहे हैं।

प्रदेश मंत्री बनाये जाने पर प्रकाश टूटी ने कहा कि यह दायित्व उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने संगठन के मूल्यों के अनुरूप छात्रहित, राष्ट्रहित तथा विशेषकर आदिवासी विद्यार्थियों के अधिकारों के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर खेल प्रभारी राजकुमार गुप्ता, अभिषेक श्रीवास्तव, शीला कुमारी, अल्पना कुमारी, सुशील, विजय प्रधान, काली मुंडा, डॉ पुष्पा सुरीन सहित बड़ी संख्या में बिरसा कॉलेज के विद्यार्थी उपस्थित थे।

# सीनियर नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में सुरभि पाल ने जीता सिल्वर पदक



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिल्ली।** हैदराबाद में आयोजित सीनियर नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकेडमी, सिल्ली की प्रतिभाशाली तीरंदाज सुरभि पाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम स्पर्धा में सिल्वर पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस टीम में ओलंपियन अंकिता भगत तथा जमशेदपुर की कोमोलिका बारी भी शामिल थीं।

इस उपलब्धि पर बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकेडमी के संरक्षक सुदेश कुमार महतो, अध्यक्ष नेहा महतो, जयपाल सिंह, ब्रजेश प्रसाद, कोच शिशिर महतो समेत सभी कोचों एवं प्रशिक्षु तीरंदाजों ने सुरभि पाल एवं पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। एकेडमी से जुड़े लोगों ने कहा कि सुरभि पाल की यह सफलता क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है और आने वाले समय में वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और बेहतर प्रदर्शन करेंगी।

## चतरा जिला अंडर-14 क्रिकेट टीम में बचरा से तीन खिलाड़ियों का चयन



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा से तीन क्रिकेट खिलाड़ियों का चयन चतरा जिला अंडर-14 क्रिकेट टीम में किया गया है। तीनों खिलाड़ियों के चयन पर पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कई लोगों ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस संबंध में राइजिंग क्रिकेट अकादमी बचरा के संस्थापक एवं कोच दिलनवाज अंसारी ने बताया कि चतरा जिला अंडर-14 क्रिकेट टीम में पिपरवार क्षेत्र के बचरा से तीन खिलाड़ियो का चयन किया गया है। जिसमें देव कुमार पिता राजु साव, आर्यण भगत पिता राम किशोर टाना भगत और सौरभ कुमार पिता संजय यादव का नाम शामिल है। उन्होंने बताया कि चयनित तीनों खिलाड़ियों को राईजिंग क्रिकेट एकाडमी बचरा के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया है। तीनों खिलाड़ियों ने अथक प्रयास और कई मेहनत से यह सफलता प्राप्त की है। उन्होंने तीनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए अंडर-14 क्रिकेट टीम में बेहतर प्रदर्शन कर अपने जिला और राज्य का नाम रोशन करने की कामना की है। बधाई देने वालों में कोच दिलनवाज अंसारी, झारखंड महिला फुटबॉल एसोसिएशन की अध्यक्ष एवं बचरा उत्तरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह, कांग्रेस पार्टी के चतरा जिला महासचिव अब्दुल कुदुस, चर्चित कमेंटेटर रविंद्र कुमार सिंह, राजीव रंजन, रौशन गोस्वामी, राशिद कादरी, मोहम्मद नेजाम सहित अन्य कई लोगों का नाम शामिल है।

## भारत देश भाषाई आधार पर समृद्ध विरासत का धनी: प्राचार्य डॉ कमलेश



**डीएवी खलारी में उत्साहपूर्वक मनाया गया भारतीय भाषा उत्सव**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** डीएवी पब्लिक स्कूल खलारी में बुधवार को भारतीय भाषा उत्सव समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों आरती कुमारी ने हिंदी, आन्या पलक पांडे ने मैथिली, आरव पात्रा ने बांग्ला, बैसाखी पात्रा ने ओड़िया, शालिनी कुमारी ने तेलुगू में अपने विचार प्रस्तुत किये। रीचा रंजन ने संस्कृत में श्लोक प्रस्तुत किए तो वहीं विभिन्न कक्षाओं की छात्राओं ने पंजाबी गीत की प्रस्तुति दी। विद्यालय के कला शिक्षक कुणाल भगत ने भाषा वृक्ष बनाया जिस पर संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल सभी 22 भाषाओं को शाखाओं के रूप में दिखाया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ कमलेश कुमार ने कहा कि विविध भाषाओं वाला हमारा भारत देश भाषाई आधार पर समृद्ध विरासत का धनी है। जब सभी भाषायें मिलती हैं तो देश की एकता को बढ़ावा मिलता है, जो कि इस भाषा उत्सव का उद्देश्य भी है, इसके साथ ही बहुभाषिकता से रोजगार के नये नये अवसरों का भी सृजन होता है। बच्चों में सांस्कृतिक सौंदर्य बोध होता है। उन्होंने बच्चों से अधिक से अधिक भाषायें सीखने का आह्वान किया। विद्यालय के हिंदी शिक्षक कुलदीप शर्मा ने मंच संचालन किया। उन्होंने भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत त्रिभाषा सूत्र की भी जानकारी दी।

## भाजपा खूंटी के नये जिलाध्यक्ष के चुनाव को लेकर रायशुमारी आज

खूंटी (आजाद सिपाही)। भाजपा खूंटी जिलाध्यक्ष के चुनाव को लेकर वृहस्पतिवार को अपराह्न दो बजे जिला कार्यालय में रायशुमारी की जायेगी। मौके पर भाजपा के खूंटी जिला चुनाव प्रभारी नंद जी प्रसाद, पर्यवेक्षक नारायण दास और जेबी तुबिद उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता ने दी।

## स्व. बिनोद बिहारी महतो की पुण्यतिथि पर आज सम्मान समारोह, तैयारियां पूरी

सिल्ली (आजाद सिपाही)। गूंज परिवार सिल्ली द्वारा स्व. बिनोद बिहारी महतो की पुण्यतिथि को सेवा महोत्सव के रूप में मनाने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। कार्यक्रम को लेकर गूंज परिवार के संयोजक जयपाल सिंह, पूर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहु, बबलू मुस्ताक, शिशिर महतो, रोहित सहित अन्य सदस्यों ने सिल्ली स्टेडियम परिसर स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर पूर्व उपमुख्यमंत्री सह गूंज परिवार के संरक्षक सुदेश कुमार महतो सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। श्रद्धांजलि सभा के उपरांत रांची स्थित मेडिका हॉस्पिटल के प्रसिद्ध चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जायेगा।

## गुरु घासीदास 269वीं जयंती समारोह आज

खलारी (आजाद सिपाही)। छत्तीसगढ़ एकता मंच डकरा द्वारा संत शिरोमणि गुरु घासीदास की 269वीं जयंती समारोह का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया जायेगा। इस संबंध में छत्तीसगढ़ी एकता मंच कमेटी के पदाधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि 18 दिसंबर को डकरा स्थित सतनाम भवन में कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम की शुरूआत दोपहर 2:00 बजे जैतखाम में ध्वजारोहण एवं विधिवत पूजा-पाठ के साथ की जायेगी।

## तमाड़ लैंपस में धान क्रय केंद्र का शुभारंभ



तमाड़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड परिसर स्तिथ लेंपस में धान क्रय केंद्र का उद्घाटन जिप सदस्य दिलीप सेठ, लैंपस अध्यक्ष वेरना दत्त कश्यप, उप प्रमुख शकुंतला खंडित, विधायक प्रतिनिधि ऋषिकेश महतो, संजय सेठ ने संयुक्त रूप से किया। जिप सदस्य ने कहा कि धान क्रय केंद्र खुल जाने से यहां के लोगों के साथ साथ आस पास सुदूरवर्ती गावों के किसानों को भी लाभ मिलेगा। लैंपस केशियर राजेश रुंडा ने किसानों को धान बेचने के लिए ज्यादा से ज्यादा किसानों को रजिस्ट्रेशन कराने की अपील की। ताकि सरकार के महत्वकांक्षी योजना का लाभ क्षेत्र के सभी किसानों को मिल सके।

## सोनाहातू के नये मंडल अध्यक्ष और मंडल प्रभारी का किया गया स्वागत



सोनाहातू (आजाद सिपाही)। भाजपा सोनाहातू मंडल के नये मंडल अध्यक्ष खगेश महतो और मंडल प्रभारी शंकर साव को बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा अभिनंदन किया गया। मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि मंडल अध्यक्ष ने मनोनीत के बाद संगठन में मजबूती आयेगी। मौके पर मंडल के पूर्व अध्यक्ष दिलेश्वर कोइरी, बानेश्वर महतो, प्रीत नाथ महतो, अमित महतो, मनकी राम महतो, आनंद महतो, राजकुमार महतो, बिनोद कुमार सिन्हा, उमेश कुमार महतो, अनिल कुमार आदि मौजूद थे।

# पिपरवार में गोलीबारी के विरोध में कोयला कारोबार ठप, घायल चालक को मुआवजा और सुरक्षा की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



रोड सेल का काम बंद होने के बाद वार्ता करते लोग।

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के जीएम ऑफिस के आगे एकेटी गैरेज के समीप मंगलवार 16 दिसंबर को अज्ञात अपराधियों के द्वारा की गयी गोलीबारी में घायल चालक मिनहाज अंसारी को बेहतर इलाज और मुआवजा और कोयला कारोबारियो की सुरक्षा प्रदान करने की मांग को लेकर कोल व्यवसायी ने बुधवार की सुबह पिपरवार क्षेत्र में रोड सेल से जुड़ी सभी तरह के कार्यों को बंद कर दिया।

इस संबंध मे आक्रोशित कोयला व्यवसायी एवं बहेरा गांव के ग्रामीणों ने बताया कि घटनास्थल पर प्रत्येक दिन करीब 200 से अधिक लोगों की भीड़ रहती है। कोयला के कामो से जुड़े डीओ, होल्डर, लिफ्टर, ट्रक मालिक, ट्रक चालक और खलासी प्रत्येक दिन अपने-अपने कार्यों के लिए यहां पहुंचते हैं, लेकिन यहां की सुरक्षा व्यवस्था भगवान भरोसे है। कोई भी आपराधिक संगठन यहां पर आकर के अपराधिक घटना को अंजाम देकर चले जाते हैं। इससे पूर्व कई बार यहां पर गोलीबारी की घटना हो चुकी है। मंगलवार 16 दिसंबर को हुई गोलीबारी की घटना के बाद कोयला कारोबार से जुड़े लोगो में दहशत का माहौल देखा जा रहा है। वहीं इस गोलीबारी की घटना में पिपरवार थाना क्षेत्र के बहेरा गांव निवासी ट्रक चालक मिनहाज अंसारी घायल हो गये थे, जिनका उपचार रांची में चल रहा है। लोगों ने बताया कि मिनहाज अंसारी की आर्थिक स्थिति काफी खराब है और उनका इलाज भी चल रहा है, ऐसे में उनके भरण पोषण और उनके ठीक होने तक आर्थिक सहायता देने की मांग की जा रही है।

इधर बंदी की सूचना पाकर स्थानीय सीसीएल अधिकारी, प्रशासन, सीआईएसएफ, ट्रक ओनर एसोसिएशन सहित अन्य लोग मौके पर पहुंचकर वार्ता किया, जिसमें ट्रक ओनर एसोसिएशन ने आपसी सहयोग से घायल ट्रक चालक के ईलाज मे सहयोग करने का भरोसा दिया। वहीं सीसीएल एवं प्रशासन के द्वारा सुरक्षा का पुख्ता इंतेजाम करने का आश्वासन दिया गया। वार्ता में सहमति बनने के करीब 5 घंटे के बाद रोड सेल से जुड़े कामकाज चालू हो सका।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 18 दिसंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# डहर 2.0 ऐप में अन्य जाति का कॉलम नहीं जोड़े जाने तक सरकार बंद रखे सर्वे कार्य: रमेश उरांव

## मांगें नहीं मानी गयीं, तो करेंगें तीर-धनुष-हरवे, हथियार, लाठी-डंडा लेकर उग्र आंदोलन

आजाद सिपाही संवाददाता


रमेश उरांव की फाइल फोटो।

**ओरमांझी।** झारखंड सरकार की स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से डहर 2.0 एप पोर्टल खोला गया है। जिसमें सरकार के शिक्षा विभाग के प्राथमिक विद्यालय से उच्चतर विद्यालय तक के शिक्षकों को शिशु पंजी अद्यतन अंतर्गत घर-घर सर्वे का कार्य 2025-26 में 11 दिसंबर से 15 जनवरी तक पूर्ण करना है। जिसमें घर का गणना के साथ ही तीन वर्ष से लेकर 18 वर्ष के बच्चों की भी गणना की जानी है। शिक्षकों द्वारा गणना करने का कार्य सरकार से निर्देशित है। पोर्टल ऐप में जाति और धर्म का भी जिक्र किया गया है, जिसमें सामान्य वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी का कॉलम है। पर अन्य जातियों जैसे सरना, सिख, बौद्ध, ईसाई, हिंदू, जैन, मुस्लिम का कालम पोर्टल पर नहीं है। जिस कारण सरना धर्म को मानने वालों की गणना नहीं हो पा रही है। केंद्र और राज्य सरकार को चाहिए था कि पोर्टल में अन्य वर्ष की भांति इस वर्ष भी अन्य जाति का कलम होना चाहिए, लेकिन साजिश के तहत सरना आदिवासी को विलुप्त करने के उद्देश्य से अन्य का कॉलम हटा दिया गया है। इसी वजह से सरना आदिवासी की गिनती नहीं हो पा रही है। किसी अन्य जाति धर्म में सरना आदिवासी गिनती किया जा रहा है, जो अन्याय पूर्ण है। इस वजह से झारखंड सहित देश में सरना धर्म मानने वाले समाज के लोग इसका कड़ा विरोध करते है। झारखंड और केंद्र सरकार से मांग हैं कि जब तक अन्य जाति का कॉलम डहर 2.0 ऐप में नहीं जोड़ा जाएगा, तब तक सर्वे का कार्य सरकार अविलंब स्थगित करें। नहीं तो इसके विरोध में सरना आदिवासी समाज सड़क से लेकर सदन तक तीर-धनुष-हरवे हथियार लाठी-डंडा लेकर उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा। जिसकी जवाब देही राज्य सरकार और केंद्र सरकार की होगी।

# ऑपरेशन सिंदूर ने सेना के पराक्रम में एक नया अध्याय जोड़ा : संजय सेठ

आजाद सिपाही संवाददाता



**ओरमांझी।** ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तानी आतंकवाद की कमर तोड़ दी थी। हर तरफ उत्सव का माहौल था। तभी मेरे मन में यह विचार आया कि हमारी नई पीढ़ी, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमृत पीढ़ी कहते हैं, वह इस बारे में क्या सोचती है। प्रधानमंत्री के प्रेरणा और केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के मार्गदर्शन में रांची में सांसद कला महोत्सव का आयोजन किया। 50 से अधिक स्कूलों से संपर्क किया गया। मुझे खुशी है कि बड़ी तादाद में विद्यालयों के आग्रह आने लगे। उसका सुखद परिणाम हुआ कि 20 हजार से अधिक पेंटिंग्स बच्चों ने बनाई। बच्चों की पेंटिंग्स की राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शनी हो, यह बात मेरे मन में थी। अंततः आज इसमें सफलता मिली। नई दिल्ली में दो दिवसीय वीर रंग प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इसे देशभर के वरिष्ठजनों का आशीर्वाद भी मिला। यह मेरी एक अनूठी पहल रही, जिस देश भर से सराहना मिली। उन बच्चों को साधुवाद और ढेर सारा स्नेह, जिन्होंने इस कार्निवल को सफल बनाया।

# बाघवार एकेडमी ने लोयला कॉन्वेंट को 157 रनों से हराया



**चान्हो (आजाद सिपाही)।** रांची जिला क्रिकेट संघ (आरडीसीए) की ओर से आयोजित इंटर-स्कूल अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट के प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में बाघवार एकेडमी ने दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए लोयला कॉन्वेंट को 157 रनों*से पराजित कर अगले चरण में प्रवेश किया। रांची के प्रभात तारा ग्राउंड में खेले गए इस मुकाबले में टॉस जीतकर बाघवार एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 35 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 287 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से कौशल कुमार ने 45 गेंदों पर 64 रन की शानदार पारी खेली, जबकि रितेश साहू ने 55 रन बनाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। वहीं, लक्ष्य का पीछा करने उतरी लोयला कॉन्वेंट की टीम बाघवार एकेडमी के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और 35 ओवर में आठ विकेट पर 130 रन ही बना सकी। एकेडमी के कप्तान जेयाउल हक ने घातक गेंदबाजी करते हुए सात ओवर में मात्र 24 रन देकर पांच विकेट झटके और मैच के नायक रहे। इसके बाद बाघवार एकेडमी के निदेशक अशोक बाघवार ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत बच्चों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और विद्यालय में उपलब्ध बेहतर खेल वातावरण का परिणाम है। जबकि, प्रधानाचार्य अरुण बाघवार ने कहा कि एकेडमी शिक्षा के साथ ही खेलों में भी संतुलित विकास के लिए प्रतिबद्ध है। टीम के कोच अजय कुमार सिंह ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि लगातार अभ्यास और टीम भावना ने इस शानदार जीत को संभव बनाया है।

# मोहम्मद अनीस बने मरकजी तंजीम पतरा टोली के सदर



**कांके (आजाद सिपाही)।** पतराटोली गांव में मुस्लिम समाज की सामाजिक एवं शैक्षणिक उन्नति के लिए मरकजी तंजीम का गठन कर इसके पदाधिकारियों का चयन किया गया। हाजी मंजूर अली की अध्यक्षता में मस्जिद-ए-इमाम में हुई बैठक में पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें मोहम्मद अनीस को सदर बनाया गया। वहीं, हाजी मोहम्मद शफीक नायब सदर, एडवोकेट मोहम्मद परवेज आलम सेक्रेटरी, मोहम्मद मुख्तार आलम, मोहम्मद शाहिद ज्वाइंट सेक्रेटरी एवं मोहम्मद असगर और मुमताज अंसारी खजांची बनाए गए हैं। जबकि, महताब आलम, मोहम्मद इम्तियाज, मोहम्मद जुबेर, मौलाना इम्तियाज आलम कासमी, अब्दुल्ला खान, हाजी इसराफिल, हाजी मोहम्मद असमुद्दीन, आफताब आलम, मोहम्मद नैयर, शमशीर अंसारी और मोहम्मद चांद कार्यकारिणी के सक्रिय सदस्य बनाये गए हैं। इस मरकजी तंजीम के संरक्षक हाजी मोहम्मद मंजूर अली, मोहम्मद हसीब एवं मोफिजुर्रहमान होंगे। इसके संचालन के लिए सदस्यों और पदाधिकारियों ने सहयोग राशि भी इकट्ठा किया है।

# जनकल्याण समर्पण संस्थान खेल महोत्सव 25 दिसंबर से, संजय सेठ होंगे मुख्य संरक्षक



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** स्वर्ण रेखा जल विद्युत परियोजना सिकिदिरी फुटबॉल मैदान में आयोजित होने वाला जनकल्याण समर्पण संस्थान खेल महोत्सव 25 दिसंबर से शुरू होगा। यह निर्णय संस्थान के अध्यक्ष सुजीत कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी खेल महोत्सव का भव्य आयोजन होगा। जिसमें फुटबॉल, क्रिकेट, कबड्डी, बॉलीवॉल, रस्साकस्सी, तैराकी, एथलेटिक्स, इंडोर आदि खेलो के 100 से अधिक स्पधाएं होंगीं। फुटबॉल बालक वर्ग को प्रथम पुरस्कार 51 हजार, द्वितीय पुरस्कार 31 हजार, बालिका वर्ग प्रथम पुरस्कार 51 हजार, द्वितीय पुरस्कार 31 हजार, क्रिकेट प्रथम पुरस्कार 51 हजार, द्वितीय पुरस्कार 31 हजार, कबड्डी बालिका प्रथम पुरस्कार 31 हजार, द्वितीय पुरस्कार 21 हजार, बालक वर्ग प्रथम पुरस्कार 31 हजार, द्वितीय पुरस्कार 21 हजार, रस्साकस्सी बालिका प्रथम पुरस्कार 31 हजार, द्वितीय पुरस्कार 21 हजार, तैराकी और एथलेटिक्स में सब जूनियर, जूनियर एवं सिनियर बालक बालिका के चैंपियन खिलाड़ियों को 5100 रुपए का नगद पुरस्कार एवं ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया जाएगा। खेल महोत्सव का भव्य समापन सात जनवरी 2026 को होगा। इस दौरान हुई बैठक का संचालन कोषाध्यक्ष रमन कुमार ने किया। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष कुंती देवी, महासचिव सत्यपाल राउत, खेल प्रभारी अमन कुमार जायसवाल, पिंकी कुमारी, सोशल मीडिया आईटी प्रभारी संदीप कुमार वर्मा, सक्रिय सदस्य विजय कुमार सिंह और अजीत कुमार आदि मौजूद थे।

# पावर लिफ्टिंग में गोल्ड मेडलिस्ट को झामुमो ने सम्मानित किया



**कांके (आजाद सिपाही)।** झामुमो कांके प्रखंड समिति की बैठक बुधवार को विलेज ढाबा में हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष नवीन तिर्की ने की। उन्होंने कहा कि कांके प्रखंड समिति का विस्तार कर सशक्त बनाते हुए प्रखंड से लेकर पंचायत वार्ड टोला, बूथ स्तर तक मजबूत करने एवं वर्ष 2026 के जनवरी माह में वनभोज सह मिलन समारोह करने का प्रस्ताव पास किया। साथ ही वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग में गोल्ड मेडलिस्ट कांके निवासी अखलाख खान को बुके, शॉल एवं मोमेंटम देकर सम्मानित किया गया। बैठक की अध्यक्षता झामुमो कांके प्रखंड अध्यक्ष नवीन तिर्की एवं संचालन प्रखंड उपाध्यक्ष मो हनीफ अंसारी ने किया। इसमें केंद्रीय सदस्य समनूर मंसूरी, खुर्शीद आलम, प्रखंड उपाध्यक्ष हनीफ अंसारी, प्रखंड सचिव अशोक कुमार साहू, सबीबुल रहमान, तनवीर आलम, रतन अनमोल साचा, रवि बारला, महादेव करमाली, शेख सहाबुद्दीन, बसंत कुमार महतो, रंथु उराव, अजीज अंसारी, पूर्व जिला अल्पसंख्यक मोर्चा सचिव सज्जाद अंसारी आदि उपस्थित थे।

# चिनिया प्रखंड सह अंचल कार्यालय और नव प्राथमिक विद्यालय का गढ़वा डीसी ने किया औचक निरीक्षण

### कई खामियां उजागर, किया शो कॉज, मचा हड़कंप



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिले में प्रशासनिक व्यवस्था, शिक्षा व्यवस्था एवं जनहित से जुड़ी योजनाओं के प्रभावी एवं पारदर्शी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को डीसी दिनेश यादव ने चिनिया प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान कार्यालय की उपस्थिति व्यवस्था, अभिलेखों एवं कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा की गई। निरीक्षण के क्रम में यह तथ्य सामने आया, जिसमें राजस्व उपनिरीक्षक विनोद रंजन ने उपस्थिति पंजिका में हस्ताक्षर अंकित करने के बावजूद कार्यालय में उपस्थित नहीं थे। इसे कर्तव्य निर्वहन में गंभीर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता मानते हुए उनसे तत्काल स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही यह स्पष्ट किया गया कि सरकारी कार्यालयों में समयबद्ध उपस्थिति एवं उत्तरदायित्वपूर्ण कार्यशैली अनिवार्य है। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी। इसके बाद नव प्राथमिक विद्यालय, चिखुरापत्थर का भी निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, छात्र उपस्थिति, कक्षा संचालन एवं मध्यान्ह भोजन योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। जिसमें पाया गया कि कक्षा एक से पांच तक के सभी छात्र-छात्राएं एक ही कक्षा में अध्ययनरत थे, जबकि विद्यालय में कुल तीन शिक्षक पदस्थापित हैं। कक्षाओं का पृथक संचालन नहीं किया जाना शिक्षण गुणवत्ता के दृष्टिकोण से प्रतिकूल एवं गंभीर चिंता का विषय पाया गया। विद्यालय में पदस्थापित तीनों शिक्षकों द्वारा अपने दायित्वों का समुचित निर्वहन नहीं किए जाने को गंभीर प्रशासनिक चूक मानते हुए उनसे स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया गया है। निरीक्षण के दौरान यह भी देखा गया कि मध्यान्ह भोजन समय पर तैयार नहीं था, जिस कारण बच्चों को भोजन उपलब्ध कराने में विलंब हुआ। इसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित रसोइया एवं विद्यालय प्रबंधन समिति को योजना का समयबद्ध, स्वच्छ एवं नियमित संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# नवनियुक्त सहायक आचार्य शिक्षकों के पदस्थापन को लेकर डीसी को ज्ञापन सौंपा

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** झारखंड के अन्य जिलों में नवनियुक्त सहायक आचार्य शिक्षकों के पदस्थापन मानक संचालन प्रक्रिया के अंतर्गत किया जा रहा है। इसी के अनुसार रांची जिला में भी जल्द से जल्द नियम संगत पदस्थापन करने की मांग को लेकर सहायक आचार्य शिक्षकों ने डीसी को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें मांग की कि नवनियुक्त सहायक आचार्य शिक्षकों का पदस्थापन उनके गृह प्रखंड में किया जाए। महिला एवं दिव्यांग शिक्षकों का पदस्थापन गृह प्रखंड/मुख्य मार्ग अथवा यातायात सुविधा युक्त विद्यालयों में किया जाए। अन्य जिलों से आए शिक्षक-शिक्षिकाओं को न्यूनतम पांच विद्यालयों के विकल्प लेकर पदस्थापन किया जाए। दिव्यांग एवं असाध्य रोग से पीड़ित शिक्षक-शिक्षिकाओं की पदस्थापन गृह प्रखंड के आसपास के विद्यालयों में किया जाए। वहीं, अविवाहित एवं परित्यागता शिक्षिकाओं की पदस्थापन भी गृह प्रखंड अथवा उसके समीपवर्ती विद्यालयों में किया जाए। इस दौरान ज्ञापन सौंपने वालों में नवनियुक्त सहायक आचार्य अलसफा अहमद, राजू मुंडा, राजन उरांव, अनीता लिंडा, आशा लिंडा, नारायण कुमार और रंजीत कुमार आदि शामिल थे।

# सीआइटी में तीन दिवसीय झारखंड कौशल प्रतियोगिता शुरू




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** रांची के टाटीसिलवे कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में बुधवार को झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी, श्रम रोजगार प्रशिक्षण और कौशल विकास विभाग के तत्वाधान में तीन दिवसीय झारखंड कौशल प्रतियोगिता 2025 का शुभारंभ किया गया। इसमें झारखंड सहित अन्य राज्यों के कौशल विकास संस्थानो में अध्यनरत कुल 37 छात्र-छात्राएं भाग ले रहे है। तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत दो दिन प्रशिक्षण एवं अंतिम दिन प्रतियोगिता का आयोजन होगा। बताते चलें कि इस कार्यक्रम में इलेक्ट्रिकल इंस्टालेशन और इलेक्ट्रॉनिक्स ट्रेड के विद्यार्थी भाग ले रहे है। जिन्हें संस्थान के शिक्षक प्रशिक्षित करेंगे। संस्थान की उप-प्राचार्य रसिका नवनीत सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों को आगामी सितंबर माह में चीन के सघाई शहर में आयोजित वर्ल्ड स्कील प्रतियोगिता के लिए तैयार किया जा रहा है। जिसमें विद्यार्थी भाग लेकर बेहतर प्रदर्शन कर सके।

# फ्लेयर ने गेतलसूद में लगाया मेगा हेल्थ चेकअप कैंप

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** फ्लेयर संस्था की ओर से बुधवार को गेतलसूद सीएचसी में मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर फ्लेयर संस्था की ओर से सेकी के सीएसआर फंड एवं एनआरएचएम रांची इकाई के सहयोग से आयोजित हुआ, जिसमें विभिन्न रोगों से संबंधित विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा कुल 731 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई और उनके बीच निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। शिविर में लोगों का ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन आदि की भी जांच की गई। मौके पर सेकी के अधिकारी यदु पल्लव, अशीष यादव, जिप सदस्य अनुराधा मुंडा, प्रमुख दीपा उरांव, मुखिया शांति मुंडा, उपमुखिया शंकर बैठा, प्रभारी चिकित्सक डॉ दीप्ति, फ्लेयर के अजय कुमार सिन्हा, नरेंद्र सिंह, सोनी प्रभा सिन्हा, डॉ आशीष आनंद, वीरेंद्र सोनार आदि मौजूद थे।

# मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए 15 लोग चिन्हित



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** गूंज परिवार के सेवा महोत्सव कार्यक्रम के तहत बुधवार को भगवान महावीर मेडिका अस्पताल रांची टीम की ओर से जोन्हा मेसो अस्पताल परिसर में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 163 मरीजों के नेत्र की जांच की गई। जिसके बाद 15 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। नेत्र जांच डॉ संजू कुमारी ने किया। चिन्हित मरीजों का एक सप्ताह के अंदर भगवान महावीर मेडिका में निःशुल्क ऑपरेशन किया जायेगा। शिविर का शुभारंभ जिप सदस्य राजेंद्र शाही मुंडा ने किया। इस मौके पर स्वयंसेवक राजू महली, दिलीप बेदिया, सीताराम साहू, घासनी देवी, शंकर बेदिया, सुशीला देवी, मो रिजवान, सहजु बेदिया, अमर सिंह मुंडा, अशोक एक्का, सिस्टर सीमा सहित अन्य लोग मौजूद थे। 19 दिसंबर को यहां स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया जाएगा।

## जीर्णोद्धार के बाद शालिनी अस्पताल का हुआ उद्घाटन

# स्वास्थ्य जागरूकता के बिना स्वस्थ समाज की परिकल्पना साकार नहीं हो सकती: बीके झावर

### कहा- शालिनी अस्पताल क्षेत्र की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करने में सदैव तत्पर

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** क्षेत्रवासियों को बेहतर एवं आधुनिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बुधवार को जीर्णोद्धार के बाद शालिनी अस्पताल का उद्घाटन हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित शालिनी अस्पताल के संस्थापक बृज किशोर झावर ने फीता काट कर इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर बृ किशोर झावर ने कहा कि शालिनी अस्पताल जनसेवा के संकल्प के साथ आधुनिक चिकित्सकीय सुविधाओं से सुसज्जित होकर क्षेत्र की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सदैव तत्पर है। अब लोगों को इलाज के लिए शहर के बड़े अस्पतालों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा, क्योंकि शालिनी अस्पताल में एक ही छत के नीचे विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा उच्चस्तरीय चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि शालिनी अस्पताल में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, प्रसव सुविधा, जनरल मेडिसिन, सर्जरी, नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन, एक्स रे, पैथोलॉजी, ईसीजी और अल्ट्रासाउंड आदि चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध हैं। इस दौरान मरीजों एवं उनके परिजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अस्पताल परिसर में स्वच्छ पेयजल के लिए एक आधुनिक वॉटर कूलर भी स्थापित किया गया। वृज किशोर झावर ने कहा कि इलाज के साथ ही स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना भी अत्यंत आवश्यक है। जब तक समाज में स्वास्थ्य जागरूकता नहीं बढ़ेगी, तब तक स्वस्थ समाज की परिकल्पना साकार नहीं हो सकती। कहा कि शालिनी अस्पताल निरंतर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है, जिससे आमजन को रोगों की रोकथाम एवं स्वास्थ्य संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा सके। इस अवसर पर अस्पताल प्रबंधन समिति के वरिष्ठ सदस्य सहित चिकित्सक एवं चिकित्साकर्मी उपस्थित थे।

# ज्ञान भारती और जेपीएस सेंट्रल ने अपने-अपने मैच जीते



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वाधान में खेले जा रहे 24वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन ज्ञान भारती बेलचंपा की टीम ने बीएसकेटी पब्लिक स्कूल को 48 रन से, जबकि दूसरे मैच में जेपीएस सेंट्रल ने एडीएम पब्लिक स्कूल टंडवा को 118 रनो से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए ज्ञान भारती बेलचंपा चंपा की टीम ने शेख जिगर के 33 और विपिन के 19 रनों की बदौलत निर्धारित ओवर में 116 रन बनाया। जबकि, बीएसकेडी पब्लिक स्कूल की ओर से सक्षम और आदित्य ने तीन-तीन विकेट झटके। हालांकि लक्ष्य का पीछा करने उतरी बीएसकेडी की टीम 68 रन पर ही सिमट गयी। वहीं, दूसरे मैच में जेपीएस सेंट्रल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अर्णव के नाबाद अर्धशतक 61 और अरबाज के नाबाद अर्धशतक 50 रन की बदौलत चौथे विकेट के 93 रनों के साझेदारी कर निर्धारित ओवर में तीन विकेट खोकर 185 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जिसका पीछा करने उतरी एडीएम पब्लिक स्कूल की टीम निर्धारित ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 67 रन ही बना पाई। बेहतर खेल के लिए परमेश्वरी मैन ऑफ द मैच का पुरुस्कार ज्ञान भारती के बिपिन और जेपीएस सेंट्रल स्कूल के अरबाज को दिया गया। मैच से पूर्व संघ के सदस्य रहे आशुतोष रंजन सिन्हा को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर अभिषेक द्विवेदी, रोशन दुबे, दीपक, मनोज भारत, अंपायर रोहन तिवारी, मनीष उपाध्याय, आकाश, आदित्य, मोहसिन, स्कोरर नमन, कमेंटेटर मनोज तिवारी, नैतिक, आर्यन कुमार चंद्रवंशी, सन्नी कुमार और अंश कुमार चंद्रवंशी शामिल थे।

## पालकोट के मजदूर की गोवा में मौत शव घर पहुंचते ही बिलखे परिजन



**पालकोट (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के टेगरिया पंचायत क्षेत्र के रहने वाले एक मजदूर की गोवा में मौत हो गयी। उसकी पहचान सरी बड़ाई के रूप में हुई है। वह पालकोट प्रखंड के टेंगरिया खिजूर टोली का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार पेशे से राजमिस्त्री सरी बड़ाईक निमार्णाधीन बिल्डिंग में काम करने दौरान गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गयी। मृतक का पार्थिव शरीर मंगलवार की देर रात उसके पैतृक गांव खिजूर टोली पहुंचा। जिसकी सूचना विधायक प्रतिनिधि मनीष कुमार हिंदुस्तान को दे गई। इसके बाद वे बुधवार की तड़के मृतक के घर पहुंचे और शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी शोक संवेदना प्रकट की। साथ ही आश्रित को तत्काल पांच हजार रुपए की आर्थिक मदद करने के साथ ही प्रशासन से हर संभव मदद और मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर पुरुषोत्तम कुजूर, भूषण सिंह और विजय ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## कमजोर छात्रों की पहचान कर उनके लिए विशेष कक्षा का संचालन करें : सीओ



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** बीडीओ दिनेश कुमार और सीओ खाखा सुशील कुमार ने बुधवार को ब्लॉक परिसर स्थित सभागार में संयुक्त रूप से बोर्ड एग्जाम विजय अभियान के तहत माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों के साथ बैठक की। जिसमें घाघरा प्रखंड क्षेत्र के सभी माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, पर्यवेक्षक एवं संबंधित शिक्षक उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षाओं में विद्यार्थियों के परीक्षाफल में गुणात्मक सुधार लाना और शत-प्रतिशत परिणाम सुनिश्चित करना रहा। इस अवसर पर बीडीओ और सीओ ने सभी विद्यालयों के पिछले वर्ष के बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों की समीक्षा करते हुए कमियों पर विस्तार से चर्चा की। इसके बाद सभी प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया कि वे कमजोर छात्रों की पहचान कर उनके लिए विशेष कक्षाओं का संचालन करें, नियमित मूल्यांकन करें एवं परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष ध्यान दें। साथ ही शिक्षकों को समयबद्ध पाठ्यक्रम पूर्ण करने, मॉडल प्रश्नपत्रों के अभ्यास और विद्यार्थियों के मनोबल को बढ़ाने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि बोर्ड परीक्षा विद्यार्थियों के भविष्य की दिशा तय करती है। इसलिए सभी शिक्षक पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। अंत में सभी विद्यालयों से बेहतर समन्वय स्थापित कर इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में बेहतर एवं शत-प्रतिशत परिणाम लाने का संकल्प लिया गया।

## नये ट्रांसफार्मर का उद्घाटन, बंदुआ गांव में दो महीना बाद बहाल हुई बिजली सेवा



**डुमरी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बंदुआ गांव के ग्रामीणों के लिए बुधवार का दिन खुशियां लेकर आया। पिछले दो महीनों से अंधेरे में डूबे इस गांव में आखिरकार बिजली सेवा बहाल हो गई है। असंगठित कामगार कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सह 20 सूत्री सदस्य मुख्तार आलम की पहल पर गांव में 63 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया, जिसका उन्होंने विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया। बतातें चलें कि ट्रांसफार्मर जल जाने से गांव की बिजली आपूर्ति ठप हो गयी थी, जिससे खेती, बच्चों की पढ़ाई और दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा था। समस्या के समाधान के लिए कांग्रेस के एससी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष नारायण रजक के नेतृत्व में ग्रामीणों ने मुख्तार आलम से मुलाकात कर उन्हें एक मांग पत्र सौंपा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्तार आलम ने तत्काल बिजली विभाग के मुख्य अभियंता से संपर्क किया और वस्तुस्थिति से अवगत कराया। जिसके बाद गांव के लिए नया ट्रांसफार्मर आवंटित हुआ। उधर, नए ट्रांसफार्मर के उद्घाटन के अवसर पर ग्रामीणों ने मुख्तार आलम का पारंपरिक तरीके से और गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। बिजली वापस आने पर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली और हर्ष व्यक्त किया। इस मौके पर प्रवीण तिर्की, क्रिस्टोफर कुजूर, कोमल मिंज, विजय कुजूर, अमृत किंडो, राजेश टोप्पो आदि उपस्थित रहे।

## नये प्रोफेसर इंचार्ज का अभिनंदन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** कार्तिक उरांव महाविद्यालय में नवनियुक्त प्रोफेसर इंचार्ज डॉ सीमा के पदभार ग्रहण करने के बाद शिक्षा संकाय की ओर से शिष्टाचार मुलाकात एवं अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिक्षा संकायाध्यक्ष डॉ राकेश प्रसाद के नेतृत्व में सभी प्राध्यापकों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ सीमा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए टीम भावना, अकादमिक प्रतिबद्धता और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देने की बात कही। इस मौके पर डॉ दीपक प्रसाद, डॉ शैलेंद्र कुमार, प्रो राजेश रंजन, प्रो नीलम प्रतिमा मिंज, प्रो मंती कुमारी, डॉ रंजीत कुमार सिंह, प्रो सरिता, प्रो अनुतलान मिज, प्रो शिल्पी, डॉ मनोज कुमार साहू और प्रो मनोज कुमार उपस्थित रहे।

## डायन बिसाही का आरोप लगा मां और बेटी के साथ की मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

**गुमला (आजाद सिपाही)।** तेलगांव कोनाटोली निवासी बसंती कुमारी और उसकी मां सुकरो उरांव पर डायन बिसाही का आरोप लगाकर गांव के ही गंगोत्री उरांव द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। इस बाबत बसंती देवी ने गुमला थाना में गंगोत्री के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है। प्राथमिकी में कहा कि 16 दिसंबर की सुबह गांव के मांगु उरांव के खलिहान के पास बसंती और उसकी मां धान की मिसाई कर रही थी। उसी दौरान गंगोत्री लाठी लेकर आई और डायन बिसाही का आरोप लगाते हुए हमला कर दिया। जिससे दोनों मां, बेटी का सिर फट गया।

# हत्या के तीन दोषियों को आजीवन करावास, 20-20 हजार का जुर्माना

## मामलू विवाद में 25 अक्टूबर 2018 को कर दी थी हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** हत्या के सात साल बाद आखिरकार पीड़ितों को न्याय मिला। पीडीजे ध्रुव चंद्र मिश्र की अदालत ने बुधवार को हत्या के मामले में तीन आरोपितों को दोषी पाये जाने पर आजीवन करावास की सजा सुनाई। साथ ही उन पर 20-20 हजार रुपये का जुमाना भी लगाया। जुर्माने की राशि नहीं देने पर तीन-तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ सकती है। सजा पाने वालों में घाघरा निवासी प्रभात कुमार सिंह उर्फ गोलू, नितेश जायसवाल और अभय बैठा के नाम शामिल हैं।



### क्या था मामला

बतातें चलें कि घटना 25 अक्टूबर 2018 को हुई थी। उस समय की गई प्राथमिकी के अनुसार, वारदात वाले दिन महेश महतो अपने कुछ साथियों के साथ देवाकी गांव स्थित उपस्वास्थ्य केंद्र के पीछे इमली के पेड़ के नीचे मनोरंजन के उद्देश्य से ताश खेल रहा था। इसी बीच प्रभात, नितेश और अभय अपनी-अपनी बाइक से वहां पहुंचे। जहां, किसी बात को लेकर उनके बीच कहासुनी शुरू हो गई, जिसने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया। इस दौरान महेश महतो पर हमला कर तीनों ने मिलकर छुरी से उसकी (महेश) की गर्दन रेत दी। गंभीर इससे महेश की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। इस संबंध में मृतक के बड़े भाई दिलीप महतो ने आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसके बाद मामला न्यायालय में गया। न्यायालय में सुनवाई चलती रही। अंततः पीड़ितों को न्याय मिला. घाघरा क्षेत्र के लिए यह घटना बहुत मार्मिक है।

## सदर अस्पताल के 108 एंबुलेंस चालक पर हमला, रिम्स रेफर



**गुमला (आजाद सिपाही)। सदर अस्पताल में कार्यरत 108 एंबुलेंस चालक शिवशंकर साहू पर उसके ही ससुराल पक्ष ने घर में घुसकर जानलेवा हमला कर दिया। वारदात मंगलवार देर रात 12 बजे की बताई जा रही है। हमलावरों ने न सिर्फ शिवशंकर को बेरहमी से पीटा, बल्कि उसके पिता और सात साल के मासूम बेटे तक को नहीं बख्शा। जानकारी के अनुसार हमलावर बोलेरो में अचानक शिवशंकर के घर पहुंचे और बिना कुछ कहे मारपीट शुरू कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने शिवशंकर के पिता को घर में बंद कर बेरहमी से पीटा, जबकि उसके सात साल के बेटे को घर की छत से फेंकने का भी प्रयास किया गया। किसी तरह बच्चे की जान बच सकी। इस पूरी वारदात के दौरान शिवशंकर की पत्नी भी उसकी पिटाई में शामिल बताई जा रही है। बताया जा रहा कि शिवशंकर का विवाह सिसई प्रखंड के नागफेनी स्थित एक गांव में हुआ था। विवाह के बाद से उसका दांपत्य जीवन सामान्य और सुखमय बताया जा रहा था। लेकिन हाल के दिनों में उसकी पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया था। फिर आए दिन झगड़े होने लगे। बुधवार को अपराह्न तीन बजे शिवशंकर ने बताया कि वह एंबुलेंस लेकर पटना गया था। रात को जब वह घर लौटा तो विवाद हुआ। इसके कुछ ही समय बाद रात में ससुराल पक्ष ने सुनियोजित तरीके से घर पर धावा बोल दिया। हमले के दौरान शिवशंकर ने आत्मरक्षा में जवाबी हमला किया। जिसमें ससुराल पक्ष का एक युवक घायल हो गया।**

## युवा दिवस पर 'एक शाम आंजन धाम महोत्सव' का होगा आयोजन, 12 जनवरी को उमड़ेंगे श्रद्धालु

**गुमला (आजाद सिपाही)।** स्वामी विवेकानंद के जन्मोत्सव पर मनाये जाने वाले राष्ट्रीय युवा दिवस पर 12 जनवरी 2026 को आंजन धाम में 'एक शाम आंजन धाम महोत्सव' का भव्य आयोजन होने जा रहा है। आंजन धाम को वैश्विक पहचान दिलाने एवं रामरेखा धाम से लेकर नेतरहाट तक स्थित धार्मिक-पौराणिक स्थलों के संरक्षण और विकास के उद्देश्य से यह आयोजन विगत वर्ष 2023 से लगातार किया जा रहा है। बीते तीन वर्षों में इस महोत्सव में झारखंड, बिहार और ओड़िशा से लाखों श्रद्धालु शामिल हो चुके हैं। इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने को लेकर होटल बिंदेश में आंजन धाम महोत्सव समिति की ओर से प्रेस वार्ता की गयी। जिसमें महोत्सव के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित दीवाकर पाठक ने कहा कि गुमला, लोहरदगा एवं सिमडेगा जिलों में स्थित धार्मिक और पौराणिक स्थल आदिकाल से यहां के आदिवासी, असुर जाति और वनवासी मूल निवासियों की सभ्यता, संस्कृति और आस्था के




प्रतीक रहे हैं। इन स्थलों की पौराणिक कथाएं भगवान राम, भगवान शिव, भगवान परशुराम और बजरंगबली की महिमा को दर्शाती हैं। उन्होंने बताया कि रामरेखा धाम, टांगीनाथ धाम, सीता-केतुका धाम, देवश्वरी महादेव, रुद्रपुर मंदिर, बासुदेवकोणा, द्वारसेनी, पालकोट पापापुर पहाड़, देवगांव गुफा, उमड़ा पहाड़ महादेव, बानपुर शिव मंदिर, कमलेश्वर धाम, नवरत्नगढ़ कर्मिलनाथ मंदिर, चिरैयानाथ मंदिर, नागफेनी जगन्नाथ मंदिर, अखिलेश्वर धाम, हांपामुनि महामाया मंदिर, देवकी धाम, पांच पांडव पहाड़ और बर महादेव जैसे अनेक स्थल इस क्षेत्र की गौरवशाली धार्मिक विरासत हैं। आंजन धाम को बजरंगबली की जन्मस्थली माना जाता है, जिससे करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था जुड़ी है। इस वर्ष महोत्सव के दौरान काशी से आए विद्वान आचार्यों द्वारा वैदिक अनुष्ठान, संगीतमय सुंदरकांड पाठ, लाखों श्रद्धालुओं द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, भंडारा एवं महाप्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को ऐतिहासिक स्वरूप देने के लिए देशभर के धार्मिक कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देंगे। राष्ट्रीय संयोजक अरविंद मिश्रा ने कहा कि यह महोत्सव युवाओं को सनातन संस्कृति और धर्म से जोड़ने का कार्य करेगा। इस मौके पर अजय सिंह राणा, मुकेश कुमार सिंह, सुरेश भगत, बिरजू सिंह, मुलेच सिंह (बजरंग दल), कुमार विजय भगत, विनीत प्रभारी, सुशील कुमार पात्र, पवन भगत आदि उपस्थित रहे।

## नियम तोड़ने वाले चालकों से वसूला गया 50 हजार जुर्माना



**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के उद्देश्य से 17 दिसंबर 2025 को सड़क सुरक्षा को लेकर एक बड़ा अभियान चलाया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल के निदेर्शानुसार मोटरयान निरीक्षक रॉबिन अजय सिंह एवं प्रदीप कुमार तिर्की द्वारा भरनो थाना के सामने सघन वाहन जांच की गई। अभियान का मुख्य फोकस बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने, ट्रिपल राइडिंग, अमान्य दस्तावेज, प्रेशर हॉर्न व मल्टी-टोन हॉर्न के उपयोग पर रहा। जांच के दौरान 30 से अधिक नियम उल्लंघन करने वाले चालकों को पकड़ा गया। उनसे कुल ?50,000 का जुमार्ना वसूला गया। साथ ही चालकों को यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि आगे भी नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। यह अभियान सुरक्षित और अनुशासित यातायात व्यवस्था की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## रायडीह में धान अधिप्राप्ति केंद्र का हुआ शुभारंभ

**रायडीह (आजाद सिपाही)। प्रखंड के कुड़ोछतरपुर पंचायत स्थित लैम्पस परिसर में बुधवार को धान अधिप्राप्ति केंद्र का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन रायडीह बीडीओ प्रधान हंसदाक, जिप सदस्य रशमी मिंज, उपप्रमुख दीपक कुज्जूर एवं मुखिया चुंया कुजूर ने संयुक्त रूप से किया। बीडीओ ने किसानों से अपील की कि वे अपना धान सीधे अधिप्राप्ति केंद्र में बेचें और बिचौलियों से बचें। इस दौरान मौके पर बड़ी संख्या में किसान, ग्रामीण एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।**

# धान बिक्री के लिए किसानों को पंजीयन कराना अनिवार्य: बीडीओ

## किसान सरकार की ओर से निर्धारित समर्थन मूल्य पर ही धान बेचें : सीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड अंतर्गत चुंदरी लैंपस परिसर में धान क्रय केंद्र का विधिवत शुभारंभ हुआ। बीडीओ दिनेश कुमार, सीओ खाखा सुशील कुमार, मुखिया विनीता कुमारी, उप मुखिया अजीत पाठक, विधायक प्रतिनिधि संजीव उरांव एवं प्रखंड कांग्रेस के अध्यक्ष आदित्य भगत ने संयुक्त रूप से फीता काटकर धान क्रय केंद्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सीओ ने किसानों से अपील की कि वे सरकार की ओर से निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर ही धान बेचें, ताकि उन्हें उनकी फसल का उचित मूल्य मिल सके। वहीं, बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि समर्थन मूल्य




पर धान बिक्री के लिए किसानों को अनिवार्य रूप से पंजीयन कराना होगा, जिससे उन्हें समय पर भुगतान मिल सके। प्रखंड कांग्रेस के अध्यक्ष आदित्य भगत ने कहा कि क्षेत्र में लैंपस के माध्यम से धान अधिप्राप्ति होने से किसानों को काफी सुविधा मिलेगी। इस मौके पर प्रभारी कृषि पदाधिकारी शंकर खेरवार, आशीष सोनी, सुरेंद्र यादव, सतीश उरांव, कलेश्वर साहु, रीना कुमार, संजय ठाकुर, आनंद महली, कैलाश महतो, मुनेश्वर उरांव, दिलबहार अंसारी, किरण देवी, पुष्पा कुमारी, मनमेत देवी, इलाही राय, रूपेश साहू, संतोष सिंह, राजकुमार सिंह, अजय भगत, अनिल भगत, प्रेमचंद भगत, आशीष सोनी, कामेश्वर उरांव, अगनू उरांव, रोमियो एक्का और रेणुपा उरांव आदि उपस्थित थे।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के स्वागत में शामिल होगा भोगता समाज का 'खोड़हा दल'



**गुमला (आजाद सिपाही)।** खरवार भोगता समाज विकास संघ गुमला जिला कमेटी की बैठक बुधवार को पालकोट रोड स्थित कार्यालय में हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जीतू प्रधान ने की। इसमें 30 दिसंबर को पंखराज साहेब कार्तिक उरांव स्वायतशासी आदिवासी विश्वविद्यालय स्थापना समिति की ओर से मांझाटोली में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पर विचार विमर्श किया गया। प्रमंडलीय अध्यक्ष मंगल सिंह भोगता ने बताया कि मांझाटोली में पंखराज साहेब कार्तिक उरांव स्वायतशासी आदिवासी विश्वविद्यालय स्थापना समिति के कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथिरहेगी। उनके स्वागत में झारखंड, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के खोड़हा दल अपने पारंपरिक गीत संगीत और नृत्य के साथ शामिल हो रहे हैं। खरवार भोगता समाज विकास संघ के बैनर से भी गांव-गांव से खोड़हा दल की भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रस्ताव रखा गया, जिसे बैठक में सर्वसम्मति से पारित किया गया और खोड़हा दल को तैयारी के साथ कार्यक्रम में शामिल होने की तैयारी आरंभ करने के लिए गांवों में संपर्क अभियान के लिए प्रभारी मनोनीत किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष जीतू प्रधान ने कहा कि तैयारी की समीक्षा बैठक अभी लगातार होगी। इस मौके पर कृष्णा प्रधान, हीरालाल प्रधान, भुनेश्वर प्रधान, समतराय प्रधान, शिव शंकर भोगता, विक्रम कुमार सिंह, तेजा प्रधान, कपिल प्रधान, लीलांबर प्रधान और प्रवीण प्रधान आदि शामिल थे।

## आरएचपी डॉक्टरों के लिए वेक्टर बॉर्न डिजीज को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**डुमरी/गुमला (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को आरएचपी (रूरल हेल्थ प्रैक्टिशनर) डॉक्टरों के लिए वेक्टर बॉर्न डिजीज को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसका संचालन जिला वीबीडी (वेक्टर बॉर्न डिजीज) सलाहकार शर्मिला शर्मा ने किया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान मलेरिया, फाइलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया जैसे मच्छर जनित बीमारियों पर विस्तार से जानकारी दी गई। शर्मिला शर्मा ने इन रोगों के कारणों, उनके फैलने के माध्यमों एवं बचाव के प्रभावी उपायों पर प्रकाश डाला। बताया कि समय पर रोग की पहचान एवं उचित उपचार से गंभीर जटिलताओं से बचा जा सकता है। इसके अलावा प्रशिक्षण में रोगी पाए जाने की स्थिति में प्राथमिक स्तर पर दी जाने वाली दवाइयों, रेफरल प्रक्रिया एवं फॉलोअप की जानकारी भी दी गई। सलाहकार ने आरएचपी डॉक्टरों से क्षेत्र में सतर्कता बरतने, आम लोगों को जागरूक करने और मच्छर जनित रोगों की रोकथाम के लिए विभागीय दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करने को कहा। वहीं, प्रशिक्षण में उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों ने इसे उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में वेक्टर बॉर्न डिजीज की रोकथाम एवं नियंत्रण में सहायता मिलेगी। मौके पर एमटीएस ओम प्रकाश मिस्त्री, लेखपाल इंदु कुमारी, एलटी नरेंद्र कुमार, एमपी डब्ल्यू सचिन सलिल कुजूर, अनूप कुमार, पवन चिक बड़ाइक, बीटीटी मंजुला मिंज और अंशु भगत सहित लगभग 50 लोग उपस्थित थे।

**Department of Mines & Geology**
**Directorate of Geology,Government of Jharkhand**
**Notice Inviting Quotations (NIQ)**
**Reference No. 08/2025-26** **Date: 17.12.2025**

| S. No. | Particulars | Information |
|---|---|---|
| 1. | Name of work | Supply of Press Palette Machine. |
| 2. | Contact Person and Address for Communication | Director, Geology; Directorate of Geology, Department of Mines & Geology, Government of Jharkhand; Engineers' Hostel No -2, 2 nd Floor, Dhurwa, Ranchi -834004; E -mail ID: dir-geology@jharkhandmail.gov.in |
| 3. | Cost of NIQ | NIL |
| 4. | Validity of the Rate/P rice Offered by the Bidders | 90 days |
| 5. | Tender publication date | 17.12.2025 |
| 6. | Last date of submission of Bids/NIQ | 31.12.2025 till 01:00 PM |
| 7. | Bid/NIQ opening date | 31.12.2025 up to 03:30 PM. |
| 8. | Period of issue of NIQ | 17.12.2025 to 31.12.2025 |
| 9. | Mode of Bid submission | The bid must be submitted through the Speed post/Registered post in a sealed envelope clearly mentioning the NIQ reference number and the subject matter on the sealed envelope. |
| 10. | Address of Bid submission | Directorate of Geology, Engineers' Hostel No -2, 2 nd Floor, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand, PIN-834004 |
| 11. | Helpline No. | 8987424878 |

**Sd/-**
Director, Geology Directorate of Geology,
Department of Mines & Geology,
Government of Jharkhand

PR 368771 Mines and Geology(25-26)D

**झारखण्ड सरकार.**
**उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, धनबाद।**
**ई०मेल–legalsectiondhanbad@gmail.com**

**–:: सूचना ::–**

प्रधान सचिव–सह–विधि पराम र्शी, विधि विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची के पत्रांक–2164/जे0, दिनांक–07.11.2025, पत्रांक–2167/जे0, दिनांक–07.11.2025 एवं पत्रांक–1779/जे0, दिनांक–02.09.2025 द्वारा Jharkhand Law Officer (Engagement) Rule-2018 में वर्णित प्रावधानों के आलोक में धनबाद जिला में स्थित व्यवहार न्यायालय के लिए निम्नांकित विधि अधिकारी (Law Officer) की नियुक्ति हेतु सीलबंद लिफाफे में आवेदन आमंत्रित किये जातें है–

| क्र0सं0 | पद का नाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 01 | सरकारी अधिवक्ता (Government Pleader) | 01 |
| 02 | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) के तहत विशेष लोक अभियोजक [Special Public Prosecutor (SC/ST Prevention of Attrocities Act)] | 01 |
| 03 | पॉक्सो अधिनियम के तहत विशेष लोक अभियोजक [Special Public Prosecutor (POCSO Act)] | 01 |

नियुक्ति राज्य सरकार द्वारा विधि विभागीय अधिसूचना सं0–C/AGO/Niyukti-25/2016-439/J, dt-16th February, 2018 [The Jharkhand Law Officer (Engagement) Rule, 2018] के आलोक में की जायेगी। उक्त अधिसूचना को झारखण्ड सरकार के वेबसाईट– **https://dhanbad.nic.in** एवं **https://egazette.jharkhand. gov.in/Search Notific.aspx** से डाउनलोड किया जा सकता है। आवेदक उपरोक्त तीन पदों में से कोई एक पद हेतु अपना आवेदन अपने जीवन वृत एवं अधिवक्ता पंजीयन की प्रति के साथ डाक के माध्यम से दिनांक–29.12.2025 तक उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, धनबाद के कार्यालय में भेज सकते है।

**Eligibility:-**
In order to be eligible to be engaged as a Law Officer and Advocate shall be:-
1. A citizen of India and registered with a Bar Council constituted under the Advocate Act, 1961;
2. A designated senior Advocate or an Advocate, who has been practicing in the Jharkhand High Court or Supreme Court of India or an Advocate who has been practicing in the Civil Courts of Jharkhand;
3. **For a Government Pleader** for the Jharkhand High Court or for the Civil Courts of Jharkhand, he has been in practice as an Advocate for not less than 10 years in the Jharkhand High Court or in the Civil Courts of Jharkhand respectively for that Court for which the engagement is to be made.
4. **For a Special Public Prosecutor** for the Civil Courts of Jharkhand, he has been in practice as an Advocate for not less than 10 years in the Civil Courts of Jharkhand.
5. I.T.R for at least three financial years from the financial year in which engagement is to be made.
6. कम्प्यूटर का अतिरिक्त ज्ञान।

आदित्य रंजन (भा०प्र०से०),
उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, धनबाद।

PR.NO.368855 Law(25-26):D

# सेंट्रल बैंक के स्थापना दिवस पर पैदल मार्च




आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद सेन्ट्रल बैंक के 115 स्थापना दिवस के अवसर पर वरटांड़ शाखा से रानी बांध तलाव तक पैदल मार्च किया। इस अवसर पर बोलते हुए रीजनल मैनेजर विवेक कुमार पांडे ने बताया कि धनबाद क्षेत्र के 42 ब्रांच 5 दिनों तक कार्यक्रम चलेगा। कल 115 वृक्ष लगाये गये,आज जागरूकता के लिए, साइबर क्राइम सिक्यूरिटी के जागरूकता के लिए , लोगों को बैंक से कैसे जोड़े उसके लिए पैदल मार्च कर रहे हैं। कल वृद्धा आश्रम में कार्यक्रम है वृद्ध लोगों को कंबल बांटने हैं। हेड ऑफिस के चीफ मैनेजर ने बताया बताया कि साइबर क्राइम रोक थाम के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, लोगों के लिए जरूरी है कि कोई लिंक भेजता है उसे क्लिक नहीं करें, किसी को ओटीपी नहीं दें, बैंक के थ्रू के बाई सी करें। वर टांड़ शाखा के मैनेजर प्रतिमा कुमारी ने बताया कि ब्रांच से रानी बांध तलाव तक पैदल मार्च करेगी व ग्राहकों एवं जनता में जागरूकता चलाया जायेगा, बैंकों से जुड़ने के लिए।

# सीओ की पहल विफल, स्थायी बहाली की मांग पर अड़े धरनार्थी

## दसवें दिन भी नहीं टूटा धरना

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** महुदा इंटर महाविद्यालय में कॉलेज सचिव दीपनारायण शर्मा एवं प्राचार्य सिकंदर रवानी के कथित तानाशाही रवैये के खिलाफ जारी धरना प्रदर्शन दसवें दिन भी जारी रहा। बुधवार को बाघमारा के अंचल अधिकारी (सीओ) गिरजानंद किस्कू धरनास्थल पर पहुंचे और गलत तरीके से बर्खास्त किये गये प्रो सुरेश कुमार रजक एवं द्वारपाल गौतम कुमार महतो की सेवा बहाली के लिए नियुक्ति पत्र सौंपकर धरना समाप्त कराने का प्रयास किया। हालांकि मामला उस समय उलझ गया जब नियुक्ति पत्र में प्रो सुरेश रजक की अस्थायी बहाली का उल्लेख किया गया। इस पर धरनार्थियों ने कड़ा विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि प्रो रजक को झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) से लगातार तीन वर्षों तक अनुदान मिल चुका है, ऐसे में अस्थायी नियुक्ति स्वीकार्य नहीं है। धरनास्थल पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों और बुद्धिजीवियों की भारी उपस्थिति के बीच सीओ और धरनार्थियों के बीच घंटों तीखी बहस चली। अंततः प्रो सुरेश रजक ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब तक स्थायी नियुक्ति पत्र एवं सभी मांगों पर ठोस कार्रवाई का लिखित आश्वासन नहीं दिया जाता, तब तक धरना जारी रहेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि जरूरत पड़ी तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जायेगा। प्रो रजक ने कॉलेज प्रबंधन विशेषकर सचिव दीपनारायण शर्मा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जातीय पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर, सचिव उन्हें प्रताड़ित कर रहे हैं, प्रशासन भ्रष्टाचार, फर्जीवाड़ा और जालसाजी वे हमेशा से में लिप्त है। उन्होंने दीपनारायण शर्मा पर पूर्व से ही ऐसे कृत्यों में संलिप्त रहने का आरोप लगाया और कहा कि अब वे किसी भी तरह के झांसे में नहीं आने वाले हैं। साथ ही उन्होंने शासी निकाय को भी कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि उसकी बैठकें केवल सफेद हाथी के दांत साबित हुई हैं। फिलहाल पूरे मामले में अब तक कोई सार्थक समाधान नहीं निकल पाया है और धरना लगातार दसवें दिन भी जारी है। वहीं, धरनार्थियों ने उग्र आंदोलन की तैयारी का भी संकेत दिया है। धरनास्थल पर सांसद प्रतिनिधि गिरिधारी महतो, सांसद प्रतिनिधि नरेश महतो, मुखिया सूर्यकांत महतो, प्रदीप महतो, अधिवक्ता निर्मल रवानी, अब्दुल समद अंसारी, भोला प्रामाणिक, मनोज महतो, परमेद्र सिंह, मेहंदी हसन, प्रो भरत महतो, प्रो आदित्य रवानी सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।



# भौंरा के काली मेला डूंगरी बस्ती में बेखौफ कोयला तस्करी, प्रशासन मौन



## जनता मजदूर संघ ने दी आंदोलन की चेतावनी

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया/ जोरापोखर।** भौंरा थाना क्षेत्र अंतर्गत डूंगरी बस्ती स्थित कालीमेला इलाके में अवैध कोयला चोरी और तस्करी का मामला सामने आया है। इसे लेकर जनता मजदूर संघ के क्षेत्रीय सचिव सन्नी सिंह ने प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यदि अवैध कोयला चोरी पर तत्काल रोक नहीं लगायी गयी तो संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा। सन्नी सिंह ने बताया कि इस संबंध में प्रबंधन से वार्ता की गयी है जहां से उचित कार्रवाई का आश्वासन मिला है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध कोयला चोरी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। जो लोग पहले से कोयला तस्करी में संलिप्त हैं उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं विवेक सिंह उर्फ सोनू सिंह ने आरोप लगाया कि काली मेला डूंगरी बस्ती क्षेत्र में बाइक और साइकिल के माध्यम से कोयला इकट्ठा कर स्टॉक किया जाता है और प्रतिदिन दो से तीन बड़ी गाड़ियों (16 चक्का तक) से अवैध रूप से कोयला की तस्करी की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में पूर्व में भी आवेदन दिया गया था लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

उन्होंने बताया कि अब प्रशासन को लिखित शिकायत दी गयी है जिसकी एक प्रति भौंरा थाना में भी जमा करायी गयी है। सोनू सिंह ने यह भी कहा कि ईडी की छापेमारी के बाद बड़े पैमाने पर कोयला तस्करी पर जरूर अंकुश लगा है लेकिन भौंरा थाना क्षेत्र के काली मेला इलाके में अब भी धड़ल्ले से अवैध कोयला कारोबार जारी है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब अन्य क्षेत्रों में कार्रवाई हो सकती है तो यहां क्यों नहीं। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जायेगा।

# झारखंड विधानसभा अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति का बोकारो दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** झारखंड विधानसभा की अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति ने बुधवार को बोकारो जिले का दौरा किया। इस क्रम में समिति द्वारा बोकारो परिसदन भवन में जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ एक विस्तृत समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सुरेश पासवान ने की। मौके पर विधायक टुंडी मथुरा महतो भी उपस्थित थे। बैठक में समिति के अध्यक्ष ने सभी विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अनागत प्रश्नों को गंभीरता एवं सावधानीपूर्वक अध्ययन करें तथा समिति को लिखित रूप में सटीक, तथ्यपरक एवं अद्यतन उत्तर उपलब्ध कराये। बैठक के दौरान विभागवार अनागत प्रश्नों की समीक्षा की गयी तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। समिति द्वारा स्वास्थ्य, सड़क निर्माण, जल संसाधन, विद्युत, पंचायती राज, पर्यटन, भूमि संरक्षण, विशेष प्रमंडल, शिक्षा,खान एवं भूतत्व विभाग, गृह कारा, वन विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जिला समाज कल्याण विभाग सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की गयी। सभी संबंधित विभागों से कार्य प्रगति प्रतिवेदन लेते हुए योजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गयी। समिति के अध्यक्ष ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाये, ताकि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। साथ ही योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, तत्परता एवं जवाबदेही बनाए रखने पर विशेष बल दिया गया, ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं रहे। मौके पर डीपीएलआर मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, डीएसओ शालिनी खालखो, डीटीओ मारूति मिंज, मुख्यालय डीएसपी अनिमेष गुप्ता, डीपीआरओ रवि कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पीयूष, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता, डीपीओ राज शर्मा, डीइओ जगरनाथ लोहरा, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह,नोडल पदाधिकारी मनरेगा पंकज कुमार आदि उपस्थित थे।

# बीएसएल में हॉट मेटल टॉरपीडो लैडल कार का सफल जीर्णोद्धार

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट ने आंतरिक संसाधनों एवं सुदृढ़ तकनीकी दक्षता के बल पर हॉट मेटल टॉरपीडो लैडल कार 02 (टीएलसी-02) का सफलतापूर्वक जीर्णोद्धार कर उसे पुनः परिचालन में लाकर एक महत्वपूर्ण तकनीकी एवं परिचालन उपलब्धि हासिल की है। यह उपलब्धि संयंत्र की आत्मनिर्भरता, नवाचार क्षमता तथा प्रभावी अंतर-विभागीय समन्वय का सशक्त उदाहरण है। ब्लास्ट फर्नेस विभाग में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान जीर्णोद्धारित हॉट मेटल टॉरपीडो लैडल कार को अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन एवं अधिशासी निदेशक (ऑपरेशन्स) अनूप कुमार दत्त द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर पुनः परिचालन हेतु फ्लैग-ऑफ किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस) शौविक रॉय, मुख्य महाप्रबंधक (रिफ्रैक्टरी) नागराजन श्रीकांत, मुख्य महाप्रबंधक (यांत्रिकी) प्रकाश कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी एवं संविदा कर्मी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि टॉरपीडो लैडल कार संख्या-02, जुलाई 2021 में हॉट मेटल पंक्चर की घटना के पश्चात परिचालन से बाहर हो गयी थी। हॉट मेटल पंक्चर एवं लंबे समय तक निष्क्रिय रहने के कारण इसके बाहरी खोल तथा रिफ्रैक्टरी लाइनिंग क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। ऐसी स्थिति में इस महत्वपूर्ण परिसंपत्ति का जीर्णोद्धार एक बड़ी तकनीकी चुनौती बन गया था। इस चुनौतीपूर्ण कार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण करने हेतु अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन एवं अधिशासी निदेशक (ऑपरेशन्स) अनूप कुमार दत्त के नेतृत्व में एक विस्तृत एवं सुव्यवस्थित पुनरुद्धार योजना तैयार की गयी। यह उपलब्धि सेल के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि यह पहली बार है जब किसी पंक्चर हो चुकी हॉट मेटल टॉरपीडो लैडल कार का जीर्णोद्धार कर पुनः परिचालन सफलतापूर्वक किया गया है।

# पानी टैंकर की चपेट में आकर युवक घायल

**झरिया (आजाद सिपाही)।** बस्ताकोला क्षेत्र के दोबारी रजवार बस्ती के समीप बुधवार को पानी टेंकर के चपेट मे आकर बाइक सवार सहाना पहाड़ी बस्ती निवासी सुरेश चौहान उर्फ लाला (44) गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अपने बाइक से घर आ रहा था। घटना की सूचना पाकर स्थानीय लोगों ने जमकर आक्रोश व्यक्त किया। घटना के बाद पानी टैंकर को चालक लेकर भागने में सफल रहा है। वही सुरेश चौहान का दाहिना पाव बुरी तरह कुचल कर लटक गया। लोगों का कहना था कि उक्त टैंकर जल छिड़काव का काम कर रहा था तभी बगल से बाइक लेकर गुजर रहे सुरेश को अपने चपेट में ले लिया। पटना में उसकी बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घायल सुरेश ने हिम्मत दिखाते हुए फोन कर अपने भाई सूरज बेलदार को घटना का सूचना दिया। घटना की सूचना मिलते ही सूरज बेलदार व परिचित आनन फानन मे घटनास्थल पर पहुंचे। घटना की सूचना मिलते ही झरिया थाना व घनुडीह ओपी प्रभारी पंकज कुमार घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने घायल को एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती किया, जहां पर इलाज चल रहा है।

## बेरमो बीडीओ ने विद्यालयों का किया निरीक्षण

**बेरमो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी बेरमो मुकेश कुमार के द्वारा राजकीयकृत मध्य विद्यालय गांधीनगर, अपग्रेडेड राजकीयकृत उच्च विद्यालय कुरपनिया, राजकीयकृत मध्य विद्यालय करगली (कन्या), अपग्रेडेड मध्य विद्यालय कदमाडीह का निरीक्षण किया गया। जहां पर बच्चों का पठन-पाठन, मध्यान भोजन, पुस्तकालय भवन का उपयोग, साफ-सफाई आदि को देखा गया तथा मध्यान्न भोजन की जानकारी ली गयी। वहां बच्चों एवं शिक्षकों की उपस्थिति का अवलोकन किया गया। राजकीयकृत मध्य विद्यालय गांधीनगर, अपग्रेडेड राजकीयकृत में कक्षा 08 के बच्चों को विज्ञान में पर्यावरण विषय का अध्यापन बीडीओ मुकेश कुमार के द्वारा कराया गया।

# बीएसएल में सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए मानव श्रृंखला और सेफ्टी अवॉर्ड कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र में चल रहे सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत कर्मचारियों एवं संविदा कर्मियों में सुरक्षा के प्रति सजगता, उत्तरदायित्व तथा सुरक्षित कार्य संस्कृति को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से निरंतर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में, आरएमपी विभाग द्वारा संयंत्र परिसर स्थित प्लांट प्लाजा रोड पर सड़क सुरक्षा संस्कृति को मजबूत करने हेतु एक मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कर्मियों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति संवेदनशील बनाना तथा कार्यस्थल पर शून्य दुर्घटना की प्रतिबद्धता को और सशक्त करना था। इस अवसर पर प्रिय रंजन एवं अनूप कुमार दत्त उपस्थित रहे। उन्होंने मानव श्रृंखला की सराहना करते हुए सड़क सुरक्षा को जीवन का अभिन्न अंग बताया तथा सुरक्षित, सतर्क एवं जिम्मेदार वाहन संचालन के महत्व पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम में बीके सरतापे, नागराजन श्रीकांत तथा मुकेश कुमार सिंह सहित विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में संविदा श्रमिक उपस्थित रहे। मानव श्रृंखला के दौरान प्रतिभागियों ने सड़क सुरक्षा संदेशों से युक्त तख्तियों के माध्यम से हेलमेट के अनिवार्य उपयोग, सीट बेल्ट पहनने तथा निर्धारित गति सीमा के पालन जैसे महत्वपूर्ण संदेश दिए। इस दौरान दोपहिया एवं चारपहिया वाहन चालकों को सुरक्षा मानकों के अनुपालन हेतु प्रेरित करते हुए सुरक्षित वाहन संचालन के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। एक अन्य कार्यक्रम में, बीएसएल के परियोजना डिवीजन द्वारा परियोजना डिवीजन के कॉन्फ्रेंस हॉल में एक सेफ्टी अवॉर्ड कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अनीश सेनगुप्ता द्वारा किया गया. इस अवसर पर परियोजना डिवीजन के मुख्य महाप्रबंधक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी, परियोजना-सुरक्षा विभाग के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रजत जयंती महोत्सव पर झरिया में निकाली गयी निसान शोभा यात्रा

## श्याम तेरे भजनों में मस्ती का खजाना है...... भजन पर झूमे भक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** झरिया लाल बाजार स्थित श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम बाल मंडल की ओर से आयोजित तीन दिवसीय रजत जयंती महोत्सव पर श्री राम मंदिर, जोड़ाफाटक से निसान शोभायात्रा निकाली गयी। जिसमें 401 श्याम भक्तों ने हाथों में निशान लेकर जयकारे लगाए और भजन-कीर्तन करते हुए नगर भ्रमण कर मंदिर में निसान अर्पण किया। जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बन गया। इस दौरान 'यह निसान है खाटू वाले का इसको हाथों में उठा लेना, तेरा काम नहीं है रुकने वाला..., खाटू को श्याम रंगीला रे, खाटू को श्याम रंगीलो, यह किसने किया शृंगार सांवरे, श्याम तेरे भजनों में मस्ती का खजाना है, यह मस्ती उसे मिलती जो तेरा दीवाना है..' आदि भजनों से झरिया शहर का माहौल गूंज उठा। एक वाहन पर बाबा का भव्य दरबार सजा था। नगर भ्रमण के दौरान प्रसाद वितरण भी किया गया। समिति के अध्यक्ष प्रवीण भिवानीवाला ने बताया कि 18 को 25वां श्री श्याम अखंड ज्योत पाठ होगा। उसमें प्रसिद्ध कथा वाचक अनिल जानी (मेरठ) द्वारा सस्वर पाठ किया जायेगा। उसके साथ ही नृत्य-नाटिका के माध्यम से श्याम लीला के विभिन्न प्रसंगों का मंचन किया जायेगा। इस अवसर पर बाबा को विविध प्रकार के भोग लगाये जायेंगे। तीसरे दिन 19 दिसंबर को 16वां सुंदरकांड पाठ का वाचन जयपुर (राजस्थान) से पधार रहे महेंद्र स्वामी करेंगे। शाम को होने वाले भजन-कीर्तन में मेरठ के विख्यात भजन गायक आयुष कंसल और हिसार के प्रसिद्ध गायक अभिनव ऐरन का प्रोग्राम होगा। इसको लेकर मंदिर परिसर को आकर्षक और भव्य रूप से सजाया गया है। कार्यक्रम को यादगार बनाने में प्रवीण भिवानीवाला, अभिषेक अग्रवाल, विवेक सिंगल, संदीप कथूरिय, मनोज अग्रवाल, समीर अग्रवाल, मोनु अग्रवाल, यशवंत अग्रवाल, दिलीप खरकिया, नीरज बगड़िया, विनय अग्रवाल, मनीष मित्तलसहित श्याम बाल मंडल के सदस्य उपस्थित रहे।

ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार

ई– प्रोक्योरमेन्ट नोटिस (2nd Call)
ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–10/2025-26/EE/BCD/LATEHAR दिनांक– 17.12.2025

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखंड चंदवा अन्तर्गत बोदा में स्वास्थ्य उप केन्द्र का निर्माण। | 55,50,000.00 | 06 (Six) Months |
| 3 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखंड चंदवा अन्तर्गत अलोदिया में स्वास्थ्य उप केन्द्र का निर्माण। | 55,50,000.00 | 06 (Six) Months |

1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 24/12/2025 को 11:00 बजे
2. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :– 06/01/2026 को 11:00 बजे
3. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पत्ता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।
4. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान :– 07/01/2026 को 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची।
5. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :–9431501121
6. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :–8434414939
7. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
8. सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।

- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।

PR 368864 (Building)25-26*D

JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED
(CIN No. U40108JH2013SGC001702) ELECTRIC SUPPLY AREA, RANCHI
Regd. Office : KUSAI COLONY, DORANDA, RANCHI Telephone :- 0651-2490550/2490670
Email Id : gm_rncjseb@yahoo.in https:/www.jbvnl.co.in/ Phone/FAX : 0651-2490550/2490670 &

**e- Tender Notice**

e-tenders are invited from the reputed, experienced, technically and financially sound firms/ agencies for Repair of 25KVA, 63KVA, 100KVA and 200KVA (Aluminum wound CRGO Core), 500 KVA (Copper wound CRGO Core) distribution transformers at TRW workshop, Ranchi , Khunti, Itki, Gumla , Lohardaga and Simdega under O&M head for 02 (Two) Years.

| Sl. No. | NIT No. | Scope of Work | Volume of Work | | | | Estimated Cost | Cost of BOQ including GST (Non Refundable) | Earnest Money (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | 4 | | | | 5 | 6 | 7 |
| | | | Capacity wise DTR | Total Quantity for Ranchi Circle | Total Quantity for Gumla Circle | Total Quantity for ESA, Ranchi | | | |
| 1 | 290/PR/JBVNL/2025-26 | Repair of 25KVA, 63KVA, 100KVA and 200KVA (Aluminum wound CRGO Core), 500 KVA (Copper wound CRGO Core) Distribution Transformers at TRW Ranchi , Khunti, and Itki under Electric Supply Circle, Ranchi and Repair of 25KVA, 63KVA, 100KVA and 200KVA (Aluminum wound CRGO Core) Distribution Transformers at TRW Gumla , Lohardaga and Simdega under Electric Supply Circle, Gumla | 25 KVA | 2548 | 1556 | 4104 | 35,550,637.00 | 11800.00 | 7,11,100.00 |
| | | | 63 KVA | 937 | 372 | 1309 | | | |
| | | | 100 KVA | 1939 | 551 | 2490 | | | |
| | | | 200 KVA | 734 | 153 | 887 | | | |
| | | | 500 KVA | 6 | - | 6 | | | |

All online tenders should be submitted online on www.jharkhandtenders.gov.in

**IMPORTANT SCHEDULE OF DATES**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | Availability of tender document on website | :- | From:- 23.12.2025 to 12.01.2026 upto 14.00 Hrs. |
| 2 | Last date and time for submitting e-tender | :- | 12.01.2026 upto 14.00 Hrs. |
| 3 | Last date and time of receipt of bid documents (Online) | :- | 12.01.2026 upto 14:00 Hrs. |
| 4 | Date and time of opening of tender (Techno-Commercial Cover) i.e Cover-I | :- | 13.01.2026 at 15.00 Hrs. |

1. Guidelines for online submission of bids can be downloaded from the website http://jharkhandtenders.gov.in
2. Interested bidders can download the bid from the website http://jharkhandtenders.gov.in.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतोंको टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager-Cum-Chief Engineer
ESA, Ranchi

PR 368861 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd)25-26*D

## न्यूज रील्स

### पीओके हमारा था, है और रहेगा; 1994 में हो चुका तय : पूर्व सेनाध्यक्ष



नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। बुधवार को देश के पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि पीओके हमारा था, है और रहेगा। संसदीय दस्तावेज के हवाले से उन्होंने बताया कि पीओके पर फैसला 1994 में ही हो चुका है। पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने कहा कि फरवरी 1994 का संसदीय प्रस्ताव कहता है कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है, जिस पर पाकिस्तान का अवैध कब्जा है और भारत का यह प्रण है कि वह हरसंभव तरीके से उसे वापस लाने के प्रयास करेगा। इसे सुनकर किसी को भी इस बात पर संदेह नहीं होना चाहिए कि पीओके भारत का हिस्सा है।

# वैश्विक व्यापार में टैरिफ का हथियार की तरह हो रहा इस्तेमाल : वित्त मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को वैश्विक व्यापार की बदलती और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज के दौर में शुल्कों और अन्य उपायों के जरिए वैश्विक व्यापार को तेजी से 'हथियार' बनाया जा रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस माहौल में भारत को बहुत सावधानी से अपना रास्ता तय करना होगा, और देश की समग्र आर्थिक मजबूती उसे एक अतिरिक्त लाभ प्रदान करेगी। वित्त मंत्री ने कहा कि अब यह पूरी तरह साफ हो चुका है कि वैश्विक व्यापार 'मुक्त और निष्पक्ष' नहीं रह गया है।

**सावधानी से आगे बढ़ने की जरूरत :** सीतारमण ने कहा, 'टैरिफ और दूसरे कई उपायों से व्यापार का हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है। भारत को ऐसी स्थिति में सावधानीपूर्वक अपना रास्ता बनाना होगा। सिर्फ टैरिफ का ध्यान रखना ही काफी नहीं है, मुझे लगता है कि कुल मिलाकर हमारी अर्थव्यवस्था की ताकत ही हमें वह अतिरिक्त लाभ देने वाली है।'

**बिना आलोचना के थोपे जा रहे नये प्रतिबंध :** वित्त मंत्री ने वैश्विक दोहरे मापदंडों पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि आज व्यापार का यह हथियारीकरण बिना किसी आलोचना के हो रहा है। उन्होंने कहा, 'कुछ देश कहते हैं कि टैरिफ अच्छे नहीं हैं और किसी को भी ये उपाय नहीं करने चाहिए, लेकिन अचानक हमारे सामने नए लोग आ रहे हैं जो कह रहे हैं कि हम टैरिफ बाधाएं लगाएंगे और उन पर कोई सवाल भी नहीं उठा रहा। ऐसा लगता है कि यही अब 'न्यू नॉर्मल' बन गया है।'

**अमेरिका और मेक्सिको के फैसलों का असर :** वित्त मंत्री की ये टिप्पणियां ऐसे समय में आई हैं जब अमेरिका की ओर से लगाए गये भारी टैरिफ के कारण वैश्विक व्यापार बाधित हो रहा है। हाल ही में मेक्सिको ने भी उन देशों से आने वाले आयात पर उच्च शुल्क लगाने की घोषणा की है जिनके साथ उसका मुक्त व्यापार समझौता नहीं है। इन वैश्विक गतिविधियों ने भारत जैसे देशों के लिए अपनी व्यापारिक रणनीतियों पर पुनर्विचार करना जरूरी बना दिया है।

### 'टैरिफ किंग' के ठप्पे पर करारा जवाब

भारत पर अक्सर लगाये जाने वाले आरोपों का जवाब देते हुए वित्त मंत्री ने कहा, 'भारत को यह कहकर लेक्चर दिया जा सकता है कि आप बहुत अंतमुर्खी हैं, आप 'टैरिफ किंग' हैं, वगैरह। लेकिन हकीकत यह है कि आज टैरिफ को ही हथियार बना दिया गया है।' उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत का इरादा कभी भी शुल्कों को हथियार बनाने का नहीं रहा। भारत ने केवल अपने घरेलू उद्योगों को उस 'बाढ़' से बचाने के लिए कदम उठाए हैं जो किसी 'शिकारी' द्वारा की जाती है। उनका इशारा उन देशों की ओर था जो अनुचित व्यापार व्यवहार के जरिए भारतीय बाजारों में अपना सामान डंप करते हैं।

## दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण संकट पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा

# 'बंद कीजिए नौ टोल प्लाजा'



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के गहराते संकट पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सुनवाई की। दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के गंभीर स्तर को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एनएचएआई और एमसीडी को दिल्ली की सीमाओं पर बने नौ टोल प्लाजा को अस्थायी रूप से बंद करने या स्थानांतरित करने पर विचार करने को कहा। पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि केवल प्रोटोकॉल तैयार करने के बजाय मौजूदा उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने की जरूरत है, क्योंकि प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया जाता है। सीजेआई ने टिप्पणी करते हुए कहा, 'आइए इस खतरे के व्यावहारिक और कारगर समाधानों के बारे में सोचें।'

### स्कूल की छुट्टियां जारी रहेंगी : सुप्रीम कोर्ट

इस दौरान दिल्ली में स्कूलों को बंद किए जाने का मुद्दा उठा। वकील मेनका गुरुस्वामी ने दलील देते हुए कहा कि हर बार जब स्कूल बंद किए जाते हैं तो गरीब बच्चों को सबसे ज्यादा नुकसान होता है, क्योंकि वे मिड-डे मील जैसी सुविधाओं से वंचित हो जाते हैं. इस पर भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि हमें इस मामले को विशेषज्ञों पर छोड़ देना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि स्कूलों की छुट्टियां जारी रहेंगी। उन्होंने कहा कि हम दुआ करते हैं कि छुट्टियां खत्म होने से पहले प्रदूषण कम हो जाए। सुनवाई के दौरान एक वकील ने दलील देने की कोशिश की। जिस पर सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि हमारी समस्या है कि ऐसे मामलों में हमें विशेषज्ञों की सलाह कम मिलती है और उनकी जगह वकील ही विशेषज्ञ बन जाते हैं।

### निर्माण मजदूरों के पैसे अन्य लोगों के खातों में न जायें : सुप्रीम कोर्ट

दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण संकट पर सुनवाई के दौरान मजदूरों के संगठन की ओर से पेश वकील ने भत्ते के भुगतान न होने का मुद्दा उठाया। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को प्रतिबंधों के कारण बेकार बैठे निर्माण श्रमिकों की जांच करने और उनके खातों में पैसे भेजने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार से प्रतिबंधों के कारण बेकार बैठे निर्माण श्रमिकों को वैकल्पिक काम उपलब्ध कराने पर विचार करने को कहा। दिल्ली सरकार ने दलील दी कि 2.5 लाख निर्माण श्रमिकों में से 7,000 का सत्यापन हो चुका है और उनके खातों में धनराशि हस्तांतरित कर दी जायेगी। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि श्रमिकों के खातों में स्थानांतरित किया गया पैसा गायब नहीं होना चाहिए, न किसी अन्य खाते में चला जाना चाहिए। सुनवाई के दौरान दिल्ली के कई टोल प्लाजा पर लगने वाले जाम के चलते होने वाले प्रदूषण का भी मुद्दा उठा। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अधिकारियों की ओर से क्यों नहीं कहा जाता है कि जनवरी तक कोई टोल प्लाजा नहीं रहेंगे। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि कल को दिल्ली सरकार कनॉट प्लेस में टोल प्लाजा बना देगी, क्योंकि उसे पैसे चाहिए।

# कबड्डी प्रमोटर राणा बलाचौरिया हत्या में शामिल शूटर ढेर, दो पुलिस जवानों को भी लगी गोली

आजाद सिपाही संवाददाता

**मोहाली (पंजाब)।** पंजाब के मोहाली में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई है। मोहाली के लालडू में लहली के पास पुलिस एनकाउंटर हुआ है। दो दिन पहले मोहाली के सोहाना क्षेत्र के सेक्टर-82 स्थित मैदान में सोमवार शाम मशहूर कबड्डी प्रमोटर और खिलाड़ी कुंवर दिग्विजय सिंह उर्फ राणा बलाचौरिया की गोलियां मारकर हत्या कर दी गयी। इसी मामले में पुलिस लगातार हमलावरों की तलाश में जुटी थी।

बताया जा रहा है कि एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) मोहाली ने लालडू में लहली के पास एनकाउंटर के दौरान एक बदमाश को ढेर कर दिया है। बदमाश राणा बलाचौरिया की हत्या में शामिल था। वहीं इस मुठभेड़ में दो पुलिस मुलाजिमों को भी गोली लगी है। पुलिस घटनास्थल पर जांच कर रही है। शूटर की पहचान हरपिंदर सिंह सिंह के तौर पर हुई है। बताया जा रहा है कि आरोपी हरपिंदर सिंह की राणा बलाचौरिया की हत्या मामले में मुख्य भूमिका थी।

बता दें कि सोहाना क्षेत्र के सेक्टर-82 स्थित मैदान में सोमवार शाम मशहूर कबड्डी प्रमोटर और खिलाड़ी कुंवर दिग्विजय सिंह उर्फ राणा बलाचौरिया की गोलियां मारकर हत्या कर दी गयी। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि राणा बलाचौरिया की हत्या गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया का करीबी होने के चलते की गयी। पुलिस के अनुसार राणा और जग्गू भगवानपुरिया के बीच कबड्डी टूर्नामेंटों को लेकर टाईअप था, इसे लेकर विरोधी गैंगों से रंजिश चल रही थी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) हरमनदीप सिंह हंस ने बताया कि राणा बलाचौरिया की हत्या पूरी तरह सुनियोजित थी। बाइक पर सवार होकर आये दो शूटरों ने सेल्फी लेने के बहाने राणा के पास पहुंचकर 30 बोर पिस्टल से उनके सिर में गोली मारी। हमलावर वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से भाग गये।



### अमृतसर में एनकाउंटर, राणा की हत्या मामले में शामिल आरोपी गिरफ्तार

वहीं, राणा बलाचौरिया की हत्या मामले में अमृतसर पुलिस ने भी बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने हत्या मामले में शामिल आरोपी करण को गिरफ्तार किया है। इसके आलवा पुलिस ने निर्मलजीत और मंदीप को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों को एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार किया है। इनमें से एक को पुलिस की गोली लगी है। उसे अस्पताल में भर्ती किया गया है।

# एक्स्ट्रा लगेज पर देना होगा अधिक भुगतान : रेल मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को संसद को बताया कि ट्रेन से यात्रा करते समय यात्रियों को निर्धारित सीमा से अधिक सामान ले जाने पर शुल्क देना होगा। वैष्णव ने तेलुगु देशम पार्टी सांसद वेमिरेड्डी प्रभाकर रेड्डी द्वारा पूछे गये प्रश्नों के लिखित उत्तर में यह बात कही। दरअसल, रेड्डी ने जानना चाहा था कि क्या रेलवे, हवाई अड्डों पर अपनाई गयी व्यवस्था के अनुरूप ट्रेन यात्रियों के लिए सामान संबंधी नियम लागू करेगा। वैष्णव ने कहा, 'वर्तमान में, यात्रियों द्वारा डिब्बों के अंदर अपने साथ सामान ले जाने की श्रेणीवार अधिकतम सीमा निर्धारित की गयी है।' रेल मंत्री द्वारा लिखित उत्तर में साझा की गयी जानकारी के अनुसार, द्वितीय श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्री को 35 किलोग्राम वजन तक सामान निःशुल्क ले जाने की अनुमति है और शुल्क देकर 70 किलोग्राम तक सामान ले जाया जा सकता है। वहीं, स्लीपर श्रेणी के यात्रियों के लिए 40 किग्रा सामान निशुल्क ले जाने की अनुमति है और अधिकतम सीमा 80 किग्रा है। मंत्री द्वारा सदन को उपलब्ध कराई गयी जानकारी के अनुसार, 'एसी थ्री टियर' या 'चेयर कार' में यात्रा करने वाले यात्रियों को 40 किग्रा तक निशुल्क सामान ले जाने की अनुमति है।

## बांग्लादेश में अशांति के चलते भारत का बड़ा फैसला

# ढाका में बंद किया गया वीजा आवेदन केंद्र



- आइवीएसी ने कहा कि सुरक्षा हालात को ध्यान में रखते हुए बुधवार को दोपहर 2 बजे के बाद केंद्र बंद कर दिया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में मौजूदा सुरक्षा स्थिति को देखते हुए भारत ने बुधवार को अपना भारतीय वीजा आवेदन केंद्र (आईवीएसी) अस्थायी रूप से बंद कर दिया। यह केंद्र ढाका के जमुना फ्यूचर पार्क में स्थित है और राजधानी में सभी भारतीय वीजा सेवाओं का मुख्य, एकीकृत केंद्र माना जाता है।

**बुधवार को दोपहर 2 बजे के बाद बंद किया गया केंद्र :** आईवीएसी ने एक बयान में कहा कि सुरक्षा हालात को ध्यान में रखते हुए बुधवार को दोपहर 2 बजे के बाद केंद्र बंद कर दिया गया। केंद्र ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन लोगों की आज आवेदन जमा करने की अपॉइंटमेंट थी, उनकी तारीख आगे के लिए पुनर्निर्धारित की जायेगी।

**विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश के उच्चायुक्त को किया था तलब :** इससे पहले नयी दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश के उच्चायुक्त रियाज हामिदुल्लाह को तलब किया। मंत्रालय ने ढाका में भारतीय मिशन के आसपास कुछ कट्टरपंथी तत्वों द्वारा सुरक्षा माहौल बिगाड़ने की कथित योजनाओं पर गंभीर चिंता जतायी।


### अंतरिम सरकार करे भारतीय मिशनों और कार्यालयों की सुरक्षा : विदेश मंत्रालय

विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत को उम्मीद है कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार अपने राजनयिक दायित्वों के तहत वहां स्थित भारतीय मिशनों और कार्यालयों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। साथ ही, बांग्लादेश में बिगड़ते सुरक्षा माहौल को लेकर भारत की कड़ी चिंता से भी दूत को अवगत कराया गया। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब क्षेत्रीय सुरक्षा और राजनयिक संस्थानों की सुरक्षा को लेकर संवेदनशीलता बढ़ गई है। भारत ने स्पष्ट संकेत दिया है कि अपने नागरिकों और मिशनों की सुरक्षा उसके लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के चौथे सीजन की मिली झलक

### पहले एपिसोड में देसी गर्ल संग खूब जमा हंसी का रंग

एजेंसी



**मुंबई।** 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के पहले एपिसोड में बतौर गेस्ट देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा नजर आयेंगी। साझा किये गये वीडियो में काफी मस्ती करती दिखीं। कपिल और बाकी कॉमेडियन की कॉमेडी देखकर हंस-हंसकर लोटपोट हो गईं। जानिए, कैसा होने वाला 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का पहला एपिसोड।

**कपिल शर्मा ने किया प्रियंका जोरदार स्वागत :** शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का नया सीजन 20 दिसंबर से नेटफ्लिक्स पर शुरू हो रहा है। इससे पहले मेकर्स ने कपिल के शो के पहले एपिसोड से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। पहले एपिसोड में प्रियंका चोपड़ा गेस्ट हैं। उनका जोरदार स्वागत किया गया है। वीडियो में कपिल, मस्ती-मजाक में प्रियंका चोपड़ा से फ्लर्ट करते नजर आते हैं।

**सुनील ग्रोवर से लेकर कृष्णा अभिषेक ने प्रियंका को खूब हंसाया :** शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के इस वीडियो में आगे सुनील ग्रोवर, कृष्णा अभिषेक, कीकू शारदा अपनी कॉमेडी से प्रियंका ही नहीं ऑडियंस को भी हंसा-हंसाकर लोट-पोट कर देते हैं। प्रियंका चोपड़ा, सुनील ग्रोवर के साथ गाना भी गाती हैं। वीडियो देखकर लगता है कि कपिल के शो का पहला एपिसोड काफी मजेदार होने वाला है।

### मेसी के वीडियो से गायब शाहरुख, राहुल, फडणवीस


अहमदाबाद। लियोनल मेसी ने अपने जीओएटी इंडिया टूर 2025 के खत्म होने पर सोशल मीडिया पर एक मिनट का वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में उनके भारत दौरे के खास पल दिखाए गये हैं, जैसे फैंस से मुलाकात, चारों शहरों की झलक और अलग-अलग जगहों के अनुभव। हालांकि वीडियो में कई राजनीतिक और बॉलीवुड सेलिब्रिटी नजर नहीं आये। इसमें शाहरुख खान, अजय देवगन, टाइगर श्रॉफ, राहुल गांधी, तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जैसे बड़े नाम शामिल नहीं हैं।













आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**